फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 14 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 117, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर 14
मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे में उर्फी जावेद 13

## मंत्री की कार के सामने आया गोवंश, सीवीओ पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम से कहा-सीडीओ और बीडीओ का स्पष्टीकरण तलब करें
- पशु चिकित्सालय का शिलान्यास को जा रहे थे पशुधन विकास मंत्री

**अमृत विचार** : पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप की कार के सामने अचानक गोवंश आ गया, हालांकि हादसा होने से बच गया। सड़क के दोनों ओर गोवंश के झुंड देख उन्होंने डीएम को तलब कर लिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निलंबित करने और सीडीओ, बीडीओ का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

दातागंज तहसील क्षेत्र के गांव नवीगंज में पशु चिकित्सालय का शिलान्यास करने बुधवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और आंवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप कार से जा रहे थे। दोपहर करीब पौने 12 बजे नवीगंज गांव के करीब उनकी कार के आगे एक गोवंश आ गया। सड़क के दोनों ओर दर्जनों गोवंश देखकर पशुधन मंत्री ने डीएम को फोन कर बुलाया। डीएम के पहुंचने पर मंत्री ने सीवीओ को निलंबित करने और सीडीओ तथा बीडीओ का स्पष्टीकरण तलब कर शासन को प्रेषित करने को कहा।

## 2019 से 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र
- खरीद तिथि, खरीदार के नाम और मूल्य का दिया है विवरण

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि में 22,217 बॉण्ड खरीदे गए। निर्वाचन आयोग अपनी वेबसाइट पर 15 मार्च को जानकारी साझा करेगा।

### न भुनाए गए बॉण्ड पीएम राष्ट्रीय राहत कोष को भेजे

बैंक की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर राजनीतिक दलों द्वारा जिन चुनावी बॉण्ड को भुनाया नहीं गया था, उन्हें दो जनवरी 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस महीने की 11 तारीख को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण मुहैया कराने का आदेश दिया था।

### आयोग समय पर साझा करेगा विवरण : सीईसी

**जम्मू-कश्मीर।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि निर्वाचन आयोग समय आने पर चुनावी बॉण्ड से संबंधित विवरण साझा करेगा। कहा कि आयोग संपूर्ण पारदर्शिता में विश्वास रखता है। जम्मू-कश्मीर के दौरे की समाप्ति पर संवाददाओं ने कुमार से पूछा था कि क्या आयोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करेगा? कुमार ने कहा कि एसबीआई को 12 मार्च को विवरण दे दिया है। मैं विवरण को देखूंगा और समय आने पर इसका खुलासा किया जाएगा।

## स्मॉलकैप इंडेक्स में बड़ी गिरावट | निवेशकों के डूब गए 13.47 लाख करोड़

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

- सेंसेक्स ने लगाया 906 अंक का गोता, निफ्टी 338 अंक टूटा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

निवेशकों के 13.47 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,47,822.84 करोड़ रुपये घटकर 3,72,16,602.67 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ।

रमज़ान मुबारक
(पीलीभीत)
तीसरा रोज़ा इफ्तार 14 मार्च 2024 — सुन्नी - 06:22 बजे, शिया - 06:31 बजे
चौथा रोज़ा सहरी 15 मार्च 2024 — सुन्नी - 05:00 बजे, शिया - 04:50 बजे
(लखीमपुर)
तीसरा रोज़ा इफ्तार 14 मार्च 2024 — सुन्नी - 06:17 बजे, शिया - 06:27 बजे
चौथा रोज़ा सहरी 15 मार्च 2024 — सुन्नी - 04:43 बजे, शिया - 04:47 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

## प्रदेश में अब आजीविका और आस्था का अद्भुत संगम : योगी

### बरेली में 328 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- सात साल में किसी से भेदभाव नहीं, बरेली की नई पहचान पुल और आईटी पार्क
- प्रधानमंत्री के प्रयासों से हुआ देश की पांच सौ साल पुरानी समस्या का समाधान

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली कॉलेज ग्राउंड पर कुतुबखाना फ्लाईओवर समेत 328.43 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि प्रदेश में पिछले सात साल में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ है। अब आस्था और आजीविका का अद्भुत संगम है। देश से आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हो चुका है। उन्होंने सवाल किया, क्या कांग्रेस और सपा ऐसा माहौल दे पाते। उनके शासन में तो राम का नाम लेते ही लाठी-गोली चल जाती थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अयोध्या में पांच सौ साल पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 10 बरसों में देश ने जो सफलता प्राप्त की है, उसका इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहीं कोई संकट होने पर दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देखती है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ने का मतलब है कि देश के हर नागरिक का सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुश्मन अब भारत की सीमा की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता। भारत के पास इतनी शक्ति है कि अगर कोई आंख दिखाने की कोशिश करे तो उसकी आंखों को उसके हाथों में रखकर वापस कर सकता है। भारत छेड़ता नहीं है मगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब नए तरीके से काम हो रहा है। देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बड़े काम किए जा रहे हैं। हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, एम्स और आईटी पार्क की स्थापना की जा रही है। सुरक्षा का माहौल बना है। उत्तर प्रदेश में 56 लाख गरीबों के मकान, तीन करोड़ शौचालय और 10 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। बरेली की भी नई पहचान आईटी पार्क और फ्लाईओवर से बन रही है।

## तीन दशक पुराने मामले में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

**लखनऊ/वाराणसी।** तीन दशक पुराने फर्जी शस्त्र लाइसेंस के मामले में दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अब तक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम-एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है।

## लोकसभा चुनाव : भाजपा की दूसरी सूची में गडकरी, गोयल और खट्टर समेत 72 प्रत्याशी

नई दिल्ली, ब्यूरो


अनुराग ठाकुर


नितिन गडकरी


पीयूष गोयल


मनोहर लाल खट्टर

- अनुराग ठाकुर हमीरपुर तो प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से लड़ेंगे

**अमृत विचार :** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं। गडकरी एक बार फिर नागपुर से चुनाव लड़ेंगे जबकि गोयल मुंबई (उत्तर) से पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतरेंगे। खट्टर को हरियाणा के करनाल से और बोम्मई को हावेरी से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) से, प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से, भगवंत खूबा महाराष्ट्र के बीदर और भारती प्रवीण पवार डिंडोरी से मैदान में होंगे। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ को बेंगलुरु ग्रामीण सीट से उम्मीदवार बनाया है। पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदौलिया को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा प्रवक्ता अनिल बलूनी को गढ़वाल, त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार से उम्मीदवार बनाया है।

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।

डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## पिता-चाचा ने की बेटी की हत्या, शव जलाया

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**ऑनर किलिंग**

- बेटी के प्रेम प्रसंग से आहत थे, हत्या के बाद लिखाई थी बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** साथी छात्र से प्रेम संबंधों का पता लगने से गुस्साए पिता व चाचा ने बेटी की हत्या कर दी। घर में पहले डीजल डालकर शव जलाया फिर दफना दिया। बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की एफआईआर दर्ज करा दी।



कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम कनगवां निवासी राजीव कुमार ने आठ मार्च को अपनी 17 वर्षीय पुत्री सीमा को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को बताया कि सात मार्च को उनकी बेटी का इंटरमीडिएट केमिस्ट्री का पेपर था। वहीं से कोई बेटी को फुसलाकर ले गया। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि छात्रा उस दिन पेपर देने ही नहीं गई थी। संदेह होने पर पुलिस ने छात्रा के पिता राजीव और चाचा संजय से सख्ती से पूछताछ की तो वे टूट गये। उन्होंने पुलिस को बताया कि साथी छात्र से प्रेम प्रसंग था, बेटी को बहुत समझाया। न मानने पर छह मार्च को गला दबाकर हत्या कर दी फिर शव को डीजल डालकर जला दिया। इसके बाद गांव के बाहर नहर किनारे ले जाकर दफना दिया था। इंस्पेक्टर अशोकपाल ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार करके शव बरामद कर लिया है।

## गरीब महिलाओं को कांग्रेस देगी सालाना 1 लाख रुपये

**धुले (महाराष्ट्र)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच नारी न्याय गारंटी दी जाएगी जिनमें गरीब महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये वार्षिक जमा किए जाने के साथ ही सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पांच नारी न्याय गारंटी की घोषणा की।

## आक्रामक कुत्तों की 23 नस्लों पर प्रतिबंध

### केंद्र सरकार ने राज्यों को बिक्री और प्रजनन पर रोक लगाने के दिए निर्देश



नई दिल्ली, एजेंसी

- पिटबुल, अमेरिकन बुलडॉग मास्टिफ्स जैसी ब्रीड शामिल

केंद्र सरकार ने राज्यों को पिटबुल, टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवीलर और मास्टिफ्स सहित 23 नस्लों के आक्रामक कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। सरकार ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है जब देश में पालतू कुत्तों के हमलों में लोगों की मौत की घटनाओं में वृद्धि हुई है। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी निर्देश के मुताबिक लोगों को पालतू जानवरों के रूप में 23 नस्लों के कुत्तों को रखने की मनाही होगी। केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने 12 मार्च को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में यह भी कहा कि कुत्तों की इन नस्लों, जिन्हें पहले से ही पालतू जानवर के रूप में रखा गया है, उनका आगे प्रजनन नहीं हो ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए। केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने अभ्यावेदन के मद्देनजर विभिन्न हितधारक संगठनों के सदस्यों और विशेषज्ञों के साथ पशुपालन आयुक्त की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस समिति ने मिश्रित और क्रॉस नस्लों सहित कुत्तों की 23 नस्लों को क्रूर और मानव जीवन के लिए खतरनाक माना है। समिति के मुताबिक पिटबुल टेरियर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टेफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोअरबोएल कांगल, मध्य एशियाई शेफर्ड डॉग और कोकेशियन शेफर्ड डॉग कुत्तों की उन नस्लों में से हैं जिन्हें केंद्र द्वारा प्रतिबंधित करने का सुझाव दिया गया है।

### विदेशी कुत्तों की इन नस्लों पर भी लागू होंगी पाबंदियां

इसके अलावा दक्षिण रूसी शेफर्ड डॉग, टॉर्नजैक, सरप्लानिनैक, जापानी टोसा और अकिता, मास्टिफ, टेरियर्स, रोडेशियन रिजबैक, वुल्फ डॉग, कैनारियो, अकबाश डॉग, मॉस्को गार्ड डॉग, केन कोर्सो और बैंडोग नस्ल के कुत्तों पर भी प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

होली के शुभ अवसर पर बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा उद्यमियों के ट्रान्सपोर्ट सुविधा हेतु योजना

BDA

बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली
की दिल्ली रोड से बदायूँ रोड एवं लखनऊ रोड को जोड़ने वाले
प्रस्तावित साउथ बड़ा बाईपास रोड पर

योगी आदित्यनाथ जी
मा॰ मुख्यमंत्री

ट्रॉन्सपोर्ट नगर योजना
के अन्तर्गत ट्रॉन्सपोर्ट भूखण्डों हेतु डिमाण्ड सर्वे

उक्त योजना के शुभारम्भ से पूर्व जनता से योजना में विकसित किये जाने वाले ट्रॉन्सपोर्ट भूखण्ड की माँग के सम्बन्ध में माँग (Demand) सर्वे किया जा रहा है। डिमाण्ड सर्वे में आवेदन करने वाले आवेदकों को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी।

पंजीकरण दिनांक 15 मार्च 2024 से 14 अप्रैल 2024 तक



योजना का प्रस्तावित मास्टर प्लान

ट्रॉन्सपोर्ट नगर योजना हेतु डिमांड सर्वे फार्म
(जमा करने की अवधि 15.03.2024 से 14.04.2024 तक)
- आवेदक का नाम..........
- पिता/पति का नाम..........
- पता..........
- जनपद..........
- मोबाईल नं0..........
- वांछित भूखण्ड का क्षेत्रफल (वांछित भूखण्ड साइज पर टिक करें)
  800 वर्गमी0 ( ) 200 वर्गमी0 ( )
  450 वर्गमी0 ( ) 15 वर्गमी0 ( )
- डिमांड सर्वे धनराशि रुपये 1000/- जमा करने का विवरण।
  यू0टी0आर सं0..........
  बैंक ड्राफ्ट सं0..........
  नकद जमा चालान सं0..........
  बैंक का नाम व शाखा..........
  दिनांक..........

घोषणा
डिमांड सर्वे से संबंधित नियम एवं शर्तें मेरे द्वारा पढ़/समझ ली गई हैं तथा उक्त नियम एवं शर्तें मुझे स्वीकार है।
आवेदक के हस्ताक्षर

योजना का प्रस्तावित क्षेत्रफल 20 हेक्टेयर
₹ 14900 प्रति वर्ग मीटर

- परसाखेड़ा इण्डस्ट्रियल एरिया के सन्निकट
- प्रस्तावित टेक्टसाईल पार्क के निकट
- झुमका तिराहे के समीप
- 30/24 मी0 चौड़ी सड़कें
- ट्रांसपोर्टर वाहनों के पार्किंग के लिए पर्याप्त सुविधा

उपलब्ध भूखण्ड
800 वर्ग मीटर
450 वर्ग मीटर
200 वर्ग मीटर
15 वर्ग मीटर

- प्रदूषण रहित सुरम्य वातावरण में प्रस्तावित
- प्रस्तावित दिल्ली रोड से बदायूँ रोड व शाहजहाँपुर रोड को जोड़ने वाले साउथ बड़ा बाईपास रोड पर स्थित
- गंगा एक्सप्रेस-वे 30 मिनट की दूरी पर
- चनहेटी रेलवे मालगोदाम से 20 मिनट की दूरी पर

इसको स्कैन करके आवेदन किया जा सकता है

डिमाण्ड सर्वे फार्म प्राधिकरण द्वारा अधिकृत एच.डी.एफ.सी. बैंक की जनपद बरेली की सिविल लाइन्स व ऑवला शाखा तथा जनपद बदायूँ की लाबेला चौक शाखा, कासगंज, एटा, उझानी, बुलन्दशहर की डी.एम. रोड शाखा, शाहजहाँपुर की टाउनहॉल शाखा एवं पीलीभीत की एच.डी.एफ.सी. बैंक की किसी भी शाखा से मुफ्त प्राप्त किये जा सकते हैं एवं प्राधिकरण की वेबसाईट पर भी ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है अथवा डिमाण्ड सर्वे के साथ संलग्न क्यू. आर. कोड को स्कैन कर आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ रु. 1000/- की डिमांड सर्वे धनराशि प्राधिकरण के खाते में जमा करानी होगी जो वापसी/समायोजन योग्य है। डिमाण्ड सर्वे की विस्तृत नियम व शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट या बैंक से फार्म प्राप्त कर देखी जा सकती है।

हैल्प लाईन नं॰- 95680-06429
वेबसाईट : www.bdainfo.org

योगेन्द्र कुमार, पी.सी.एस., सचिव
मनिकन्डन ए., आई.ए.एस., उपाध्यक्ष
सौम्या अग्रवाल, आई.ए.एस., आयुक्त बरेली मण्डल

## एक नजर

### बिना अनुमति नहीं ले सकेंगे अवकाश

पीलीभीत। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विकास भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी बिना अनुमति अवकाश नहीं ले सकेंगे। साथ ही बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर भी नहीं जा सकेंगे। इसको लेकर सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव संबंधी कार्य शुरू हो चुका है। इस स्थिति में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी निर्वाचन कार्य संबंधी किसी व्यवस्था में लगाई जा सकती है। विकास भवन में सीडीओ कार्यालय के अलावा 20 अन्य विभागों के कार्यालय हैं।

### पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

दियोरियाकलां। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया गया। ग्राम रामनगर जगतपुर निवासी अर्चना देवी पुत्री जगदीश शर्मा ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी इक्कीस अप्रैल 2022 को गांव नौगमियां निवासी गंगाराम के पुत्र अमित कुमार से हुई थी। पचास हजार रुपये और जेवरात की मांग पूरी न होने पर उसे पीटकर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पति अमित कुमार ससुर गंगाराम, सास पार्वती के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

# सेहत से खिलवाड़ : मिलावटखोरों पर जिम्मेदार मेहरवान.. अपने स्वास्थ्य का खुद रखिए ध्यान

## होली आने पर बाजार में खपाई जा रही मिलावटी बेसन और घटिया पामऑयल से बनी नमकीन और पापड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर की एक दुकान पर रखी विभिन्न तरह की नमकीन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मिलावट के दौर में शुद्धता अपेक्षा न करें। मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटखोर लोगों की सेहत से खिलबाड़ कर रहे हैं। त्योहारों पर खाने-पीने की चीजों में मिलावट और ज्यादा बढ़ जाती है। होली नजदीक आते ही बाजार में नमकीन-पापड़ आदि की मांग बढ़ गई है। खपत बढ़ने के साथ इनमें मिलावट भी बढ़ गई है। होली के मौके पर मिलावटी बेसन और घटिया ऑयल से तैयार की गई नमकीन लोगों की सेहत बिगाड़ सकती है। मगर खाद्य एवं औषधि प्रशासन मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के बजाय खामोश है।

होली नजदीक आने से बाजार में खाने पीने की चीजों से दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर दालमोठ, मिक्सचर, गाडिया जैसी नमकीन और पापड़ आदि की बिक्री शुरू हो चुकी है। होली पर मेहमानों की आवभगत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली नमकीनों में मिलावटखोरी बढ़ गई है। मिलावटी बेसन और घटिया तेल या पामऑयल आदि से तैयार नमकीन की बड़ी खेप बाजार में पहुंच चुकी है। बढ़ती डिमांड के चलते मिलावटखोरों ने इसकी तैयारी दो-तीन महीने पहले से शुरू कर दी थी। कमाई के चक्कर मिलावटखोर किसी भी हद तक जाने लिए तैयार है। मगर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी अंजान है। पहले जिस तरह त्योहारों पर एफएसडीए की ओर से मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए छापेमारी की जाती थी। वैसा इस बार कुछ नहीं दिख रहा है। इससे मिलावटखोरों का मनोबल और भी बढ़ा हुआ है। जानकार सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर मिलावटी खाद्य पदार्थ बाहर से आते हैं। खपत का 10 प्रतिशत माल यहां बनाया जाता है।

### एक साल में लिए नमकीन के केवल आठ सैंपल

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने साल भर में नमकीन-पापड़ की 79 दुकानों का निरीक्षण किया। संदेह होने पर आठ सैंपल ही लिए गए। विभाग की नमकीन और पापड़ की सैंपलिंग को लेकर सुस्ती मिलावटखोरों की सक्रियता बढ़ा रही है।

### बेसन में मिलाते हैं खेसारी दाल, मकई का आटा

बाजार में चना 80 रुपये किलो बिक रहा है, जबकि बेसन 90 से 100 रुपये किलो तक। वहीं, रिफाइंड ऑयल की दर 110 से 150 रुपये किलो है। मगर, बेसन से बनने वाली नमकीन गाडिया, मिक्चर आदि 160 रुपये प्रति किलो में मिल रहे हैं। इससे साफ है कि बाजारों में बिकने वाली तमाम तरह की नमकीनों में घटिया तेल और मिलावटी बेसन का इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारों के अनुसार बेसन में खेसारी दाल, मकई आटा, चावल और अरारोट पाउडर की मिलावट की जाती है। लोगों का कहना है कि बाजार में बिकने वाली दालमोठ में घटिया तेल, दाल और बेसन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी कारण सस्ते मिल रहे हैं। बाजार में जहां शुद्ध और ब्रांडेड नमकीन 300 से 400 रुपये प्रति किलो बिक रही है, वहीं मिलावटी नमकीन कम दाम में बिक रही हैं। पापड़ और चिप्स में भी मिलावट का खेल चल रहा है।

### बाजार में खपा दी जाती है रिजेक्टेड नमकीन

सिस्टम की सरपरस्ती में मिलावटखोर सब कुछ अपने हिसाब से कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक मार्केट में रिजेक्टेड नमकीन की बिक्री भी हो रही है। बड़ी कंपनियां अपने उत्पाद में कोई कमी पाए जाने पर जो नमकीन रिजेक्ट कर देतीं हैं। मिलावटखोर रिजेक्टेड नमकीन सस्ते दामों पर खरीद लेते हैं। फिर उसे लोकल ब्रांड में बदलकर बाजार में खपा देते हैं।

> मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाए जाते हैं। त्योहारों पर विशेष रूप से अभियान चलाकर सैंपलिंग और कार्रवाइयां की जाती है। नमकीन-पापड़ में भी मिलावटखोरी रोकने के लिए सैंपलिंग की जाती है। स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **-शशांक त्रिपाठी**, अभिहीत अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन

# स्वास्थ्य विभाग के 650 संविदा कर्मचारियों का मानदेय अटका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सीएमओ के डिजिटल सिग्नेचर एक्सपायर होने से आई समस्या
- लापरवाही के चलते कर्मचारियों के सामने छाया आर्थिक संकट

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों के सामने एक बार फिर मानदेय का संकट गहरा गया है। होली के अवसर पर मानदेय अटकने से कर्मचारी परेशान हैं। यह समस्या सीएमओ-एसीएमओ के डिजिटल सिग्नेचर एक्सपायर होने की वजह से उत्पन्न हुई है। इससे सीएचसी-पीएचसी और मुख्यालय पर काम करने वाले करीब 650 संविदा कर्मियों को फरवरी का मानदेय नहीं मिल पाया है। हालांकि सीएमओ ने सभी अधिकारियों के जल्द डिजिटल सिग्नेचर बनवाकर मानदेय व भुगतान निकालने के आदेश दिए हैं। इससे पूर्व में भी एक बार मानदेय के लिए अटका चुका था।

जनपद में सीएमओ के अधीन करीब 650 संविदा कर्मचारी हैं। इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर से लेकर विभिन्न पदों पर तैनात हैं। इन सभी का मानदेय सीएमओ और एसीएमओ के हस्ताक्षर से रिलीज होता है। जनवरी का मानदेय दिया जा चुका है। मगर फरवरी का मानदेय देने की बात आई तो अफसर परेशान हो गए। क्योंकि मानदेय रिलीज करने वाली डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर) तीन मार्च को एक्सपायर हो गई थी। इस कारण सभी 650 संविदा कर्मचारियों का मानदेय नहीं मिल सका है। मार्च में होली का पर्व नजदीक आते ही संविदा कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है, जिसकी प्रमुख वजह मानदेय न मिलना है। अधिकांश संविदा कर्मचारी अल्प मानदेय पर कार्यरत हैं। समय से मानदेय न मिलने पर उन्हें कर्जा लेने को मजबूर होना पड़ता है। मानदेय में देरी होने से आने वाली आर्थिक संकट गहराने लगा है। क्योंकि 25 मार्च को होली का त्योहार है। अगर इस सप्ताह में मानदेय नहीं मिला तो आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि डीएचसी एक्सपायर होने के बाद सीएमओ की ओर से नई डीएससी बनवाने के लिए आवेदन कर दिया गया है। जिसमें सीएमओ डॉ. आलोक कुमार की डीएससी बनकर आ गई है। हालांकि एसीएमओ की डीएससी में इसलिए परेशानी आ रही है। क्योंकि एसीएमओ का पैन कार्ड में जो फोटो लगा है। वह युवा अवस्था का है। जिस कारण वीडियो में आ रहे फोटो विजुअल और पैन कार्ड का फोटो मिस मैच हो रहा है।

### 22 फरवरी को मिल गई थी सिग्नेचर एक्सपायर होने की जानकारी

डिजिटल सिग्नेचर एक्सपायर होने से पहले ही ई-मेल पर अलर्ट आया था। 22 फरवरी को सीएमओ कार्यालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर डीएससी एक्सपायर होने को लेकर सूचित किया गया था। डीएससी बनवाने के लिए अधिकारियों को पर्याप्त समय भी दिया गया, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। सीएमओ ने 22 फरवरी को ही प्रकरण में कार्यवाही के लिए जिला लेखा प्रबंधक को लिखित आदेश दिए थे। इसके बावजूद जिला कार्यक्रम यूनिट व जिला लेखा प्रबंधक की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

> तीन मार्च को डीएससी एक्सपायर हो गई थी। इसके लिए आवेदन किया गया था। मेरी डीएससी बनकर आ गई है। एसीएमओ की डीएससी में कुछ तकनीकी दिक्कत आ रही है। विकल्प के तौर पर दो डिप्टी सीएमओ की डीएससी बनवा ली गई है। इस सप्ताह हर हालत में मानदेय रिलीज कर दिया जाएगा।
>
> **-डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

# डीपीआरओ का दफ्तर सबसे स्मार्ट, मिला पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यालय में डीपीआरओ सतीश कुमार।

- पंचायतों में बेहतर कार्य करने और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर किया गया चयन
- ललितपुर को दूसरा और बरेली को मिला तीसरा स्थान
- कार्यालय के कायाकल्प को पुरस्कार बतौर मिले तीन लाख रुपये

**अमृत विचार :** पंचायतों में बेहतर कार्य करने व आधुनिक तकनीकी सेवाओं के इस्तेमाल के लिए पीलीभीत के जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय को प्रदेश में सबसे स्मार्ट घोषित किए जाने के साथ पहला पुरस्कार मिला है। पुरस्कार बतौर तीन लाख रुपये की धनराशि दी गई है, जिसे कार्यालय के कायाकल्प में खर्च किया जाएगा।

डॉ. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय को यह पुरस्कार दिया गया है। इस योजना के तहत प्रदेश के तीन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालयों को पुरस्कार के लिए चयन किया गया। इसमें पीलीभीत के डीपीआरओ कार्यालय को प्रथम स्थान मिला है। जबकि ललितपुर एवं बरेली के जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय को दूसरा व तीसरा स्थान मिला है। पहला स्थान पाने पर पीलीभीत को तीन लाख, ललितपुर को ढाई लाख और बरेली को दो लाख रुपये दिए गए हैं।

डॉ. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तिकरण योजना के तहत निदेशालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। आवेदन में 25 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई थी। इसमें कार्यालय की स्थिति, इंटरनेट सुविधा, जैम पोर्टल की स्थिति, ग्राम सचिवालयों की स्थिति आदि की जानकारी ली गई थी। सभी बिंदुओं की रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ ऑनलाइन भेजे गए थे। इसमें 50 में 50 अंक मिले हैं। डीपीआरओ कार्यालय की इस उपलब्धि पर अन्य अधिकारियों ने डीपीआरओ को बधाई दी है।

> डॉ. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत जनपदीय कार्यालय को स्मार्ट कार्यालय के रूप में प्रथम स्थान मिला है। अब ग्राम पंचायतों को स्मार्ट बनाने की कवायद शुरू की जाएगी।
>
> **-सतीश कुमार, डीपीआरओ**

# कलीनगर तहसील के नए भवन में आज से शुरू हो जाएगा कामकाज

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार :** तहसील कलीनगर के नए भवन में गुरुवार से कार्य शुरू हो जाएगा। इसे लेकर बुधवार को समस्त तैयारियां पूरी कर ली गईं। इसके लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी निमंत्रण दिया गया है। कलीनगर को तहसील का दर्जा वर्ष 2016 में मिला था।

इसके बाद अभी तक तहसील का कामकाज नगर पंचायत के भवन में चल रहा था। नगर पंचायत भवन के नजदीक में ही जमीन चिह्नित की गई, जिस पर 6.20 करोड़ की लागत से भवन का निर्माण कराया गया है। भवन बनकर तैयार हो चुका है। दिसंबर 2023 में शासन स्तर से अधिकारी आकर इसे चेक कर गए थे। इसके अलावा पिछले साल मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कलीनगर तहसील के भवन का लोकार्पण किया था। गुरुवार से इसमें तहसील कार्यालय शिफ्ट होगा। कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने बताया कि तहसील भवन में गुरुवार से काम शुरू हो जाएगा।

# बदल रही है परिषदीय स्कूलों की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में सम्मानित किए गए बच्चे और साथ में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व अन्य।

- बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव मनाया गया
- निपुण बच्चों व उनके अभिभावकों को कार्यक्रम के दौरान किया गया सम्मानित

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को जिला स्तरीय कार्यशाला हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर निपुण बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की इच्छाशक्ति और अध्यापकों के कठिन परिश्रम से परिषदीय स्कूलों की तस्वीर बदल रही है। परिषदीय स्कूलों के बच्चों का संपूर्ण विकास हो रहा है। बच्चे निपुण बन रहे हैं। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका भी बदल रही है। केंद्रों पर पंजीकृत बच्चे स्कूलों में प्रवेश से पूर्व का ज्ञान अर्जित कर तैयार हो रहे हैं। इससे परिषदीय स्कूलों की स्थिति और बेहतर होगी। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विभाग में संचालित योजनाओं पर चर्चा की। बीएसए अमित कुमार सिंह ने आईसीडीएस और बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से सार्थक परिणाम मिलने की बात कही। जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी ने भी विचार रखे। सभी ब्लाकों से बुलाए गए निपुण बच्चों और उनके अभिभावकों को राज्य मंत्री ने सम्मानित किया। इससे पूर्व उन्होंने सभी ब्लाकों से आए शिक्षकों द्वारा बनाए गए टीएलएम और बेहद सुंदर रंगोली का अवलोकन करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की।

बीईओ मुख्यालय शिव शंकर मौर्य, बीईओ बरखेड़ा अजय कुमार, एसआरजी और एआरपी को भी सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागतगीत समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी वैभव जैसवार ने किया। इस मौके पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण डा. दीपक जायसवाल, समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव, प्रखर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# विश्व ग्लूकोमा दिवस पर 284 को मिला इलाज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** विश्व ग्लूकोमा दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय समेत जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इसमें नेत्र चिकित्सकों व नेत्र परीक्षण अधिकारियों द्वारा दृष्टि की जांच की गई। इस दौरान मोतियाबिंद व ग्लूकोमा के रोगियों को चिह्नित कर उन्हें इलाज कराने का परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान जनपद भर से 284 रोगियों को नेत्र परीक्षण की सुविधा का लाभ दिया गया। सीएचसी से मोतियाबिंद व ग्लूकोमा के संदिग्ध 34 रोगियों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चिकित्सकों ने रोगियों को नेत्रों की देखभाल करने के लिए उपाय बताए। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने मोतियाबिंद के मुफ़्त ऑपरेशन की सुविधा सरकारी अस्पताल के साथ ही कई निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध है।

# कोटेदारों ने जिला पूर्ति कार्यालय के बाहर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



डीएसओ कार्यालय के बाहर जमा कोटेदार। ● अमृत विचार

- नई मशीन से राशन वितरण में आ रही दिक्कतों पर भड़का गुस्सा
- प्रशिक्षण के नाम पर खानापूरी का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** राशन वितरण के लिए मुहैया कराई गई नई मशीनों के संचालन की पेचीदगी में कोटेदार उलझ गए हें। संचालन में आ रही दिक्कतों को लेकर बुधवार को कोटेदारों ने डीएसओ कार्यालय जाकर हंगामा किया। कोटेदारों का आरोप है कि प्रशिक्षण के नाम पर भी खानापूरी करके मशीनें थमा दी गईं। इससे राशन वितरण में तमाम जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है।

जनपद में 876 राशन कोटेदार हैं। अभी तक ई-पॉस मशीन से कार्ड धारकों का अंगूठा लगवाकर राशन का वितरण किया जा रहा था। इसमें वितरण को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थी। घटतौली के खेल पर अंकुश लगाने के लिए अब राशन कोटेदारों को ई-पॉस मशीन से कनेक्टेड इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन (इलेक्ट्रॉनिक कांटा) मुहैय्या कराई गई है। इसमें कार्डधारक का अंगूठा लगते ही इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन में चावल और गेहूं का वजन फीड हो जाएगा। निर्धारित मात्रा के अनुसार राशन तौलने के बाद ही मशीन का ट्रांजेक्शन पूरा होगा।

इन मशीनों के संचालन में आ रही जटिलताओं से कोटेदार परेशान हें। उनका कहना है कि पहले अंगूठा लगवाने के बाद राशन को तौलकर दे दिया जाता था। अब अलग-अलग राशन के लिए उपभोक्ताओं से अलग-अलग अंगूठा लगवाना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र के तमाम कोटेदार बुधवार को जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया। इन कोटेदारों का कहना था कि इस मशीन के संचालन में तमाम दिक्कतें आ रही है।

पहले तीन-चार घंटे में करीब सौ उपभोक्ताओं को राशन दे दिया जाता है। इस मशीन के माध्यम से एक घंटे में 10-12 लोगों को राशन दिया जा सकता है। कोटेदारों का आरोप है कि प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूरी की गई है। प्रदर्शन करने वालों में पारूल सिंह, हनीफ, आशारानी, राजकुमार, तौसीफ समेत शहरी क्षेत्र के तमाम कोटेदार मौजूद रहे।

> कोटेदारों को राशन वितरण के लिए ई-पॉस कनेक्टेड वेइंग मशीनों उपलब्ध कराई गई है। इसको लेकर जिले के सभी राशन कोटेदारों को प्रशिक्षण भी दिया गया था। मशीनों के संचालन में कुछ कोटेदारों को दिक्कतें आ रही है। इसके लिए सदर तहसील में पुन: प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।
>
> **-विकास कुमार**, जिला पूर्ति अधिकारी



रमज़ान मुबारक
तीसरा रोज़ा इफ्तार - 14 मार्च 2024
सुन्नी - 06:22 बजे
शिया - 06:31 बजे
चौथा रोज़ा सहरी - 15 मार्च 2024
सुन्नी - 05:00 बजे
शिया - 04:50 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# युवक का शव बाग में फंदे से लटका मिला

संवाददाता, पीलीभीत

- घर से नौकरी पर जाने की कहकर निकला था महेश

**अमृत विचार :** एक युवक का शव घर से दो किमी दूर जंगल जलेबी के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। वह घर से नौकरी पर जाने की बात कहकर निकला था।


मृतक महेश।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमृताखास के निवासी महेश (35) पुत्र रामसेवक प्राइवेट नौकरी करता था। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह घर से नौकरी पर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद से वापस घर नहीं लौटा। देर शाम उसका शव घर से करीब दो किमी दूर ग्राम अहिरवाड़ा के एक बाग में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। वहीं नजदीक में उसकी बाइक खड़ी हुई थी। इसका पता लगने पर कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक के नंबर की मदद से शिनाख्त कर परिवार वालों को सूचना दी। इसके बाद परिजन भी मौके पर आ गए। किसी तरह का आरोप नहीं लगाया। प्रथम दृष्टया पुलिस भी मामला खुदकुशी का मान रही है।

## प्राचार्य ने वित्तीय अनियमितता और फर्जी तरीके से नियुक्तियां करने का लगाया आरोप

# तीन प्रवक्ताओं पर कार्रवाई की संस्तुति, लेखा विभाग सील

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** गन्ना कृषक महाविद्यालय में गुटबंदी के चलते एक और विवाद बढ़ता जा रहा है। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने तीन प्रवक्ताओं की नियुक्ति को फर्जी बताकर निरस्त करने की संस्तुति की है। प्रभारी लेखाधिकारी अनूप कुमार शुक्ला के कैशबुक व अन्य वित्तीय सूचना न देने पर

प्राचार्य ने लेखा (अकाउंट) विभाग को सील कर दिया।

प्राचार्य ने वर्ष 2014-15 में अंशकालिक प्रवक्ता व दो अन्य समेत तीन नियुक्तियों को अवैध बताते हुए निरस्त करने


गन्ना कृषक महाविद्यालय में सील किया जाता अकाउंट विभाग।

की संस्तुति की है। प्राचार्य ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इन तीनों नियुक्तियों से जुड़ा कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया गया था। अंग्रेजी विभाग के एक अंशकालिक प्रवक्ता की योग्यता इस पद के लायक नहीं है।

प्राचार्य ने उप-प्रबंधक को भेजे पत्र में कहा है कि एक अंशकालिक प्रवक्ता लेखा विभाग के प्रभारी भी हैं। वह कॉलेज की छवि धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने

- गन्ना कृषक महाविद्यालय में गुटबंदी के चलते विवाद गहराया

> लेखा प्रभारी जो अंशकालिक प्रवक्ता हैं। उनसे कैश बुक मांगी गई, जो नहीं दिखा पाए। इस पर लेखा विभाग सील कर दिया गया। जांच में पता चला है कि 2014-15 में तीन नियुक्तियां बिना विज्ञप्ति के हुई थीं। अंशकालिक प्रवक्ता, पद की योग्यता भी नहीं रखते हैं। इसकी रिपोर्ट भेजी गई है।
> – डॉ. सुधीर कुमार शर्मा, प्राचार्य, गन्ना कृषक महाविद्यालय

भ्रम फैलाया कि कॉलेज की 1.70 करोड़. की एफडीआर व अन्य खातों से प्राचार्य ने धनराशि निकाली है। जबकि 2.50 करोड़ की एफडीआर सुरक्षित है। इसके अलावा शिक्षण स्टाफ के भुगतान के लिए धनराशि न होने की झूठी अफवाह फैलाकर स्टॉफ को परेशान करने का आरोप लगाया है।

प्राचार्य ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डीएम, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया है। इसके साथ ही अनूप शुक्ला के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, कॉलेज पिछले करीब एक महीने से सुर्खियां बना है। कॉलेज प्रबंधन और प्रशासन पर गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। जिसमें कहा जा रहा है कि कॉलेज में फर्जी नियुक्तियां और वित्तीय अनियमितता हुई है।

# बीसलपुर में गन्ना भरी ट्राली से बोलेरो टकराई, एक की मौत, नौ लोग घायल

## पीलीभीत मार्ग पर मंगलवार की रात जसौली दिवाली गांव के पास हुई दुर्घटना

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** बेकाबू गति से दौड़ती बोलेरो सड़क किनारे खड़ी गन्ना लदी ट्रॉली से टकरा गई। इसमें ट्राली के पीने खड़े होकर गन्ने संभाल रहे युवक की मौत हो गई, जबकि बोलेरो में सवार नौ लोग घायल हो गए। सभी लोग शादी समारोह में दावत खाने के बाद अपने घर लौट रहे थे।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिघौना निवासी यासीन मंगलवार रात अपने बेटे शामीन (35) के साथ ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना लेकर बरखेड़ा चीनी मिल जा रहे थे। बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर ग्राम जसौली दिवाली के पास पहुंचने पर उन्होंने ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खड़ी कर दी। शमीम ट्रैक्टर से उतरकर ट्राली में लदे गन्ना ठीक करने लगा। इस दौरान तेज रफ्तार में आई बोलेरो ने खड़ी ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्राली के पीछे गन्ना संभाल रहे शामीन की


हादसे में क्षतिग्रस्त बोलेरो।


मृतक शामीन।

- शादी समारोह में दावत खाने के बाद घर लौट रहे थे बोलेरो सवार

मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बोलेरो चालक बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम काजरभोजी निवासी शेर सिंह समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों में ग्राम अधकटा निवासी कृष्णपाल (44), नन्ही देवी (45), गुड़िया (20), जसवंत (35), प्रिया (9), अभिषेक (10), पुष्पा देवी (30), आयुष (9) शामिल हैं। टक्कर इतनी भीषण लगी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीर व आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में बोलेरो में फंसे घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी बीसलपुर भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार बोलेरो में सवार सभी लोग बीसलपुर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे।

उधर, हादसे की खबर घर पहुंची तो किसान के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता ने बोलेरो चालक के खिलाफ तेजी व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप लगाते हुए तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

> गन्ना लदी खड़ी ट्राली से बोलेरो टकरने पर एक युवक की मौत हो गई और नौ लोग घायल हुए थे। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया। शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पिता से मिली तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है।
> – अशोक पाल, कोतवाल

### कार की टक्कर से घायल बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**बरखेड़ा।** बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर ग्राम पररिया के पास रविवार सुबह वाहन को बचाने के चक्कर में एक कार ने सड़क किनारे खड़े बच्चों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में पतरसिया गांव निवासी सुधीर (12) पुत्र लीलाधर, रोहित (8) पुत्र रघुवीर, सुरदीप (6) पुत्र हरपाल घायल हो गए थे। हालत गंभीर होने पर सुधीर को बरेली के एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार को इलाज के दौरान सुधीर की मौत हो गई।

## एक नजर

### नौकरी दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी

**पूरनपुर।** जालसाज ने एक कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर महिलाओं से हजारों रुपये ठग लिए। थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के गांव लुकटिहाई की कांति देवी व मालती देवी ने बताया कि उन्हें पड़ोस के गांव में रहने वाले युवक ने एक कंपनी में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। तीन महीने पहले फार्म भरने के नाम पर उनसे 24 हजार रुपये लिए। इसके कुछ समय बाद 50 हजार रुपये और लिए। मगर उन्हें नौकरी नहीं मिली। उन्होंने रुपये लौटाने को कहा तो धमका दिया। इस मामले की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ घुंघचिहाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

### महिला से मारपीट का आरोप

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला ढका की रहने वाली फूल बानो खुटार हाईवे पर चाय की दुकान लगाती हैं। मंगलवार को वह अपनी चाय की दुकान पर बैठी थी। इस दौरान वहां कुछ लोग आ गए। पीड़िता की चाय की दुकान जबरन हटाने लगे। विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक हजार बच्चों ने बिना स्वेटर और जूते-मोजे के गुजार दी सर्दी

**पूरनपुर, अमृत विचार:** सरकारी स्कूलों के एक हजार से अधिक बच्चों को डीबीटी योजना का लाभ नहीं मिला सका। सत्र बीतने को है और बच्चे ड्रेस, जूते-मोजे और स्वेटर आदि से अभी भी वंचित है। इसकी वजह स्कूलों में छात्र संख्या कम रहना मानी जा रही है। मगर विभाग ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया।

पूरनपुर क्षेत्र में 397 परिषदीय विद्यालय हैं। प्राइमरी 255, जूनियर 73 और 69 कंपोजिट स्कूल हैं। इन स्कूलों में 52726 बच्चे पंजीकृत है। इन परिषदीय स्कूलों के बच्चों को ड्रेस, बैग, स्टेशनरी, जूते मोजे और स्वेटर आदि के लिए 1200 रुपए शासन की ओर से दिए जाते हैं। यह धनराशि सीधे बच्चों के बैंक खातों में पहुंचती है। ठंड का मौसम शुरू होने से पहले ही योजना का लाभ सीधे खाते में पहुंच जाता है। इस बार शैक्षिक सत्र बीतने को है लेकिन 1072 बच्चों को अभी डीबीटी की धनराशि नहीं मिली। इससे बच्चे ड्रेस, जूते-मोजे, स्वेटरनहीं खरीद सके। बिना गर्म कपड़ों के बच्चों ने पूरी ठंड गुजार दी। यह शैक्षिक सत्र भी पूरा होने वाला है। बीएसए अमित कुमार ने बताया कि बच्चों के आधार कार्ड और बैंक खातों से संबंधित कई समस्याएं हैं। मार्च के आखिर तक योजना का लाभ मिल जाएगा।

# लापता ग्रामीण का शव गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला


शव मिलने के बाद विलाप करते लालाराम के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** तीन दिन से लापता ग्रामीण का का शव गांव के बाहर एक खेत में पड़ा मिला। परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि घटना की वजह नहीं बता पा रहे हैं।

बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मरौरीखास निवासी लालाराम (50) रविवार को दवा लेने जाने की कहकर घर से निकले थे, जिसके बाद वह नहीं लौटे। देर शाम तक इंतजार करने के बाद परिवार वाले उनकी तलाश शुरू कर दी। बुधवार को तलाशी के दौरान परिजनों को गांव के बाहर एक खेत पर लालाराम का शव पड़ा मिला। परिजन के अनुसार लालाराम के शरीर पर जख्मों के निशान हैं।


मृतक लालाराम।

- तीन दिन पहले दवा लेने जाने की कहकर घर से निकले थे लालाराम

> लापता ग्रामीण का शव खेत में मिला है। शव पर चोट के निशान नहीं थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।
> –अजय कुमार, इंस्पेक्टर बिलसंडा

उनका आरोप है कि लालाराम की हत्या की गई है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। परिवार वालों ने किसी तरह की रंजिश नहीं बताई है।

# गन्ना कटाई के दौरान खेत में मिला नरमुंड और हड्डियां

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** गन्ने की कटाई के दौरान खेत में नरमुंड और कुछ हड्डियां पड़ीं ग्रामीणों ने देखीं। बरामद नरमुंड करीब चार माह पहले लापता हुए बरेली के युवक का बताया जा रहा है। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप एक रिश्तेदार पर लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बरामद नरमुंड युवक का है या नहीं इसकी पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा।


लापता सर्वेश।

बरखेड़ा-नवाबगंज मार्ग पर स्थित बहादुरपुर हुक्मी गांव निवासी बेचेलाल के खेत में बुधवार को गन्ने की कटाई की जा रही थी। बरेली के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के ग्राम बहार जागीर निवासी ठेकेदार चंद्रपाल


घटना स्थल पर पड़ताल करती बरखेड़ा पुलिस। ● अमृत विचार

- चार माह पहले लापता बरेली के युवक का बताया जा रहा नरमुंड

मजदूरों से गन्ना की कटाई करा रहे थे। इस दौरान दोपहर को खेत में एक नरमुंड और कुछ हड्डियां पड़ी मजदूरों ने देखीं। वहीं नजदीक में पैंट, शर्ट और एक चप्पल पड़ी थी। मजदूरों में शामिल चंद्रपाल के चचेरे भाई गांव बहार जागीर निवासी रामपाल का 30 वर्षीय पुत्र सर्वेश 22 नवंबर से लापता है। चंदपाल का कहना है कि लापता होने के दिन सर्वेश ने जो पैंट-शर्ट और चप्पलें पहनी थीं, वहीं मौके पर मिली हैं। चंद्रपाल की सूचना पर लापता सर्वेश का भाई हरीश मौके पर जा पहुंचा। उसने मौके पर मिली शर्ट पर लगे टेलर के लेबल को देखा, जो उसके गांव बहार जागीर के एक टेलरा का था। इसी आधार पर उन्होंने नरमुंड व हड्डियां सर्वेश की होने का दावा किया। कुछ ही देर में परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। इस बीच सूचना मिलने पर बरखेड़ा इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान मौके पर जा पहुंचे। हरीश व उसके परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि सर्वेश के लापता होने के बाद क्योलड़िया थाने में तहरीर भी दी गई थी। उनका कहना है कि सर्वेश की एक चप्पल, जर्सी और मोबाइल गायब है। लापता पत्नी पूनम ने भी सर्वेश की हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की।

### एएसपी ने किया मौका मुआयना

नरमुंड व हड्डियां मिलने के बाद हत्या के आरोप लगने पर पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। एएसपी विक्रम दहिया मौके पर गए और जानकारी की। फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर सुरागरसी कराई गई।

> बरखेड़ा क्षेत्र के एक खेत में नरमुंड और कुछ हड्डियां मिली है। चार माह से लापता चल रहे बरेली के एक युवक के रूप में परिवार वाले पहचान करने का दावा कर रहे हैं। मामले की जांच कराई जा रही है। फील्ड यूनिट भी लगाई गई है। डीएनए जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
> – विक्रम दहिया, एएसपी

## महिला के जेवर व नगदी लूटने की अज्ञात पर रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर भजा की निवासी शांति देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार 12 मार्च को वह बीसलपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक जा रही थी। ईदगाह चौराहा पर ई रिक्शा में सवार हुई। उसमें दो लड़के पहले से बैठे हुए थे। ई-रिक्शा का चालक सीधे बैंक ले जाने के बजाय इधर-उधर घुमाता रहा। इस बीच युवकों ने शांति देवी को नशा सुंघा दिया। बेहोश होने पर कुंडल, दो हजार रुपये लूटकर ले गए। इसके बाद शांति देवी को रास्ते उतारकर चले गए। जब तक मामला उनकी समझ में आया तब तक आरोपी जा चुके थे। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि इस मामले में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

# अरमान हत्याकांड में दो लोगों को उम्रकैद, दो आरोपी दोषमुक्त

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने सुनाया फैसला
- पूरनपुर कोतवाली में 2016 में दर्ज हुई थी एफआईआर

**अमृत विचार:** आठ साल पुराने बहुचर्चित अरमान उर्फ हैदर हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया। मुकदमे की सुनवाई के बाद दो अभियुक्तों पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक निवासी शाहिद पुत्र अलानूर और रजागंज निवासी शमशाद पुत्र मोहम्मद इरशाद को हत्या का दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 13-13 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। अभियुक्त शाहिद को आर्म्स एक्ट में भी दो साल कैद व दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इस मामले में दो अभियुक्तों मोहल्ला नवदिया शेरपुरकलां निवासी बबलू उर्फ सलाउद्दीन व चौक निवासी शमून खां को दोषमुक्त करार दिया है।

अभियोजन कथानक के अनुसार कस्बा पूरनपुर की निवासी नीलोफर पत्नी स्व. आफाक खां ने कोतवाली पूरनपुर में 10 जनवरी 2016 को तहरीर देकर बताया था कि उसका पुत्र अरमान उर्फ हैदर नौ जनवरी 2016 की शाम घर से कुछ देर में वापस आने की कहकर निकला था। वह अपना मोबाइल साथ में ले गया था। इसके बाद वह लापता हो गया। उसका मोबाइल बंद बताने लगा। 10 जनवरी 2016 की सुबह अरमान का शव असम रोड बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज के सामने नहर किनारे गड्ढे में मिला था।

वहीं नजदीक में बाइक पड़ी थी। उसके शरीर पर धारदार हथियार के निशान थे। पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के उपरांत अभियुक्त शाहिद व शमशाद को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। वहीं, संदेह का लाभ देते हुए बबलू उर्फ सलाउद्दीन और समून को दोषमुक्त कर दिया।

# 1.90 लाख कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे 867 शिक्षक और 89 डीएचई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 16 मार्च से होना है यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन
- जीजीआईसी में हाई स्कूल, ड्रमंड कॉलेज में इंटरमीडिएट का मूल्यांकन

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई हैं। मूल्यांक 16 मार्च से शुरू होगा। जिले में 1.90 लाख से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन होगा, जो प्रदेश के विभिन्न जिलों की होंगी। जिले में दो मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 867 परीक्षक और 89 डीएचई (डिप्टी हेड एग्जामिनर) की ड्यूटी लगाई गई है। सभी को ऑनलाइन कार्ड जारी किया गया है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होकर नौ मार्च तक चली थीं। इस साल कुल 44780 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें हाईस्कूल में 24970 और इंटरमीडिएट में 19810 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन संपन्न कराई गई। परीक्षा निपटने के बाद जिले की कॉपियों को बोर्ड को भेजा गया है। ताकि मूल्यांकन कार्य शुरू हो सके। अब बोर्ड की ओर से इन कॉपियों को जांचने के लिए जिला अलॉट होगा। इधर, जिले में भी मूल्यांकन के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें एक ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज है। यहां जीजीआईसी में हाईस्कूल और ड्रमंड में इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन होगा। बोर्ड की ओर से जिले को 1,90,568 कॉपियां अलॉट की गई है। इनमें 96,420 हाईस्कूल और 94,148 इंटरमीडिएट की कॉपियां है। जिनकी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में लगाए गए हैं। जबकि 356 परीक्षक और 38 डीएचई ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में लगाए गए हैं। मूल्यांकन कार्य स्कूल के अलग-अलग कमरों में होगा। सभी कमरे में सीसीटीवी व वायस रिकॉर्डर लगे होंगे। साथ ही परीक्षक को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

डीआईओएस गिरजेश चौधरी ने बताया कि शिक्षक मूल्यांकन कार्य को लेकर जल्दबाजी न करें। इसके लिए समय निर्धारित किया गया है। हाईस्कूल की 50 और इंटर की 45 कॉपी ही एक शिक्षक एक दिन में जांचेंगे। मूल्यांकन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। कोई भी शिक्षक पांच बजे से पहले मूल्यांकन केंद्र नहीं छोड़ेगा। डीआईओएस केंद्र में कॉपियां का रेंडम निरीक्षण भी करेंगे।

# पत्नी की हत्या में जेल जा चुका है बेटी का हत्यारोपी राजीव

ऑनर किलिंग

- पुलिस को गुमराह करते रहे दोनों भाई, गढ़ी आत्महत्या की कहानी
- जली हालत में शव बरामद होने पर खुली हकीकत
- पिता और चाचा द्वारा छात्रा को गला दबाकर मारने का मामला

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** इकलौती बेटी की हत्या का आरोपी राजीव कुमार ने इससे पहले पत्नी की हत्या कर चुका थ। पत्नी को मारने पर उसे 10 साल की सजा भी हुई थी। 2016 में जमानत पर वह जेल से बाहर निकला था।

राजीव कुमार की इकलौती पुत्री सीमा गंगवार इंटरमीडिएट की छात्रा थी। उसका परीक्षा केंद्र बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में था। राजीव को छोटा भाई चाचा संजय कुमार अविवाहित है। राजीव के पत्नी नन्हीं देवी की 2008 में ही मौत हो गई थी। नन्हीं का शव फंदे पर लटका मिला था। इस मामले में राजीव कुमार व उसके पिता कालीचरन गंगवार के खिलाफ नन्हीं देवी के मायके


गड्ढा खोदकर छात्रा का शव निकलवाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

वालों ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें राजीव व उसके पिता दोनों को जेल जाना पड़ा था। 2016 में जमानत मिलने पर दोनों जेल से बाहर आए थे। राजीव के पिता की मौत हो ई।

राजीव व उसका छोटा भाई संजय साथ रहते हैं। पुलिस के मुताबिक साथ में पढ़ने वाले एक छात्र से सीमा के प्रेम संबंध हो गए थे। इसका पता लगने पर राजीव ने बेटी को समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। इस पर राजीव ने उसे ठिकाने लगाने की योजना बना ली। उसने भाई के साथ मिलकर इकलौती पुत्री को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद खुद का बचाव करने के लिए


छात्रा सीमा की हत्या के आरोपी पिता राजीव और चाचा संजय।

### शव मिलने पर नदी किनारे जुट गई भीड़

पुलिस की टीमें आरोपी पिता और चाचा से पूछताछ करने के बाद दोपहर में ही तैयारी के साथ गांव के बाहर से गुजर रही अमेड़ी नदी के किनारे पहुंची थी। पुलिस को अचानक यलो टेप लगाकर छानबीन करते देख ग्रामीणों में चर्चा तेज हो गई थी। शव गड्ढे से बरामद होते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस घटना को जिसने भी सुना वह दंग रह गया।

### हत्या को आत्महत्या साबित करने में लगे रहे दोनों भाई

पुलिस की मानें तो शुरुआत से ही आरोपी दोनों भाई गुमराह करते रहे। मगर सख्ती के बाद हत्या की बात निकल आई। बताते हैं कि इस बीच भी पिता और चाचा ने खुदकुशी करने की एक कहानी गढ़ डाली। मगर छात्रा का शव जली हालत में मिलने पर हकीकत खुल गई।

अज्ञात पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने की एफआईआर तक दर्ज करा दी। मगर एफआईआर में लिखी गई झूठी कहानी पुलिस ने जब विवेचना शुरू की तो ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी।




# नगर पालिका व नगर पंचायतें चुनाव के दौरान नहीं करा सकेंगे नए कार्य

## डीएम ने बैठक कर निकाय अध्यक्षों व ईओ को पढ़ाया आचार संहिता का पाठ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला डीएम ने निकाय अध्यक्षों एवं अधिशासी अधिकारियों को आचार संहिता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए।


गांधी सभागार में आयोजित बैठक में डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेजी से चल रही हैं। बुधवार को गांधी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम संजय कुमार ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारियों को आचार संहिता के बारे में जानकारी दी। डीएम ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सभी शासकीय संपत्तियों से 24 घंटे के अंदर पोस्टर, बैनर, पंपलेट आदि हटवा दिए जाएं। ऐसे सभी कार्य जिनमें निविदा स्वीकृत हो चुकी हो, कार्य के आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन कार्य शुरू नहीं किया गया है तो चुनाव अवधि में शुरूआत नहीं की जाएगी। वहीं, भौतिक रूप से जो कार्य शुरू हो चुके है, वे जारी रहेंगे। डीएम ने कहा कि कामर्शियल वाहन पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री अनुमन्य नहीं है। जिन प्रचार वाहनों की अनुमति रिटर्निंग आफिसर द्वारा दी गई है केवल वही वाहनों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार में किया जा सकेगा।

प्रचार के लिए वाहनों की संख्या सीमित नहीं की गई है, बशर्ते सभी वाहनों की अनुमति ली गई हो। इन प्रचार वाहनों पर लाउडस्पीकर या वीडियो रथ आदि बनाया जाना तभी मान्य होगा, जब रिटर्निंग आफिसर के अतिरिक्त मोटर व्हीकल एक्ट के सक्षम अधिकारी की अनुमति ली गई होगी। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर तक के दायरे में एक प्रत्याशी केवल तीन वाहन ले जा सकता है। निर्वाचन के दिन प्रत्येक प्रत्याशी एवं एजेंट के लिए एक-एक वाहन तथा अपने कार्यकर्ताओं के लिए संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक वाहन की अनुमति होगी। अस्थायी चुनाव कार्यालय की किसी भी बूथ से 200 मीटर की दूरी अवश्य होनी चाहिए। निर्वाचन अवधि में 10 से अधिक वाहनों का काफिला वर्जित होगा। बैठक में बीसलपुर, न्यूरिया चेयरमैन प्रतिनिधि, गुलड़िया भिंडारा एवं बरखेड़ा चेयरमैन, एडीएम ऋतु पूनिया समेत सभी एसडीएम, अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार ने किया दिव्यांगों का उद्धार, बढ़ाई पेंशन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ की ओर से जंगरौली पुल पर दिव्यांग जन सम्मेलन आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता वीरेंद्र रस्तोगी और जिला संयोजक जगन्नाथ चक्रवर्ती ने की।

सम्मेलन में आए दिव्यांगजनों के संगठन से जुड़े लोगों ने भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्हें वोट देकर प्रचंड बहुमत से विजयी कराने की अपील की। पूरनपुर से आए तनु मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पेंशन राशि तीन सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार कर दी। सरकार कृत्रिम उपकरण निःशुल्क दे रही है। दिव्यांगजनों को आवास और रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक जगदीश शर्मा ने अपने विचार रखे। इस मौके पर पारुल, अविरल नाथ, रूबी, नगीना, जिंदल वर्मा, तनु मिश्रा, रामभरोसे, रामस्वरूप, सोनल, विवेक कुमार, रुपेंद्र कुमार, कोमल, विधाराम, विमलेश कुमारी, तौलेराम, वीरपाल आदि रहे।

# आधुनिक तकनीक के सहारे विकसित हो रहा देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सेमी कंडक्टर आधारशिला का कॉलेज में दिखाया लाइव प्रसारण

**अमृत विचार :** सेमी कंडक्टर की सुविधा को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तीन सेमी कंडक्टर सुविधाओं की आधारशिला रखे जाने का गुरुवार को सजीव प्रसारण स्प्रिंगडेल कॉलेज में दिखाया गया। इसमें कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता ने कहा कि विश्व आधुनिकतम तकनीक के सहारे विकसित हो रहा है। प्रधानमंत्री का तीन सेमी कंडक्टर की सुविधाओं की आधारशिला रखना उनकी भारत को दुनिया में तकनीकी क्षेत्रों में अग्रणी ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा। विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत की मजबूत भागीदारी का परिचायक बनेगा। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने कहा कि गुजरात के धोलेरा, साणंद व असम के मोरी गांव में प्रधानमंत्री ने सेमी कंडक्टर प्लांट की आधारशिला रखने से न केवल भारतीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि देश तकनीकी रूप से मजबूत बनेगा।

इस मौके पर डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. सुमन जौहरी, डॉ. कृष्णा शर्मा, शाहिद खान, संगीता गंगवार, श्रद्धा सिंह, अंग्रेज कौर, कासिम सिद्दिकी, प्रदीप कुमार, नीरज गंगवार, सोनिया सिंगला, कविशा कनौजिया, सुमन लता, आलोक उपाध्याय, सचिन कुमार, संजीव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### गाली देने का विरोध करने पर पीटा

**दियोरिया कलां।** गाली देने का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। गांव सिंधौरा बिंदुआ निवासी गंगाराम पुत्र छोटे लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस के ही पप्पू से उसकी मंगलवार को कहासुनी हो गई थी। इसी की रंजिश में बुधवार को वह गाली गलौज करने लगा। जब विरोध किया तो पीड़ित की पिटाई कर दी। कोतवाल उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

# फुटबॉल: फाइनल में स्टेडियम ने 1-0 से नखासा टीम को हराया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** खेल निदेशालय के निर्देश पर बुधवार को गांधी स्टेडियम में फुटबॉल मैच का आयोजन कराया गया। इसकी शुरुआत जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने कराई।


गांधी स्टेडियम में फुटबॉल फाइनल मैच में जीत के लिए खेलते खिलाड़ी।

पहला मैच लिटिल स्टार ट्रेनीज और बीसलपुर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें बीसलपुर फुटबॉल क्लब ने लिटिल स्टार को 1-0 से हराया। दूसरा मैच मझोला फुटबॉल क्लब और नखासा फुटबॉल क्लब बीच रहा। इसमें मझोला ने 5-0 से नखासा को हराया। तीसरा मैच यूथ फुटबॉल क्लब और बीसलपुर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें बीसलपुर फुटबॉल क्लब ने यूथ फुटबॉल क्लब को 2-1 से हराया। चौथा मैच नखासा और मझोला के बीच हुआ। जिसमें नखासा ने 1-0 से मझोला को हराया। पांचवां मैच बांसुरी फुटबॉल क्लब और पूरनपुर के बीच खेला गया। जिसमें बांसुरी फुटबॉल क्लब ने पूरनपुर को 3-2 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल हुए। पहले सेमीफाइनल में नखासा फुटबॉल क्लब ने बीसलपुर को 4-1 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल में स्टेडियम ने बांसुरी क्लब को 1-0 से हराया। अंत में फाइनल मैच स्टेडियम और नखासा क्लब के बीच खेला गया। जिसमें स्टेडियम ने 1-0 से नखासा को हराकर जीत हासिल की। विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके यश कुमार, रोहन, रामधारी, अक्षय कपिल सिंह, सुरेश कौशल, ब्रजेश पाठक, महेश कुमार, गीता देवी, रतनदीप सिंह, राजीव कुमार, महेश तिवारी मौजूद रहे।

## शिविर के दौरान छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन बुधवार को स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। पहले कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिवाकर सिंह के साथ स्वयंसेवकों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय सड़ा गौटिया में साफ सफाई की। ग्रामीणें को जागरुक करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारी सोच में होनी चाहिए। सभी को मिलकर अपने परिवेश एवं पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखना चाहिए। स्वच्छता के फायदे भी बताए। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ. दुर्गेश धर द्विवेदी, जगदीश दीक्षित, नरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार पाल, सागर, सोनू, जय कृष्णा, विकास, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

# शारदा नदी का चैनेलाइजेशन शुरू

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** चंदिया हजारा गांव के कटान का खतरा टल गया है। शारदा नदी के तटबंध पर जियो बैग लगाने के साथ नदी का ड्रजिंग चैनेलाइजेशन भी शुरू हो गया। बुधवार को विधायक बाबूराम पासवान और ग्रामीणों ने पूजन के साथ चैनेलाइजेशन का कार्य आरंभ कराया। एक साथ दोनों कार्य आरंभ होने से चंदिया हजारा के ग्रामीण खुश हैं। उनके खेत-खलिहान और मकान अब बाढ़ के दंश से सुरक्षित रहेंगे।


धनारा घाट पर पूजन करते विधायक बाबूराम पासवान और ग्रामीण। ● अमृत विचार

- जियो बैग से नदी के तटबंध के दूसरे दिन चैनेलाइजेशन का कार्य हुआ शुरू
- विधायक बाबूराम पासवान के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने धनारा घाट पर किया हवन-पूजन

चंदिया हजारा में शारदा नदी का रुख गांव की ओर मोड़ने के लिए चैनेलाइजेशन होना है। आंध्र प्रदेश से मशीनें पहले ही पहुंच गई थीं। बुधवार को नदी में मशीन फिट करके रेत बाहर निकालने का कार्य शुरू किया गया। इससे पहले धनाराघाट पर ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। चैनेलाइजेशन के लिए शासन 9.30 करोड़ का बजट मंजूर किया है। कार्यदायी संस्था, स्थापना खंड अधिशासी अभियंता कानपुर है। संस्था को निर्धारित 120 दिनों के अंतराल में कार्य पूर्ण करना है। वहीं, जियो बैग का कार्य बाढ़ खंड पीलीभीत के निर्देशन में चल रहा है। इसका बजट 9.98 करोड़ रुपये है। ग्राम प्रधान बासुदेव कुंडू ने बताया कि विधायक बाबूराम पासवान और ग्रामीणों ने हवन-पूजन के साथ कार्य शुरू कराया है। चंदिया हजारा, राहुल नगर समेत शारदा के तट पर बसे अन्य गांवों की सुरक्षा के लिए दोनों महत्वपूर्ण कार्य हैं।
















# हरदासपुर में बैंक शाखा खुलवाने की मांग

**मझोला, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में बैंक शाखा न होने के कारण ग्रामीणों को लेनदेन के लिए लंबी दूरी तय करके जाना पड़ता है। इस समस्या को लेकर बुधवार को अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरदासपुर के ग्राम प्रधान सुलिंदर सिंह के साथ ग्रामीणों ने बैंक प्रबंधक और डीएम को मांग पत्र दिय।


डीएम को मांग पत्र देने जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम हरदासपुर से लगे गांव कटईया पंडरी, कुलारा, देवहा, दिननगर, नवी नगर, बिरहनी, भरा पचपेड़ा, बेलापुखरा आदि गांव एक दूसरे से लगे हुए है। यहां बढ़ी संख्या में किसान अपना जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन गांव के आसपास कोई भी बैंक शाखा नहीं है। जिस वजह से उन्हें लेनदेन और अन्य बैंक से जुड़े कार्यों के लिए दूसरी जगह जाना पड़ता है। हरदासपुर गांव में अधिकतर परिवार विदेश में रहते हैं, जो अपने परिवार के लिए हर माह रुपये भेजते हैं। जिससे निकालने के लिए शहर जाना पड़ता है। जिससे बड़ी दिक्कत होती है। ऐसे में गांव में बैंक शाखा खुलवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में डॉ. रंजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, नरेंद्र सिंह, सुखविंदर सिंह, बलजीत सिंह, गुरमीत सिंह, विक्की, मलकीत सिंह, कल्याण सिंह, गुरमेल सिंह, रणवीर सिंह मौजूद रहे।

# समर्थकों ने भाजपा सांसद वरुण गांधी का जन्मदिन मनाया


संसदीय कार्यालय पर जन्मदिन मनाते समर्थक। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भाजपा सांसद वरुण गांधी का जन्मदिन बुधवार को समर्थकों ने हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया। संसदीय कार्यालय पर सुबह कार्यकर्ता एकत्र हुए। इसके बाद सांसद वरुण गांधी का 45 वां जन्मदिन केक काटकर मनाया। सांसद की दीर्घायु की कामना की गई। इसके अलावा बीसलपुर, पूरनपुर, अमरिया, बरखेड़ा में भी जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर निजी सचिव कमलकांत, कार्यालय प्रभारी दीपक पाण्डेय, अमित गंगवार, सूरज शुक्ला, रतनदीप गंगवार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चेतन शर्मा, मिलन मिश्रा, सतीश पांडेय, अजीम खान, निसार शाह, राजवीर सिंह, राजेंद्र वर्मा, राजेश पांडेय, सुमित पांडेय, मनोज वर्मा, बालकराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# किसानों के 250 करोड़ रुपये दबाए है बजाज शुगर मिल

संवाददाता, बिलसंडा

- राकिमसं ने पूर्ण भुगतान न होने पर दिया आंदोलन का अल्टीमेटम

**अमृत विचार :** बजाज शुगर मिल मकसूदापुर की मनमानी की वजह से गन्ना किसान परेशान हैं। भुगतान की लेटलतीफी से गन्ना किसान लगातार कर्ज में डूबते जा रहे हैं। चालू सत्र में 113 दिन किसान गन्ने की आपूर्ति कर चुके हैं, लेकिन भुगतान अभी तक सिर्फ 24 दिन का ही किसानों के बैंक खातों में भेजा गया है। उधर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने शीघ्र भुगतान न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

बता दें कि बिलसंडा ब्लाक क्षेत्र के करीब 50 फ़ीसदी किसान बजाज शुगर मिल मकसूदापुर को गन्ने की सप्लाई करते हैं, लेकिन हर वर्ष गन्ने के भुगतान को लेकर किसानों को मिल प्रबंधन द्वारा परेशान किया जाता है। फैक्ट्री का चालू पेराई सत्र 9 नवंबर 2023 से शुरू हुआ, लेकिन गन्ने की खरीद 6 नवंबर से ही शुरू हो सकी थी। मिल करीब 300 करोड़ का गन्ना खरीद चुकी है। लेकिन भुगतान सिर्फ 30 नवंबर तक यानि कि 24 दिन का ही किया है। ऐसे में किसान परेशान हैं। कस्बा बमरोली निवासी गन्ना कृषक वीरेंद्र सिंह उर्फ चुनमुन का कहना है कि गन्ने की छिलाई और ढुलाई पर अत्यधिक खर्च आ रहा है। जिसकी किसानों को भरपाई करना मुश्किल हो रहा है, लेकिन इसके बाद भी मिल प्रबंधन भुगतान पर ध्यान नहीं दे रहा है। मिल प्रबंधन द्वारा भुगतान करने में की जा रही लेट लतीफी की वजह से किसान जहां कर्ज में डूबते जा रहे है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने मिल प्रबंधन को अल्टीमेटम दिया है, जिसमें उन्होंने किसानों का शत-प्रतिशत बकाया भुगतान शीघ्र नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने यह भी कहा कि अन्नदाता की दशा बदहाल है।

## युवा व्यापार मंडल ने नियुक्त किए तहसील संयोजक

**मझोला, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने तहसील संयोजक नियुक्त किए। इसके तहत छोटे बाज़ारों तक सक्रिय संगठन बनाने की जिम्मेदारी दी गई। संगठन को और विस्तार देने के क्रम में युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने बीसलपुर तहसील संयोजक के रूप में जिला उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल को जिम्मेदारी दी। वहीं बरखेड़ा निवासी जिला उपाध्यक्ष नदीम अंसारी को तहसील सह संयोजक का दायित्व दिया गया। कलीनगर तहसील के लिए मलकीत सिंह और पूरनपुर तहसील के लिए जगजीवन सिंह बाजवा को संयोजक बनाया है। सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन ने उनसे एक माह के भीतर अपनी तहसील के प्रत्येक 50 दुकानों वाले बाज़ार तक संगठन को पहुंचाने की अपेक्षा की है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अमरिया और पीलीभीत तहसील संयोजकों की भी घोषणा इसी सप्ताह कर दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### रामभद्राचार्य से मिले पीलीभीत के महंत



**पीलीभीत।** जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य का बीते दिनों स्वस्थ्य खराब हो गया था। इसे लेकर उनके शुभचिंतकों परेशान हो उठे। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर के साथ ही मिलने भी पहुंच रहे थे। बुधवार को शहर के सत्य नारायण मंदिर के महंत पंडित संदीप पांडे चित्रकूटधाम पहुंचे। जहां उन्होंने गुरुदेव रामभद्राचार्य से भेंट की और उनका हालचाल जाना।

### अयोध्या में साहित्य संस्कृति मंच पर सम्मानित हुए जिले के दो शिक्षक




**पूरनपुर।** अयोध्या में आयोजित शैक्षिक समागम और गुरु वशिष्ठ के राम संगोष्ठी में पूरनपुर के दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर के इस कार्यक्रम में सम्मानित किए जाने पर दोनों शिक्षकों को बधाइयां मिल रहीं हैं। श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम में रामोत्सव के उपलक्ष्य में गत दिनों शैक्षिक समागम एवं गुरु वशिष्ठ के राम संगोष्ठी हुईं। एडु लीडर्स यूपी के मंच पर हुए इस कार्यक्रम में हमीरपुर के सत्येंद्र कुमार ''एडुलीडर्स कर्मयोगी 2024 सम्मान'' से सम्मानित किया गया। साहित्य संस्कृति मंच के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने पूरनपुर के गांव चांट फिरोजपुर के कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका डॉ. नीरांजना शर्मा और सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक प्रताप सिंह को राम के नाम का पटका, स्मृति चित्र, प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# अलग-अलग हादसों में शाहजहांपुर के दंपती समेत छह की मौत

## बाइक से दवा लेने एक अन्य के साथ लखीमपुर आ रहे थे दंपती, पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर दुर्घटना के बाद खड़ी रोडवेज बस।



सिंगाही पुलिस के कब्जे में ट्रक।



मृतक संजीव सक्सेना।



मृतका खिलौना देवी।



मृतक राम औतार।

**अमृत विचार :** फरधान क्षेत्र में रोडवेज बस ने थाना फरधान क्षेत्र के गांव पचपेड़वा में एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक और पीछे बैठे शाहजहांपुर के दंपती की मौत हो गई। वहीं सिंगाही क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से घायल हुए बाइक चालक ने भी दम तोड़ दिया। उधर मंगलवार को फरधान क्षेत्र में हादसे में घायल हुए किशोर ने उपचार के दौरान लखनऊ में दम तोड़ दिया। पलिया क्षेत्र में निजी बस से कुचलकर एक बुर्जुग की मौत हो गई। पुलिस ने सभी छह शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

पहला हादसा पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर गांव पचपेड़वा के पास बुधवार की सुबह करीब 11 बजे हुआ। शाहजहांपुर के थाना बंडा के गांव सिसौरा सिसौरी संजीव सक्सेना बाइक से पास के ही गांव धर्मापुर निवासी राम औतार उर्फ खेमकरन और उनकी पत्नी खिलौना देवी को साथ लेकर लखीमपुर दवा लेने जा रहे थे। गांव पचपेड़वा के पास लखीमपुर से बरेली जा रही शाहजहांपुर डिपो की रोडवेज बस ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे संजीव कुमार (35) पुत्र बृहमादीन और रामऔतार उर्फ खेमकरन (38) पुत्र प्यारेलाल जबकि बाइक पर सवार खेमकरन की पत्नी खिलौना देवी (34) गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां कुछ देर बाद उनकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बस को कब्जे में लिया है, जबकि चालक हादसे के बाद मौके से भाग निकला। पुलिस ने बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी बस से गंत्व्य के लिए रवाना किया। दूसरा हादसा मंगलवार की देर रात सिंगाही क्षेत्र में हुआ। कोतवाली तिकुनियां के गांव बनवीरपुर निवासी बबलू (26) पुत्र पूरन गांव के ही गौतम यादव के साथ शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। सिद्ध बाबा के पास सामने गन्ना भरे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सिंगाही पुलिस दोनों को निघासन सीएचसी लेकर पहुंची। जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर बबलू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

- सिंगाही क्षेत्र में गन्ना भरे ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

### निजी बस से कुचलकर बुजुर्ग की मौत

पलिया कलां। कस्बा मझगई निवासी नूर मोहम्मद (65) घर का कोई सामान लेने दुकान पर लेने गए थे। इसी बीच किसी एक प्राइवेट बस ने उन्हें रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिवार वाले उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मझगई थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बस को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सड़क हादसे में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान के गांव मनिकापुर निवासी शुभम (16) के पिता दुलारे गांव के निकट बने एक पैलेस में चौकीदारी करते हैं। मंगलवार की देर रात शुभम पिता को खाना देने जा रहा था। सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर पहुंची पीआरवी ने घायल को सीएचसी ले गई थी, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। लखनऊ में उपचार के दौरान शिवम की मौत हो गई। शुभम कक्षा नौ का छात्र था, जो एक निजी स्कूल में पढ़ता था। एसओ कौशल किशोर ने बताया मृतक के पिता दुलारे की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन और चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने किया हंगामा

**लखीमपुर खीरी।** सड़क हादसे में शाहजहांपुर के दंपती समेत तीन लोगों की मौत होने की जानकारी पुलिस ने जब उनके परिवार वालों को दी तो उनमें कोहराम मच गया। रोते-बिलखते लोग सीएचसी फरधान पहुंचे। जहां रखे संजीव कुमार और रामऔतार उर्फ खेमकरन का शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। परिजन सीएचसी पर देर शाम तक हंगामा करते रहे। उनका कहना था कि जब तक मौके पर कोई उच्चाधिकारी नहीं आता है और उन्हें मुआवजा नहीं मिलता है। तब तक वह पंचायतनामा पर दस्तखत नहीं करेंगे। पुलिस ने पीड़ित परिवार को मनाने की काफी कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। देर शाम तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। उन्होंने सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। उसके बाद परिजन मान गए और पंचनामा पर हस्ताक्षर किए। तब जाकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजे।

# युवक का लहूलुहान शव मिला गोली मारकर हत्या का आरोप



घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- खेत देखने की बात कहकर मंगलवार को घर से निकला था विकास
- पास में खड़ी थी बाइक, पड़ा था तमंचा और कारतूस

**अमृत विचार :** खेत देखने की बात कहकर घर से निकले युवक का गांव से करीब आठ किलोमीटर दूर थाना खीरी क्षेत्र के गांव लोनपुरवा के एक बाग में रक्तरंजित शव बरामद हुआ है। उसके जबड़े में गोली लगने के निशान मिले हैं। शव से कुछ दूरी पर बाइक खड़ी थी और तमंचा, कारतूस व 20 रुपये पड़े थे। परिवार वालों ने उसकी गोली मारकर हत्या होने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस उसके खुद गोली मारकर आत्महत्या करने का शक जाहिर कर रही है।

थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल के गांव लोनपुरवा की महिलाएं बुधवार को बकरी चराने गांव के बाहर खेतों की तरफ गई थीं। गांव के किनारे स्थित एक बाग में उन्होंने एक रक्तरंजित शव पड़ा देखा। पास में बाइक खड़ी थी। तमंचा, कारतूस और 20 रुपये पड़े थे। महिलाओं ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। सूचना पाकर ग्रामीण और एसओ अजीत कुमार और चौकी प्रभारी लल्ला गोस्वामी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। शव की पहचान थाना फरधान के गांव अटकोनवा निवासी विकास वर्मा (26) पुत्र सोनेलाल वर्मा के रूप में हुई। सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि विकास वर्मा मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे गांव अटकोनवा के निकट स्थित अपना खेत देखने के लिए बाइक से गया था, लेकिन वह शाम तक नहीं पहुंचा। काफी तलाश करने के बाद भी विकास का कोई पता नहीं चला। परिवार वालों ने बताया कि गोली विकास की गर्दन के नीचे जबड़े में लगी है। उन्होंने आशंका जताई कि उसकी हत्या की गई है। उधर पुलिस ने घटना स्थल पर मौजूद परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उसके खुद ही गोली मारकर आत्महत्या करने का शक जताया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### फील्ड यूनिट ने मौके पर जुटाए साक्ष्य

पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र के गांव लोनपुरवा में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने येलो टेप लगाकर घटना स्थल को सुरक्षित किया और फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलाई। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

> शव के जबड़े में गोली लगने जैसे निशान हैं। मौके पर तमंचा, कारतूस, बाइक व 20 रुपये भी मिले हैं। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट आने पर सही बात सामने आ सकेगी।
>
> -अजीत कुमार, एसओ।

## भूलभुलैया तक जाने के लिए खड़ंजा लगना शुरू

**निघासन।** सिंगाही कस्बा स्थित भूलभूलैया जाने वाले मार्ग पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने बुधवार को खड़ंजा लगवाने का काम शुरू करवा दिया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। कस्बावासियों का कहना है कि सिंगाही में ऐतिहासिक धरोहरों की भरमार है। इनकी वजह से कस्बे की खासी पहचान है। भूलभुलैया देखने के लिए हर साल तमाम लोग आते हैं। मगर, अभी तक आने-जाने के लिए बेहतर व्यवस्था नहीं थी। हालांकि कागजों पर तमाम बार विकास की योजनाएं बनी, जो धरातल पर कभी नहीं उतर सकीं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने क्षेत्र पंचायत की 30 लाख निधि से रास्ते पर खड़ंजा व जलनिकासी के लिए पुलिया निर्माण कार्य का आगाज किया है। इस दौरान प्रधान अखिलेश यादव, जोगेंद्र शाक्य, शिशिर गुप्ता, सभासद प्रभात शुक्ला उपस्थित रहे।

# बिना डॉक्टर भर्ती मिले मरीज, शिव हॉस्पिटल सील

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला के शिव हॉस्पिटल में कर्मचारी से जानकारी लेते डिप्टी सीएमओ लाल जी पासी।

**अमृत विचारः** डिप्टी सीएमओ लालजी पासी ने सीएचसी की प्रभारी अधीक्षक डॉ. यामिनी बादल, डॉ अजय वर्मा और डॉ. अशोक बिहारी के साथ लखीमपुर रोड पर स्थित शिव हॉस्पिटल का बुधवार को निरीक्षण किया तो वह हैरान रह गए। अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं मिला और न ही मौजूद स्टफ कोई सटीक जानकारी दे पाया, जबकि वहां आठ महिलाएं भर्ती थीं, जिसमें सात प्रसूताएं हैं और आठवीं के यूट्रस का ऑपरेशन किया गया है। कोई अभिलेख न दिखा पाने पर अस्पताल को सील कर दिया गया और सभी मरीजों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जबकि एक महिला को गंभीर हालत के कारण एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

बुधवार को डिप्टी सीएमओ को जानकारी मिली की लखीमपुर रोड स्थित शिव हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका है। वह टीम के साथ जांच करने पहुंचे। अस्पताल में मेडिकल व्यवस्थाएं नहीं हैं, फिर भी मौके पर आठ महिलाएं मरीज भर्ती मिलीं। अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं मिला। डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल सील कर दिया। बताया कि अस्पताल की कई बार शिकायत मिल चुकी थी। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन दो महीने पहले समाप्त हो चुका था, जिसके कारण अस्पताल को सील कर दिया गया है। मेडिकल टीम ने बताया कि शीघ्र ही शहर के सभी अवैध अस्पतालों का निरीक्षण किया जाएगा। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ. यामिनी बादल ने बताया कि शिव अस्पताल में ऑपरेशन के साथ मरीज भर्ती थे, जिनमें से डिलीवरी के छह मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जबकि हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला मरीज की हालत गंभीर होने के कारण एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

- गंभीर हालत के कारण एक महिला मरीज को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा
- आठ महिलाएं भर्ती थीं, सभी को सीएचसी भिजवाया

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120
9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ॰प्र॰, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु
नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित
स्मृति अग्रवाल - चार्टेड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा - सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा - जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह - गृह मंत्रालय
दीपशिखा - एम॰बी॰बी॰एस॰
मयंक शेखर श्रीवास्तव - आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी - प्राचार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी - प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर
(नासूर/भगन्दर, बवासीर/मस्से/पाइल्स का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर)
दिनांक: 12 मार्च से 15 मार्च 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
• शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
• गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
• कब्ज़ की शिकायत रहना
• शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
• बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
• पैरों की नसों में दर्द, सूजन एवं नीलापन रहना (वैरीकोज वैन्स)
• कुराठी (कोर्न) का अग्निकर्म विधि द्वारा इलाज
• शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना (Cyst/Lipoma)
• हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन
• पुराने से पुराने घाव (Non-Healing Ulcers)
• मूत्रमार्ग के सभी रोग जैसे: मूत्र त्याग में कठिनाई, मूत्रमार्ग में जलन आदि
पाइल्स/बवासीर
क्षारसूत्र चिकित्सा
व्रण (Wound)
-: धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
डॉ. अनु कोटिया
B.A.M.S. (Chaudhary Brahm Prakash, Delhi), M.S. (Ay) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं॰ 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क ऑपरेशन (केवल चयनित मरीजों के लिए)
डॉ. गीता
B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं॰ 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं॰-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

## सीजीएन पीजी कॉलेज का वार्षिकोत्सव आज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** सीजीएन पीजी कॉलेज का वार्षिकोत्सव 14 मार्च को महाविद्यालय परिसर में होगा। प्राचार्य प्रो पंकज सिंह ने बताया कि वार्षिकोत्सव (पग-ध्वनि) के मुख्य अतिथि डॉ. विद्या विन्दु सिंह पूर्व संयुक्त निदेशक उप्र हिन्दी संस्थान लखनऊ होगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. भारती सिंह पूर्व प्राचार्य महामाया डिग्री कॉलेज लखनऊ औरं प्रो. मनोज कुमार पांडे लखनऊ विश्वविद्यालय होंगे। वार्षिकोत्सव में वेदप्रकाश सिंह जिला गन्ना अधिकारी/प्रशासक, डॉ. बलवंत कुमार चौधरी प्रबंधक भी मौजूद रहेंगे।

## संविदा कर्मियों ने बैठक कर किया एकजुटता का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की जिला इकाई की बैठक जिला अस्पताल परिसर में हुई। इसमें कर्मचारियों की समस्याओं से लेकर संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया।

संविदा चिकित्सक डॉ. शिशिर पांडे ने सभी कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने की बात रखकर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स व स्टाफ को भी शामिल करने पर चर्चा की। उन्होंने समान कार्य समान वेतन, वेतन विसंगत सहित संविदा कर्मियों को राज्य कर्मचारियों की तरह सुविधाएं दिला जाने के लिए राज्य स्तर पर संगठन की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि संविदा के नाम पर शोषण की नीति नहीं चलने दी जाएगी। कर्मचारियों की मांगों को लेकर जल्द ही सीएमएस, सीएमओ, मिशन निदेशक से लेकर स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। डॉ. कर्मवीर सिंह ने संविदा, आउटसोर्सिंग एवं कांट्रेक्ट पर काम कर रहे कर्मचारियों से एक मंच पर आकर एक शक्ति के रूप में काम करने का आहवान किया। देवानंद श्रीवास्तव, विवेक मित्तल, फार्मासिस्ट मनोज मौर्या, पंकज शुक्ला, अनुज त्रिवेदी, स्तुति कक्कर, अतुल पांडे, सुरेंद्र कश्यप, प्रीति सिंह, अरविंद वर्मा, गौरव, ब्रजेश आदि मौजूद रहे।

## 100 बच्चों ने चीनी मिल में देखा उत्पादों का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- वैज्ञानिक अध्ययन कार्यक्रम के तहत कराया गया भ्रमण
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजेता बनी सनातन धर्म की सिमरन

**अमृत विचार:** वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला व औद्योगिक संस्थान का भ्रमण एवं वैज्ञानिक अध्ययन कार्यक्रम के सोमवार को 18 राजकीय, अशासकीय व वित्तविहीन माध्यमिक स्कूलों के 100 बच्चों ने गोला चीनी मिल का भ्रमण किया। छात्रों ने चीनी के साथ अन्य सह उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया देखी और समझी। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इससमें सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा सिमरन कनौजिया प्रथम रहीं।

डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने दो बसों से छात्रों के दल को हरी झंडी दिखाकर बस से गोला के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण, ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना को विकसित करे। इसी उद्देश्य के तहत छात्रों को चीनी मिल का भ्रमण कराया गया। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि छात्रों ने मिल में चीनी के साथ अन्य उत्पाद, जिसमें अल्कोहल, बैगास, आर्गेनिक खाद, मोलेसस आदि की निर्माण विधि देखी और उसके बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि जिले की नकदी फसल गन्ना है, इसीलिए छात्रों को चीनी मिल का भ्रमण व अध्ययन कराया गया।मिल के श्रम कल्याण अधिकारी रितेश दुबे ने छात्रों को भ्रमण कराकर चीनी सहित अन्य उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया के तकनीकी पहलू बताए और समझाए। इसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर की सिमरन कनौजिया प्रथम, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज लखीमपुर के श्रेधेय श्रीवास्तव द्वितीय एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज के आयुष शुक्ला तृतीय रहे। जबकि सांत्वना पुरस्कार धर्मसभा इंटर कॉलेज के गौरव यादव एवं सीएमएस की वैष्णवी को दिया गया। इस दौरान विद्यालयों के छात्र छात्राएं, शिक्षक व मिल कर्मचारी मौजूद रहे।

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
STRIVE FOR EXCELLENCE
For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
• Rich Library and well equipped Chemistry Lab • Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab • Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles • Smart Badminton & Volleyball • Creative and innovative method of teaching • Ventilated and Spacious Class Rooms • Experienced, dedicated & Caring staff • Emphasis on Co-Curricular activities • Ideal Infrastructure • Special Classes for weak Students • Regular Parent-Teacher meeting • Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.
Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

## कलेक्ट्रेट सभागार में किया सूरज पोर्टल का वर्चुअल आरंभ

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** पीएम सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम सूरज) पोर्टल का शुभारंभ कार्यक्रम बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इसका शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया।

इस दौरान मौजूद लोगों को लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने विभिन्न राज्यों के ऋण सहायता प्राप्त लाभार्थियों से बात की। इस दौरान डीएम ने 25 लाभार्थियों को ऋण वितरण स्वीकृत पत्र दिए। साथ ही नगर निकायों में कार्यरत 20 सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिक को पीपीई किट के साथ आयुष्मान कार्ड दिए गए। सहायक अनुभाग अधिकारी अंकिता जांगिड़, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडे, डीएसडब्ल्यूओ सुधांशु शेखर, डीएसडब्ल्यूओ (विकास) तेजस्वी मिश्रा, ईओ संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# पत्नी को मेडिकल में प्रवेश दिलाने के नाम पर पति से जालसाज ने 60 लाख ठगे

## फेसबुक पर प्रचार देखकर पीड़ित ने जालसाज से किया था संपर्क

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** साइबर जालसाज ने मेडिकल कॉलेज में एमडी के लिए प्रवेश दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये ठग लिए। जालसाज ने उसे प्रवेश पत्र व्हाट्सएप पर भेजा, लेकिन कुछ समय बाद उसे भी डिलीट कर दिया। शक होने पर पीड़ित जब मेडिकल कॉलेज पहुंचा तो उसे ठगी की जानकारी हुई। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी योगेश शुक्ल एसपी से मिले और उन्हें तहरीर देकर बताया कि वह पुणे (महाराष्ट्र) में रहकर अपना काम करते हैं। उन्होंने मेडिकल में प्रवेश कराने वाली हिंदुस्तान कंसलटेंसी का एक प्रचार फेसबुक पर देखा तो उस पर लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। फोन रिसीव करने वाले ने अपना नाम सागर खान निवासी दिल्ली बताया।

आरोपी सागर खान से उनकी अपनी पत्नी प्रियंका का एमडी में प्रवेश दिलाने की बात हुई। आरोपी ने पेड सीट पर प्रवेश कराने की बात बताई और कहा कि इसके लिए 60 लाख रुपये खर्च करने पड़ेंगे। आरोपी ने अपना एक्सिस बैंक शाखा सेक्टर-7 द्वारिका नई दिल्ली का खाता नंबर दिया। 22 नवंबर को सागर खान ने व्हाट्सएप पर एडमिशन लेटर

> एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सर्विलांस सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।
>
> **-अंबर सिंह**, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर

भेजा। कुछ देर बाद आरोपी ने उसे डिलीट कर दिया और कहा कि ऑनलाइन चेक कर रुपये खाते में भेज दो।

ऑनलाइन दिखने पर उन्होंने 60 लाख रुपये भेज दिए। फिर कुछ दिन बाद वह एडमिशन ऑनलाइन नहीं दिखा। इस पर उन्हें शक हुआ तो वह मेडिकल कौंसिल गए तो पता चला कि वहां कोई फाइल ही नहीं है। उसी प्रवेश पत्र नंबर पर किसी डॉ. दुष्यंत का नाम है। इस पर उन्होंने आरोपी सागर खान से बात की और विरोध जताते हुए रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने धमकी दी कि अगर पुलिस से शिकायत की तो तुम सबको मार दूंगा। मेरी चार सौ लोगों की टीम है।

उन्होंने एसपी को बताया कि अपनी कार को बेचकर वह लोन अदा कर रहा है। आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर भी बंद कर दिए हैं। बताया कि आरोपी ने अब दूसरे नाम से कंसलटेंसी खोली है, जिसमें महाराष्ट्र से एडमिशन और डॉक्टर बनाने की बात कर रहा है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मामले को गंभीरता से लिया।

उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सागर खान के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

## फायरिंग और मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के देवकली रोड पर मोहल्ला गणेश नगर में व्यापारी से मारपीट और फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीसरे दिन बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है, जबकि तीसरा आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग सका। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के कब्जे से दो तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि दस मार्च की रात करीब साढ़े आठ बजे मोहल्ला हाथीपुर कोठार निवासी जुबेद की तीन युवकों ने पिटाई कर दी थी और ताबड़तोड़ तीन फायर किए थे। पुलिस ने पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर मोहल्ला सुभाष नगर निवासी गुड्डू, हरीश और विनोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी गुड्डू और हरीश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक-एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। बुधवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

## पीस कमेटी की बैठक में सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील



हैदराबाद थाने में पीस कमेटी की बैठक में सीओ अजेंद्र यादव व अन्य लोग।

**संवाददाता, रोशननगर**

**अमृत विचार:** थाना हैदराबाद परिसर मे पीस कमेटी की बैठक में त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर जोर दिया गया।

थाना परिसर में हुई बैठक में सीओ गोला अजेंद्र यादव ने कहा कि आगामी त्यौहार होली, ईद पर कोई अप्रिय घटना न हो, कोई भी व्यवधान न डाले, जिसकी सूचना थाने मे दे सकते हैं। त्योहारां पर कोई भी नशा न करें। जहां तक हो सके अभिभावक अपने बच्चों को वाहन न दें। वही वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करें। जहां तक हो सके घरों पर रहे। निकट भविष्य में त्योहार और चुनाव भी है अगर कही कोई वाद विवाद हो तो सूचना थाने मे दे सकते हैं।

बैठक एसओ दीपक तिवारी, जडौरा प्रधानपति आशीष मिश्रा, रंजीत सिंह, गुरुपिंदर सिंह, हैदराबाद प्रधान मौलाना अशफाक, घरथनियां प्रधान रवि वर्मा, रितिक वर्मा, महेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहें।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का संसारपुर में हुआ स्वागत

**संसारपुर।** कस्बा संसारपुर की शाम सात बजे मंडल मंत्री दीपक गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का पार्टी कार्यकर्ताओं नें नारेबाजी करते हुए फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें हमारे देश का नाम पूरी दुनिया में बुलंदियों पर पहुंचा दिया है। कहा कि इस समय पूरे देश में मोदी लहर चल रही है, विपक्ष कहीं भी नज़र नही आ रहा है। लखीमपुर सदर विधायक योगेश वर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार, अरविन्द सिंह संजय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामप्रसाद देवल, प्रधान मनोज गावड़ा, मंडल अध्यक्ष रामानुज मिश्रा, राजेंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों तक पहुंचने की कोशिश

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर की रोडवेज पुलिस चौकी के सामने स्थित एक बेकरी में सोमवार की रात हुई चोरी के मामले की सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। अब वह सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। इसके लिए आसपास लगे कैमरों को पुलिस खंगाल रही है, लेकिन अभी तक उसके हाथ कोई फुटेज नहीं लगे हैं। सोमवार की रात चोरों ने रोडवेज पुलिस चौकी के सामने स्थित आवास विकास कॉलोनी निवासी विक्रम सचदेवा की दुकान पर पड़ी टिन शेड काट दी थी और अंदर घुस गए थे। चोर दुकान से लैपटॉप, नगदी, चॉकलेट समेत करीब एक लाख रुपये का माल बटोर ले गए थे। साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी खोलकर साथ ले गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। दुकान स्वामी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि व्यापारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस छानबीन कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# भाई के हत्यारोपी ने फंदे पर लटक कर जान दी



जिला अस्पताल की मोर्चरी पर प्रबल के शव का पंचायतनामा भरती पुलिस।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- पांच माह पहले जेल से जमानत पर आया था प्रबल

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला दुर्बल आश्रम निवासी 19 वर्षीय युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं थाना मैगलगंज के गांव धर्माखेड़ा निवासी अरविंद कुमार उर्फ बड़के (28) का शव खेत में लगे पेड़ से लटका मिला है। प्रेम प्रसंग के चलते बड़के के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

शहर के मोहल्ला दुर्बल आश्रम रहने वाले प्रबल (19) पुत्र स्व. सुशील कुमार का शव बुधवार की सुबह उसके घर में फंदे से लटका मिला। मृतक की मां श्याम कली शहर के गांधी बाल उद्यान जूनियर हाईस्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थीं। रामकली के दो बेटे और एक बेटी है। बड़े बेटे की करीब एक साल पहले हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने छोटे बेटे प्रबल को जेल भेजा था। पांच महीने पहले प्रबल जेल से जमानत पर छूटा था। मंगलवार की रात उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे की मौत से मां और बहन का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मैगलगंज में पेड़ से लटका मिला युवक का शव



उधर मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव धर्माखेड़ा निवासी अरविंद कुमार उर्फ बड़के पुत्र शंकर लाल (28) ने अज्ञात कारणों के चलते गांव के बाहर स्थित सरकारी ट्यूबवेल के पास एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब ग्रामीण खेतों की तरफ गए तो पेड़ में शव लटकता देखा। सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों के बाबत परिवार वाले कुछ नहीं बोल रहे हैं। हालांकि ग्रामीणों में चर्चा है कि युवक का एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी के चलते उसने आत्महत्या की है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। परिवार की तरफ से कोई तहरीर अभी नहीं आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

# नगर क्षेत्र के स्कूलों में बहुत कम मिली छात्रों की उपस्थिति

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में छात्रों की उपस्थित के मामले में नगर क्षेत्र में ही चिराग तले अंधेरा मिला है। नगर क्षेत्र में मात्र 39.90 प्रतिशत बच्चे ही स्कूलों में पढ़ने से लेकर भोजन में शामिल हुए। सीएमआईएस पोर्टल पर हुई फजीहत को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने बीईओ से जवाब तलब किया है।

शासन की ओर से परिषदीय स्कूलों में छात्रों की उपस्थित 90 प्रतिशत करने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि इस मानक पर जिले का एक भी ब्लॉक खरा नहीं है। शिक्षण कार्य से लेकर मध्याहन भोजन में छात्रों की 70.21 फीसद उपस्थित में बांकेगंज नंबर एक पर है, जबकि नगर क्षेत्र के स्कूलों



> जिन ब्लॉकों में छात्रों की उपस्थित कम मिली है। उनको नोटिस जारी कर कम से कम उपस्थित 80 प्रतिशत करने के निर्देश देकर जवाब तलब किया है। यदि इसके बाद भी उपस्थित में इजाफा न हुआ तो संबंधित बीईओ के खिलाफ कार्रवाई होगी।
>
> **-प्रवीण कुमार तिवारी**, बीएसए

में छात्रों की उपस्थित मात्र 39.90 प्रतिशत ही रही। यह स्थित तब है जब नगर क्षेत्र में विभागीय अधिकारी तक मौजूद रहते हैं। इसके बाद भी छात्रों की उपस्थित 90 फीसद न हो पाना जिम्मेदारों की लापरवाही प्रदर्शित करता है। पोर्टल पर छात्रों की उपस्थित कम मिलने के मामले में डीएम ने नाराजगी जताई है। इ इस पर बीएसए ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

### कम उपस्थिति वाले नगर व ग्रामीण क्षेत्र

नगर क्षेत्र- 39 .90 प्रतिशत
1- नकहा-56-56 प्रतिशत
2- लखीमपुर- 60-31 प्रतिशत
3- फूलबेहड़- 63-63 प्रतिशत
4- रमियाबेहड़- 64-67 प्रतिशत
5- बेहजम- 64-69 प्रतिशत
6- धौरहरा- 64-83 प्रतिशत

### बेहतर उपस्थिति वाले ब्लॉक

1- बांकेगंज- 70-21 फीसद
2- पसगवां- 69-67 फीसद
3- बिजुआ- 69 फीसद
4- पलिया- 68-93 फीसद
5- मितौली- 68-61 फीसद

## गन्ना समितियों की अंश पूंजी से भुगतान कराने की मांग

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**



अमित शाह के नाम केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी को ज्ञापन देते पदाधिकारी।

- राकिशसं ने गन्ना भुगतान के लिए सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की चीनी मिलों के गन्ना किसानों का भुगतान सहकारी गन्ना विकास समितियों की अंश पूंजी से कराने की मांग को लेकर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नाम खीरी सांसद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी गई है।

ज्ञापन में कहा कि बजाज ग्रुप की गोला गोकर्णनाथ, पलिया कलां और खंभार खेड़ा चीनी मिलों का गन्ना भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस कारण किसान बहुत व्यथित हैं। प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, जिला अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा फौजी, मंडल संगठन मंत्री संतोष सिंह भदौरिया, अरुण कुमार वर्मा, सत्येंद्र कुमार वर्मा, अंशु सिंह, राधेश्याम वर्मा, परमेश्वरदीन आदि मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के ऑपरेशन
दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

### अनदेखी : मुख्यमंत्री के आदेश, फिर भी पैच वर्क तक नहीं कराया गया, पैदल चलने लायक नहीं बची सड़क

# बस्तौला-अलीगंज मार्ग पर मुसीबतों भरा सफर कर रहे लोग

**संवाददाता, मूड़ा सवारान**

**अमृत विचार:** बस्तौला से अलीगंज तक पहुंचने के लिए बदहाल सड़क से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि पैदल चलना तक मुश्किल है। सड़क को पुनः बनवाना तो दूर, मुख्यमंत्री के आदेश बाद भी किसी ने इस सड़क पर पैच वर्क तक कराना उचित नहीं समझा। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसमें बाइक अनियंत्रित होने से चालक गिरकर चोटिल हो जाते हैं। सड़क के गड्ढे कई वर्षों से राहगीरों को आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस सड़क पर विधायक, सांसद, मंत्री, जिले के अधिकारी आदि सदैव ही निकलते रहते हैं, लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।

क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को तहसील गोला व जिला मुख्यालय तक जोड़ने वाला यह एकमात्र प्रमुख और सीधा मार्ग है। बस्तौला से अलीगंज 18 किलोमीटर दूर है। जिस पर क्षेत्र के सैकड़ों सरकारी व गैर सरकारी कार्यों से जुड़े लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। गुलरिया व गोला चीनी मिलों के क्रय केंद्रों पर खरीदा जाने वाला गन्ना इसी मार्ग से होकर भेजा जाता है। मार्ग खराब होने के कारण स्कूल और दफ्तर पहुंचने वाले बच्चों और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में समय लग जाता है। कई वर्षों से खराब इस सड़क को देखने वाला कोई नहीं। इस मार्ग पर जाते समय गड्ढों में सड़क को तलाशना पड़ता है। सड़क की स्थिति बदहाल होने के कारण सवारियों से सफर करना काफी महंगा हो जाता है। यही वजह है की व्यावसायिक वाहन मालिक मनमाना किराया वसूलते हैं। नेताओं के लिए यह सड़क मात्र चुनावी मुद्दा बनकर रह गया है। सड़क की जर्जर व खस्ता हालत को देखते हुए स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों द्वारा सड़क निर्माण के संबंध में दर्जनों बार प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों से मांग की गई, मगर बरसों इंतजार के बाद भी विभाग इस सड़क निर्माण कराने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।



बस्तौला से अलीगंज जाने वाली बदहाल सड़क।



> इस मार्ग से प्रतिदिन ही आना-जाना होता है। बस्तौला से तिकुनिया मार्ग पैदल चलने लायक भी नहीं बचा है। मार्ग पर वाहनों के टायर पंचर होना आम बात हो गई है। यह मार्ग काफी समय से बदहाल है जिसे नया बनवाना अति आवश्यक है।
>
> **-अशोक कुमार**, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मूड़ा सवारान।



> तहसील गोला व जिला मुख्यालय पहुंचने का यह सीधा मार्ग है अन्य मार्गों से जाने पर सफर दोगुना हो जाता है। इस मार्ग की मरम्मत तक नहीं कराई गई है इससे यह मार्ग चलने लायक नहीं बचा है। इस मार्ग का चौड़ीकरण व नवीनीकरण कराया जाना अति आवश्यक है।
>
> आसिद अली शिक्षक निवासी मूड़ा **-सवारान।**



> अलीगंज से होते हुए तहसील गोला व जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है जिस पर गोला बिजुआ सहित क्षेत्र के सैकड़ों गांव के लोग प्रतिदिन आते जाते हैं। पिछले कई वर्षों से मार्ग जर्जर हालत में है प्रदेश सरकार का गड्ढा मुक्त अभियान भी इस सड़क पर बेकार साबित हुआ है।
>
> **-धीरेंद्र सिंह**, निवासी ग्राम पंचायत भदेड़।



> बस्तौला से तिकुनिया व अलीगंज तक सड़क की मरम्मत कई वर्षों से नहीं कराई गई है जिस कारण आज यह सड़कें पैदल चलने लायक भी नहीं रह गई हैं। दूसरे मार्गों से जाना मजबूरी हो गया है। सरकार को इन सड़कों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।
>
> विनोद रस्तोगी पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत शिवपुरी।

# श्री रामजानकी मंदिर मार्ग पर भरता है नालियों का पानी

## पालिका परिषद का सफाई सिस्टम ध्वस्त, नालियां चोक होने से दिक्कतों का सामना कर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद का सफाई सिस्टम ध्वस्त हो गया है। शहर के ईदगाह मोहल्ले में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर मार्ग पर नालियों का पानी भर जाता है। इससे यहां की हालत गांव के गलियारे से भी बदतर प्रतीत हो रही है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि बरसात में लोग कैसे निकलते होंगे। इसकी वजह नालियों पर अतिक्रमण से लेकर उनका चोक होना है। मोहल्ले के श्रीराम जानकी मंदिर जाने वाली गली में भी गंदा पानी भरा है। इससे भक्तों को मंदिर आने जाने में असुविधा हो रही है। इस गली में घरों का गंदा पानी भरने से करीब 40 मकानों के दो सौ से अधिक लोगों को परेशान होना पड़ता है। मंदिर मार्ग पर जलभराव होने से मोहल्लेवासियों में पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी है।

नगर पालिका की सफाई व्यवस्था बेपटरी है। नाले नालियां चोक होकर गंदगी से लबालब है। नालियों का गंदा पानी गलियों में भर रहा है। लोगों का गली से निकलना मुश्किल हो गया। ऐसा ही कुछ हाल मोहल्ला ईदगाह का है। जहां पर सबसे ज्यादा दिक्कत श्रीराम जानकी मंदिर जाने वाली गली में हैं। चोक होने से आए दिन नाली का गंदा पानी गली में भर जाता है। इससे गली में रहने वालों को घर से निकलने से लेकर भक्तों को पूजापाठ के लिए मंदिर जाने में असुविधा हो रही है। भक्तगण गंदे पानी से होकर मंदिर जाने के लिए मजबूर हैं। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जब इस मौसम में गली की यह हालत है तो बारिश में इसका क्या हाल होगा, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। मोहल्ले में जलभराव की समस्या कई साल से है, लेकिन पालिका प्रशासन इससे निजात दिलाने के लिए कोई स्थाई निराकरण नहीं कर रहा है, जिससे गली के लोग नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।



मोहल्ला ईदगाह में श्रीराम जानकी मंदिर मार्ग पर भरा पानी। ● अमृत विचार

● **मोहल्ला वासियों में पालिका प्रशासन के प्रति पनप रहा आक्रोश**



आए दिन गली में नालियों का गंदा पानी भर जाता है। इससे गली से निकलना तो मुश्किल होता ही है, साथ ही उठती दुर्गंध से घरों में बैठना दूभर हो रहा है। जब बारिश होती है तो लोग घरों में कैद होने के मजबूर होते हैं।
किशन गुप्ता, मोहल्ल निवासी।



नाली चोक होने के कारण अक्सर मंदिर के सामने स्थित गली में घरों का गंदा पानी भरा रहता है। ऐसे में भक्तों को गंदे पानी से होकर मंदिर आना पड़ता है। नगर पालिका में कई बार शिकायत के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।– दिलीप अवस्थी, पुजारी।



पालिका के मंदिर जाने वाली गली का जलभराव पालिका प्रशासन के स्वच्छता अभियान को आइना दिखा रहा है। इसके लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए, लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।
– ऋषि गुप्ता, मोहल्ला निवासी।



स्वच्छ भारत मिशन की हकीकत मंदिर वाली गली बयां कर रही है। गर्मी की शुरुआत हो गई। यही हाल रहा तो संक्रामक बीमारियां लोगों के लिए मुसीबत बनेंगी। वहीं इस बार बारिश में यह गली बड़ी समस्या होगी।– आदित्य कुमार, निवासी मोहल्ला ईदगाह

गली में जलभराव होने पर पालिका से मशीन मंगवाकर सफाई करवा दी है। आगे भी सफाई का कार्य जारी रहेगा। जलभराव का कारण रेलवे का नाला बन रहा है। हालांकि इस संबंध में माननीयों से लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है।
– **ज्योति वर्मा, सभासद**, ईदगाह मोहल्ला

नाली चोक होने की समस्या गंभीर है। नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। सफाई नायक को नियमित रिपोर्ट देने को कहा गया है। मोहल्ले की नालियों की सफाई निरंतर जारी रहेगी, जिससे जलभराव की समस्या न हो।
– **संजय कुमार**, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर

# पौने दो करोड़ से सेठघाट का होगा सौंदर्यीकरण



सेठघाट के सौंदर्यीकरण के लिए भूमि पूजन करते केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** शहर के सेठघाट का सौंदर्यीकरण होगा, जिसका केंद्रीय गृहराज्यमंत्री एवं खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने बुधवार को विधि विधान से पूजन कर शिलान्यास किया। सौंदर्यीकरण का कार्य उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम करवाएगा।

निगम के अधिशासी अभियंता आशुतोष मिश्रा ने बताया कि सौंदर्यीकरण के तहत भव्य गेट, सत्संग भवन, परिसर पर इंटरलॉकिंग, शौचालय के अलावा लोगों को बैठने के लिए बेंच आदि का निमार्ण कराया जाएगा। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बुधवार को विधि विधान से हवनपूजन कर निमार्ण कार्य का शिलान्यास किया। बता दें कि सेठघाट पर अव्यवस्थाओं के चलते सबसे ज्यादा दिक्कत छठ पूजा के दौरान पूजन के लिए आने वाली महिलाओं को होती थी।

काफी दिन से छठ पूजा आयोजन समिति के लोग सेठघाट के सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे थे। बुधवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री द्वारा सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किए जाने से पूजन समिति के साथ छठ पूजा करने वालों में खुशी है। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बाजपेई, अनूप मिश्रा, जितेंद्र त्रिपाठी जीतू आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### त्योहारों को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मोहम्मदी-खीरी।** रमजान एवं होली के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। शांति व्यवस्था को लेकर सीओ अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर के नेतृत्व में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर फ्लैग मार्च किया। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। सीओ ने कहा कि सभी लोग किसी प्रकार कि अफवाह, भ्रामक खबरों से सावधान रहे। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वाले मैसेज को फॉरवर्ड करने से परहेज करें, क्योंकि प्रशासन और पुलिस विभाग सोशल मीडिया पर की जारी है। प्रत्येक क्रिया प्रतिक्रिया पर नजर रखी जा रही है।

### वाहन की टक्कर से नेपाली महिला घायल

**पलिया कला।** दुधवा रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने एक नेपाली महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को बेहोशी की हालत में पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बेसुध होने के कारण महिला का नाम और पता अभी तक पता नहीं चल सका।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने आग से झुलसे ससुर बहू को दी आर्थिक मदद

**मैलानी, अमृत विचारः** भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर ने नारंग गांव पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास से झुलसे हरिश्चंद्र और बहू पूजा को आर्थिक सहायता दी, साथ ही हर संभव सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया, जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी।

ग्राम नारंग में मंगलवार को खाना बनाते समय लगी आग से घर में खड़ी एक स्कूटी और बाइक सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया था। आग बुझाते हुए हरिश्चंद्र और बहू पूजा झुलस गए थे। परिजन झुलसे दोनों लोगों को सीएचसी बांकेगंज ले गए जहां से डॉक्टरों ने गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन झुलसे दोनों लोगों को परिजन यह कहकर घर वापस ले आए कि उनके पति के आने के बाद जिला अस्पताल ले जाया जाएगा। भाजपा नेत्री गुरमीत कौर ने आग से झुलसे ससुर-बहू के घर पहुंच कर उनकी आर्थिक सहायता कर हर संभव सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में नौ बच्चे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छह व नौ में प्रवेश के लिए बुधवार को मंडलीय परीक्षा हुई। राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित परीक्षा में छह के लिए हुई परीक्षा में चार और कक्षा नौ के लिए हुई परीक्षा में पांच छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे।

● **श्रम विभाग ने परीक्षा देकर निकले छात्रों को कराया स्वअल्पाहार**

श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को बेहतर आवासीय शिक्षा मुहैया कराने के लिए लखनऊ में अटल आवासीय विद्यालय शासन की ओर से संचालित हैं। इसमें बच्चों को नवोदय विद्यालय की तरह आवासीय शिक्षा मुहैया कराई जाती है। हर साल की तरह इस साल भी कक्षा छह व नौ में प्रवेश के लिए बुधवार को मंडलीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ। दोनों कक्षाओं में 140-140 सीटों के लिए परीक्षा हुई। इसके लिए जिले भर से छात्र-छात्राएं सुबह दस बजे ही जीआईसी कॉलेज के गेट पर पहुंच गए। वहां पर तलाशी आदि लेने के बाद छात्रों को परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी गई। सीसीटीवी की निगरानी में सकुशल परीक्षा संपन्न होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। कक्षा छह में चार और कक्षा नौ के पेपर पांच छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे।



अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा देकर निकलते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



शहर के मोहल्ला संतोषनगर आराध्या शाह ने बताया कि पेपर अच्छा हुआ है। अब रिजल्ट आने का इंतजार रहेगा। इस परीक्षा के लिए काफी तैयारी की थी।



आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए बांकेगंज से परीक्षा देने आई डॉली ने बताया कि कुल मिलाकर पेपर ठीक ही हुआ है। सभी प्रश्न हल कर दिए हैं। अब रिजल्ट की प्रतीक्षा रहेगी।



बेहजम से परीक्षा देने आई नैंसी ने बताया कि पेपर बहुत सरल आया, जो भी प्रश्न किए हैं, उनमें से अधितर सही होगें। इसलिए चयन होने की संभावना पूरी है।



शहर के प्रकाशनगर निवासी मोंटी शुक्ला ने बताया कि परीक्षा को लेकर एक डर बना हुआ था, लेकिन पेपर देखकर वह दूर हो गया। पेपर अच्छा हुआ है पूरा विश्वास है चयन हो जाएगा।

● **लखनऊ के मोहनलालगंज में स्थित है अटल आवासीय विद्यालय**

**पंजीकृत छात्र छात्राओं की संख्या**

| कक्षा | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| छह | 134 | 130 | 04 |
| नौ | 74 | 69 | 05 |

अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए बुधवार को मंडलीय प्रवेश परीक्षा हुई। कक्षा छह में प्रवेश के लिए 77 छात्र और 53 छात्राओं ने पेपर दिया। जबकि कक्षा नौ के लिए 39 छात्र और 30 छात्राओं ने पेपर दिया।
–संतोष त्रिपाठी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

### स्कूल में लगे शिविर में छात्रों से कराया गया योगाभ्यास

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** आयुष सोसायटी के मिशन निदेशक महेंद्र वर्मा तथा निदेशक आयुर्वेद सेवाएं प्रोफेसर प्रकाशचंद्र सक्सेना के निर्देशानुसार डॉ हरबंश कुमार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर के मार्गदर्शन में संचालित योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोला के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. डालचन्द और डॉ.विभा वर्मा के सानिध्य में योग प्रशिक्षक शशिकान्त दीक्षित द्वारा संविलियन विद्यालय भुसौरिया में विद्यार्थियों को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, सूर्यनमस्कार, वज्रासन, मण्डूकासन, उत्तानमंडूकासन, शशकासन, भुजंगासन आदि योगासनों के साथ ही भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतकारी एवं भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। शिविर में कविता सेन, हिमानी, श्रृद्धा, तबस्सुम, रेखा, पूर्णिमा, रेशू, निशी, दीपा, अंजलि, प्रतिभा आदि शिक्षकों

## रुद्र महायज्ञ में परिक्रमा कर कमाया पुण्य लाभ



अहमदनगर में यज्ञ की परिक्रमा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** नगर की खुटार रोड स्थित अहमदनगर ग्राम में हो रही आठ दिवसीय रूद्र महायज्ञ में क्षेत्र के तमाम गांवों के श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया। रासलीला में श्रीकृष्ण जन्म और पूतना वध का मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए।यज्ञाचार्य शिवेंद्र मिश्र कात्यायन, लवकुश शास्त्री ने आयोजक देवेंद्र मिश्र, अमित शुक्ला पिंटू, विकास मिश्र, अनिल मिश्र, सनिल मिश्र और राजकुमार मिश्र से श्री रूद्र महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डलवाई। वृंदावन के कलाकारों ने रात में भगवान श्रीकृष्ण जन्म की लीला में कंस के अत्याचारों को दर्शाया। दिन में पूतना वध की लीला का मंचन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। पं राहुल कृष्ण दीक्षित ने श्रीमद्भागवत कथा सुना कर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। योगेंद्र मिश्र, हर्षित मिश्र, राजेश कुमार मिश्र, नवी हुसैन, श्रवण कुमार मौर्य, मौरध्वज मौर्य, दिनेश गिरि, रमाकांत अर्कवंशी, आदित्य यादव, संजय मिश्र, फेरू सिंह, जसकरन गौतम, ध्रुव प्रजापति, छोटू तिवारी, ममता, गार्गी, शिवा, नीलम, अवष्ठि आदि मौजूद रहे।

### चित्रकला प्रतियोगिता में विद्या निकेतन की तनु रही प्रथम

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** दयानंद बाल विद्या मंदिर में हुई स्वर्गीय राजेंद्र राठी स्मारक चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में मतदाता जागरुकता अभियान विषयक पर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा तनु सिंह चौहान ने प्रथम और नैंसी वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करने पर प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने सम्मानित किया है। 24 दिसंबर को हुई प्रतियोगिता में नगर के कई विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस चित्रकला प्रतियोगिता में मतदाता जागरुकता अभियान से सम्बंधित विषय वास्तु का चित्रण करना था। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर दोनों छात्राओं को प्रमाणपत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर दोनों छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इन्स्टीट्यूट ऑफ डेन्टल साइन्सेस
वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर
मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर
पंजीकरण मात्र 50/-
15 मार्च – 20 मार्च 2023

मुफ्त परामर्श
मुफ्त दाँतों की सफाई
मुफ्त पायरिया का इलाज
बरेली इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराहे के सामने, डेन्टल कालेज रोड, बरेली
संपर्क करें : कमरा नं. 223, पेरियोडोन्टिक्स विभाग

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र योगेश कुमार व पुत्रवधू ममता को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रामपाल पुत्र श्री विजयी व श्रीमती रामसनेही पत्नी रामपाल निवासी ग्राम कान्हा नगला थाना बिनावर जिला बदायूँ।**

सूचना
मेरी पुत्री के हाईस्कूल अंकतालिका सी.बी.एस.सी. बोर्ड में मेरा नाम सोनम सिंह (घरेलू नाम) अंकित है जो कि गलत है। मेरा सही नाम सोनकली देवी पत्नी दरियाव सिंह है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे सोनकली देवी पत्नी दरियाव सिंह, नि.मो. महाराज नगर सिविल लाइंस बदायूं उ.प्र. के नाम से जाना, पहचाना जाये।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एक मकान मो. सराय, वार्ड सं. 13, फतेहगंज पश्चिमी में अपना नाम नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज कराना चाहता हूँ। जिसका बैनामा मो. इब्राहीम पुत्र खलील द्वारा किया गया है। इस पर किसी को नाम दर्ज कराने में आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अन्दर अधिशासी अधिकारी फतेहगंज पश्चिमी को दे सकता है। मियाद गुजरने के बाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। **मो. अलीम पुत्र मो. इब्राहीम, मो. सराय, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम अरमान दयाल से बदलकर किंग दयाल रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को किंग दयाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **फिरोज दयाल पुत्र श्री मसीह दयाल निवासी 83 सिविल लाइन्स, मिशन कम्पाउण्ड, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं. L2103956 में मेरा नाम IRASHAD है जिसे बदलकर अब मैंने इरशाद अहमद रख लिया है। भविष्य में मुझे इरशाद अहमद के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **इरशाद अहमद (IRSHAD AHMAD) पुत्र जाहिद ग्राम रामपुर नवदिया पो. जलालपुर ब्लाक खुदागंज शाहजहांपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# यह दंगे के मुख्य अभियुक्त का प्रभाव गिरफ्तार नहीं कर पा रही है पुलिस

## तौकीर की गिरफ्तारी को लेकर अदालत ने पुलिस पर फिर की कड़ी टिप्पणी

विधि संवाददाता, बरेली


तौकीर रजा

- अब एसएसपी को तौकीर की गिरफ्तारी का आदेश, अगली सुनवाई 19 मार्च को
- डीएम को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आईजी को निगरानी की जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी न होने पर फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने बुधवार को फिर पुलिस पर कड़ी टिप्पणी की। कहा, दंगे का मुख्य अभियुक्त होने के बावजूद तौकीर के प्रभाव के कारण उसकी अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे साफ जाहिर है कि देश में आम आदमी के लिए अलग कानून है और प्रभावशाली लोगों के लिए अलग। अदालत ने एसएसपी को आदेश दिया कि तौकीर को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पेश किया जाए।

अदालत ने तौकीर रजा की गिरफ्तारी न होने पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर ये अपराध किसी आम व्यक्ति ने किया होता तो वह अब तक गिरफ्तार होकर जेल पहुंच गया होता लेकिन चूंकि तौकीर रजा प्रभावशाली धार्मिक व्यक्ति है, इसलिए गैरजमानती वारंट जारी होने के बावजूद खुला बाहर घूम रहा है। बता दें कि अदालत ने पांच मार्च को तौकीर रजा को शहर में 2010 में हुए दंगे का मुख्य अभियुक्त करार देते हुए पेश होने का आदेश दिया था लेकिन पुलिस तौकीर को समन ही नहीं दे सकी। इसके बाद 11 मार्च को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने इसे तौकीर का सहयोग मानते हुए सीओ फर्स्ट को उसकी गिरफ्तारी करने का आदेश दिया था। लेकिन इसके बाद भी तौकीर की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

बुधवार को इस केस की सुनवाई के दौरान अदालत ने एसएसपी को दिया कि गैरजमानती वारंट पर मौलाना तौकीर रजा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाए। अदालत ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी जिलाधिकारी की होगी। आदेश की प्रति आईजी बरेली रेंज को भी इस निर्देश के साथ भेजी गई है कि वह अपनी निगरानी में गैरजमानती वारंट तामील कराएं। केस की अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी।

### मृत्यु के बाद चार पर केस खत्म

तौकीर रजा खां के साथ इस केस में जिन आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी है, उनमें से बाबू, राजू उर्फ राजकुमार, कौसर और निसार अहमद की मृत्यु हो चुकी है। उनके विरुद्ध मुकदमे की कार्रवाई खत्म कर दी गई है। उधर, आरिफ, वसीम, अबरार के गैरहाजिर रहने पर उनके विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।

## तौकीर के पांच सौ मीटर से ज्यादा नजदीक नहीं पहुंच सकी पुलिस

- दिल्ली में दर्जन भर से ज्यादा स्थानों पर दी दबिश हर बार पास पहुंचने से पहले निकल गया तौकीर

**बरेली: अमृत विचार :** दिल्ली गई पुलिस टीम का दावा है कि तौकीर रजा की गिरफ्तारी के लिए दर्जन भर से ज्यादा स्थानों पर दबिश दी गई लेकिन एक बार भी तौकीर की सटीक लोकेशन नहीं मिल पाई। पुलिस के मुताबिक कई बार तौकीर की लोकेशन पांच सौ मीटर से डेढ़ किमी के दायरे में मिली लेकिन नजदीक पहुंचने से पहले ही वह चकमा देकर निकल गया। अदालत के 11 मार्च को गैरजमानती वारंट जारी करने के बाद तौकीर की गिरफ्तारी के लिए एक टीम उसी रात दिल्ली रवाना कर दी गई थी। अगले दिन सीओ फर्स्ट संदीप कुमार सिंह भी दिल्ली पहुंच गएथे। पुलिस के मुताबिक तौकीर के मोबाइल फोन के लोकेशन और कॉल डिटेल के अनुसार टीम दिल्ली में लगातार दबिश देती रही। कई बार लोकेशन मिलने के बाद पुलिस ने तौकीर के नजदीक पहुंचने की कोशिश की लेकिन वह पहले ही वहां से गायब हो गया। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे तौकीर रजा का मोबाइल फोन स्विच ऑफ होने के बाद चोर-सिपाही का यह खेल बंद हो गया। पुलिस ने बताया कि इन 36 घंटों में सर्विलांस के जरिए मौलाना की सी और डी लोकेशन ही मिली। डी श्रेणी की लोकेशन करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में होती है और सी श्रेणी की पांच सौ मीटर के दायरे में। ए श्रेणी की लोकेशन तब मिलती है, जब वांछित व्यक्ति कुछ ही मीटर की दूरी पर होता है। तौकीर का पीछा कर रही पुलिस को एक बार भी ए या बी श्रेणी की लोकेशन नहीं मिल पाई।

# परीक्षक रोज जांचेंगे हाईस्कूल की 50, इंटर की 45 कॉपियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मूल्यांकन केंद्र पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए डीआईओएस ने जारी किए निर्देश
- वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराया जाएगा मूल्यांकन कार्य

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू होगा। कॉपी जांचने का कार्य सीसीटीवी की निगरानी में होगा। इस दौरान मोबाइल का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। प्रश्नोत्तरों का मूल्यांकन क्रमवार मार्किंग के माध्यम से होगा। वहीं साफ सुथरी लिखावट पर भी छात्र-छात्राओं को नंबर मिलेगें। त्रुटिरहित व समयबद्ध मूल्यांकन संपन्न कराने की जिम्मेदारी उप नियंत्रक से लेकर परीक्षकों की होगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जीआईसी, जीजीआईसी एवं गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इसके लिए उत्तर पुस्तिकाओं के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। हाईस्कूल का हर परीक्षक प्रतिदिन 50 और इंटर के परीक्षक को 45 कॉपियां जांचनी होगी। मूल्यांकन के बाद परीक्षकों को अपने हस्ताक्षर व परीक्षक संख्या भी अंकित करनी होगी।

वहीं जिन कॉपियों में 90 प्रतिशत से अधिक या फिर शून्य अंक आएंगे, उनका पुनर्मूल्यांकन उप प्रधान परीक्षक द्वारा किया जाएगा। डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मूल्यांकन कार्य वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराया जाएगा। मूल्यांकन केंद्र के प्रधानाचार्यों को पेयजल से लेकर शौचालय आदि की सफाई व प्रकाश व्यवस्था के बेहतर इंतजाम करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

**सम्मन सूचना**
**न्यायालय चकबन्दी अधिकारी द्वितीय बरेली**
वाद संख्या-2392/2015
धारा-9ए(2) यू.पी.सी. एक्ट
ग्राम खरकपुर ता. रायपुर तोकमन
तहसील फरीदपुर जिला बरेली।
......... प्रार्थिनी/वादी
सरकार बनाम गेंदन लाल
प्रतिवादीगण गेंदन, रिशी पाल पुत्रगण ननकू निवासीगण ग्राम खल्लपुर, तहसील फरीदपुर, जिला बरेली। चूंकि प्यारे लाल व हरिराम पुत्रगण पुत्तू लाल आदि ने आप प्रतिवादीगण के नाम एक वाद अन्तर्गत धारा-9ए(2) यू.पी.सी.एच. एक्ट बावत हक/बंटवारा के दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि दिनांक 14-3-24 को स्वयं अथवा मार्फत किसी वकील जो मुकदमा से वखूबी वाकिफ हो, जो मुकदमा में जवाबदेही कर सके मय कागजात अदालत हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा का फैसला होगा। आज तारीख 13.03.24 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
**आदेशानुसार**
**न्यायालय चकबन्दी अधिकारी द्वितीय बरेली**

**न्यायालय परगनाधिकारी, बीसलपुर (पीलीभीत)**
**वाद सं. T202412560200396**
परमजीत कौर बनाम् जगदीश नरायन आदि
धारा-144 यू.पी.आर.सी. ग्राम-तिलसण्डा हसौआ तह.-बीसलपुर जिला-पीलीभीत
1. जगदीश नरायण पुत्र तिवारी लाल पूर्व ग्राम तिलसण्डा हंसौआ तह. बीसलपुर हाल नि. मो. शारदा कालोनी पर. व तह. व जिला पीलीभीत 2. सरजीत सिंह पुत्र विशाखा सिंह 3. सर्वजीत सिंह पुत्र विशाखा सिंह 4. रजवन्त कौर पत्नी स्व. प्रीतम सिंह 5. सरवन सिंह पुत्र प्रीतम सिंह 6. गुरनाम सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासीगण ग्राम तिलसण्डा हसौआ पर. व तह बीसलपुर जिला पीलीभीत 7. उ.प्र. सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय जिला पीलीभीत।
सूचित हो कि आपके विरूद्ध वाद अंतर्गत धारा 144 यू.पी.आर.सी. ग्राम तिलसण्डा हसौआ पर. व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत योजित किया गया है जिसमें दिनांक 15.03.2024 नियत है। अत: आप समय 10 बजे सुबह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता एवं अन्य कोई व्यक्ति जो मुकदमे के तथ्यों से अवगत हो, नियत तिथि पर अपना लिखित कथन प्रस्तुत करें तथा यह भी जरूरी है कि आप अपना सभी लिखित एवं मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कर दें। जिसके आधार पर आप अपना लिखित कथन प्रस्तुत कर रहे हैं। यदि नियत तिथि पर आप न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो आपकी अनुपस्थिति में निर्णय आपके विरूद्ध कर दिया जायेगा। दिनांक 22.02.2024 मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा में निर्गत किया गया।
**उपजिलाधिकारी, बीसलपुर**

## सार-संक्षेप

### भारतीय स्टेट बैंक ने लगवाईं 20 सोलर लाइटें

**बांकेगंज।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बांकेगंज द्वारा विकास खण्ड बांकेगंज की ग्राम पंचायत ग्रंट नम्बर 10 व 11 के सार्वजनिक स्थानों पर 20 सोलर लाइटें लगवाई गईं। भारतीय स्टेट बैंक बांकेगंज के शाखा प्रबंधक रविंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि एसबीआई सप्त ऋषि योजना के अंतर्गत समय-समय पर शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन हेतु शाखा के कार्यक्षेत्र में सोलर लाइटें इत्यादि सार्वजनिक स्थलों पर लगवाई जाती हैं। शाखा व क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों द्वारा विकास खंड बांकेगंज के ग्रंट नंबर 10 और ग्रंट नंबर 11 में चयनित 20 स्थानों पर सोलर लाइट लगवाई गई है। ग्रंट नम्बर 10 के राधाकृष्ण मंदिर, गुरुद्वारा, स्टेशन रोड, अन्य ग्रंट नम्बर 11 के अमृत सरोवर, अंबेडकर पार्क, गोला रोड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों लाइटें लगवाई गयीं हैं।

### छात्राओं ने ऑनलाइन देखा सेमीकंडक्टर मिशन कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सेमीकंडक्टर मिशन को लेकर कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कार्यक्रम का यूट्यूब चैनल के माध्यम से सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम की नोडल विमलेश ने छात्राओं को सेमीकंडक्टर के बारे में जानकारी दी। साथ ही विकसित भारत‹bha›@‹/bha›2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सेमीकंडक्टर की भूमिका पर छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम में डॉ. रेखा पांडे, डॉ. प्रीति सिंह, अर्चना सिंह, शिवांगी सक्सेना, डॉ. क्षमा तिवारी, डॉ. प्रियंका सिंह, सविता शुक्ला, वीना चौरसिया, डॉ. राखी चौहान, छाया वर्मा सहित एनएसएस की स्वयंसेविकाएं और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# महादेवा टांडा पहुंचे डीएम-एसपी ने जाना पीड़ितों का हाल

संवाददाता, सिंगाही


गांव महादेवा में अग्निपीड़ितों से बात करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा।

- शिविर लगवाकर बंटवाई राशन किट, तिरपाल और कंबल, आग से 50 घर हो गए थे राख

**अमृत विचार :** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा बुधवार को थाना सिंगाही के गांव महादेवा टांडा पहुंचे और अग्नि पीड़ितों से मिलकर उनका दुख दर्द जाना। गांव में शिविर लगवाकर अग्निपीड़तों को राशन किट, तिरपाल और कंबल वितरित कराए। साथ ही शीघ्र ही सरकारी सहायता राशि उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया।

डीएम-एसपी ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। डीएम ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि उन्हें जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। डीएम ने राजस्व टीम को निर्देश दिया कि क्षति का आकलन शीघ्र पूर्ण करें ताकि पीड़ित परिवारों को अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराई जा सके। डीएम ने सभी पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि हर संभव सहायता प्राप्त कराने में कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। डीएम-एसपी दोपहर करीब 12 बजे गांव पहुंचे। उन्होंने अग्नि पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। पीड़ितों ने आप बीती दोनों अधिकारियों को बताई। अफसरों ने हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अग्निकांड में सब कुछ गवां चुके परिवारों को जिला प्रशासन पूरी मदद करेगा। एसडीएम को निर्देश दिए कि क्षेत्रीय लेखपाल के जरिए प्रभावित परिवारों से जरूरी दस्तावेज लेकर सभी अनुमन्य सभी सहायता प्रदान की जाए। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने दोनो अफसरों को अब तक प्रदान की गई सहायता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड से 50 परिवार प्रभावित हुए हैं, जिसमे 26 आवासीय झोपड़ी एवं 26 पशुबाड़े सहित चार सही आवासीय झोपड़ी आग की भेंट चढ़ी हैं। अग्नि पीड़ितों को खाद्य सामग्री आटा, चावल, प्याज, आलू, तिरपाल और कंबल का वितरण कराया। निघासन खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह को निर्देश दिया कि ग्राम की जो भी झोपड़पट्टी आग लगने से जल कर खाक हो गई हैं। उन परिवारों का सर्वे कराकर उनको प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास दिलाएं। इस दौरान एसडीएम अश्वनी सिंह, तहसीलदार भीमसेन, बीडीओ जयेश कुमार, नायब तहसीलदार हरिराम भी मौजूद रहे।

### बोरिंग का सामान बरामद, दो गिरफ्तार

**पलिया कलां।** संपूर्णानगर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी हुई मशीन, ट्राली व अन्य बोरिंग का सामान बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार रूपनारायण पुत्र इतवारी निवासी निघासन व दीपक शुक्ला पुत्र गोवर्धन निवासी केसरीगंज ,थाना लहरपुर, जिला सीतापुर का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने जेल भेज दिया।

**कार्यालय पंचायत ओसड, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)**
**निविदा सूचना**
समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत ओसड में मनरेगा व ग्राम निधि योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है - ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत ओसड में अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य | 3.10 लाख |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।
**ग्राम प्रधान** **ग्रा.पं.अ.**

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आफ्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**
**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

### तराई मजदूर सभा ने जीएम को सौंपा ज्ञापन, दी चेतावनी

**निघासन।** तराई मजदूर सभा, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ व असवानी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के लोगों ने चीनी मिल कर्मचारियों एवं अधिकारियों को तय आठ प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग करते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी को संबोधित ज्ञापन बेलरायां चीनी मिल जीएम विवेक यादव को सौंपा। उत्तर प्रदेश चीनी मिल असवानी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन लखनऊ मंडल अध्यक्ष कौशल वर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांग पूरी न हुई तो अधिकारी एवं कर्मचारी आगामी चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। कौशल वर्मा ने बताया कि अब तक मात्र 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। जबकि सरकार की ओर से 46 प्रतिशत भत्ता देने का शासनादेश जारी किया गया है। मगर, चीनी मिलों में शासन स्तर से अब तक शासनादेश नहीं आया है। सरकार चीनी मिल कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। सहकारी चीनी मिल व आसवानी में कार्यरत कर्मचारियों को सहकारी समिति अधिनियम 1965 में शामिल किया जा चुका है। इसके बावजूद सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू नहीं कि गईं, जो निराशाजनक है। अजीत मिश्रा, राजू यादव, तेज बहादुर, पंकज मोदनवाल, आसिफ, संजय सिंह, कमाल अहमद, सुनील सिंह उमेश वर्मा, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### भुसौरिया में आज लगेगा एनएसएस का सात दिवसीय शिविर

**गोला गोकर्णनाथ।** राष्ट्रीय सेवा योजना युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान कृषक समाज इंटर कॉलेज का सात दिवसीय विशेष शिविर 14 से 20 मार्च तक ग्राम भुसौरिया कृषक समाज फार्म पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. एलआर वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि 14 मार्च को मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू उद्घाटन करेंगे।

**कार्यालय पंचायत गुलड़िया, वि.खं. शेरगढ़ (बरेली)**
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुलड़िया, विकास खंड शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य मनरेगा, राज्य वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग योजना द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट, रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 14 मार्च 2024 से 15 मार्च 2024 अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | अलाउद्दीन के घर से मो. हनीफ के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3.84 लाख | मनरेगा |
| 2. | अहमद नवी के घर से पक्की सड़क तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3.05 लाख | मनरेगा |
| 3. | रूपचंद के घर से हरीश कुमार के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2.40 लाख | ग्राम निधि |
| 4. | बुद्धसेन के घर से फिरोज के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3.55 लाख | ग्राम निधि |
| 5. | नरपत सिंह के घर से भूपदेव प्रधान की बैठक तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण | 3.10 लाख | ग्राम निधि |

**ग्राम प्रधान-कृष्ण पाल गंगवार** **सचिव-प्यारे लाल**

**कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स**
193, ए सिविल लाइन्स, बरेली
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था उर्स सेला कमेटी, पूरनपुर पोस्ट खास जिला पीलीभीत 262122 पत्रावली संख्या 1-65951 की प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2023-24 पंजीकृत करने के सम्बन्ध में नोटरी शपथ पत्र के साथ प्रपत्र श्री मो. हनीफ द्वारा सेक्रेटरी की हैसियत से प्रस्तुत किये गये है। वर्तमान में प्रस्तुत प्रबन्धकारिणी समिति की सूची वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित पदाधिकारी/सदस्य दर्शाये गये है। (1) श्री साजिद अली-सरपरस्त (2) श्री अकील उर्रहमान-सदर (3) श्री कामिल खां-ना. सदर (4) श्री मो. हनीफ-सैक्रेटरी (5) श्री मो. आरिफ-ना. सक्रैटरी (6) श्री मो. सिद्दीक-कोषाध्यक्ष (7) श्री आसिम खां-मेला मैनेजर (8) श्री असलम खां लोहार-ना. मेला मैनेजर (9) श्री डा. अच्छन मन्सूरी-ऑडीटर (10) श्री मो. ताहिर-मेम्बर (11) श्री ताहिर हुसैन-मेम्बर (12) श्री नबी अहमद-मेम्बर (13) श्री रईस मियां-मेम्बर (14) श्री सईद अहमद साबरी-मेम्बर (15) श्री मो. अहमद कादरी-मेम्बर (16) श्री रईसुद्दीन-मेम्बर (17) श्री शाहिद अली-मेम्बर (18) श्री शकील मोहम्मद-मेम्बर (19) श्री सलीम सलमानी-मेम्बर (20) श्री मुकेश अहमद-मेम्बर (21) श्री मो. इस्लामउद्दीन-मेम्बर (22) मो. आबिद हुसैन-मेम्बर (23) श्री असलम चाय वाले-मेम्बर (24) श्री इकरार हुसैन-मेम्बर (25) श्री बहजत खां-मेम्बर (26) श्री वाहिद अहमद-मेम्बर (27) श्री नूर बख्श-मेम्बर (28) श्री मो. साहिद-मेम्बर (29) श्री सरताज अली-मेम्बर (30) श्री अरशद अली-मेम्बर (31) श्री अजीज अहमद अन्सारी-मेम्बर (32) श्री अखलाक अहमद-मेम्बर (33) श्री मो. युसुफ-मेम्बर (34) श्री मिजाजुद्दीन-मेम्बर (35) श्री मो. फहीम-मेम्बर (36) श्री मो. अकरम-मेम्बर (37) श्री वसीम अहमद-मेम्बर (38) श्री हसीम अहमद-मेम्बर (39) श्री महबूब जमा खां-मेम्बर (40) श्री अनवार अहमद-मेम्बर (41) श्री इमदाद हुसैन-मेम्बर (42) श्री मकबूल हुसैन-मेम्बर (43) श्री अब्दुल वहीद आढ़ती-मेम्बर (44) श्री शराफत अली-मेम्बर (45) श्री शेर खां-मेम्बर उक्त के सम्बन्ध में संस्था के किसी भी भूतपूर्व अथवा वर्तमान पदाधिकारी/सदस्यों को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्यों सहित सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, यदि उक्त निर्धारित अवधि में किसी को कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है, निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी प्रत्यावेदन/शिकायत पर विचार नहीं किया जायेगा। तदोपरान्त आपत्ति के अभाव में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भूतपूर्व/वर्तमान सदस्यों की होगी।
उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सो.रजि.अधि. 1860 की धारा 4-क, के ''परन्तुक'' के अन्तर्गत जारी की जा रही है।
**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**



**96.8** करोड़ से अधिक लोग लोकसभा चुनाव में करेंगे मतदान





**47.1** करोड़ महिला मतदाता



**49.7** करोड़ पुरुष मतदाता



**21.6** करोड़ युवा मतदाता

**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम सूची से कटे हैं उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता यूपी में

## चुनावी तीर



कांग्रेस और सपा रामलला का मंदिर नहीं बना पाते। गरीब को राशन, मकान, स्वास्थ्य सुविधा नहीं उपलब्ध करा सकते हैं तो आप अपना वोट खराब कर उन्हें बोझ के रूप में क्यों स्वीकार करते हैं।

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री उप्र



जो लोग 2014 में आए थे, वे 2024 में जाने वाले हैं। कभी, 10 साल हिटलर का समय था। वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका। तो, अब इनके भी 10 साल भी पूरे हो गए हैं।

**अखिलेश यादव,** सपा अध्यक्ष

## भाजपा की दूसरी सूची

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमश: मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं, मगर उत्तर प्रदेश की राजनीति के दिग्गजों की झोली अभी खाली है।

**दादर एवं नगर हवली :** श्रीमती कालाबेन देलकर

**दिल्ली : पूर्वी दिल्ली :** हर्ष मल्होत्रा, **उत्तर पश्चिमी दिल्ली :** योगेन्द्र चंदोलिया

**गुजरात : साबर कांठा :** भीखाजी दुधाजी ठाकोर, **अहमदाबाद पूर्व :** हसमुख भाई सोमाभाई पटेल, **भावनगर :** श्रीमती निमुबेन बम्भानिया **वड़ोदरा :** श्रीमती रंजनबेन धनंजय भट्ट, **छोटा उदयपुरा( अजजा ) :** जशुभाई भीलुभाई राठवा, **सूरत :** मुकेशभाई चंद्रकांत दलाल, वलसाड( अजजा ) धवल पटेल

**हरियाणा : अम्बाला ( अजा ) :** श्रीमती बंतो कटारिया, **सिरसा ( अजा ) :** अशोक तंवर, **करनाल :** मनोहर लाल खट्टर, **भिवानी :महेन्द्रगढ़ :** चौधरी धरमबीर सिंह, **गुरुग्राम :** राव इंद्रजीत सिंह यादव, **फरिदाबाद :** कृष्णपाल गुर्जर

**त्रिपुरा पूर्व :** महारानी कृति सिंह देब वर्मा।

**हिमाचल प्रदेश : हमीरपुर :** अनुराग सिंह ठाकुर, **शिमला :** सुरेश कुमार कश्यप,

**उत्तराखंड : गढ़वाल :** अनिल बलूनी, **हरिद्वार :** त्रिवेंद्र सिंह रावत

**महाराष्ट्र : नंदुरबार :** डॉ. हिना विजय कुमार गाबित, **धुले :** सुभाष रामराव, **जलगांव :** स्मिता वाघ, **रावेर :** रक्षा निखिल खडसे, **अकोला :** अनूप धोत्र, **वर्धा :** रामदास चंद्रभान, **नागपुर :** नितिन गडकरी, **चंद्रपुर :** सुधीर मुंटीवार, **नांदेड़ :** प्रतापराव पाटिल, **जालना :** राव साहेब, **डिंडोरी :** डॉ. भारती प्रवीण पवार, **भिंवडी :** कपिल मोरेश्वर पाटिल, **मुंबई उत्तर :** पीयूष गोयल, **मुंबई उत्तर पूर्व :** मिहिर कोटेचा, **पुणे :** मुरलीधर किशन मोहोल, **अहमदनगर :**सुजय पाटिल, **बीड :** पंकजा मुंडे, **लातूर :** सुधाकर तुकाराम, **माडा :** रणजीत सिन्हा, **सांगली :** संजय काका पाटिल।


**तेलंगाना : आदिलाबाद :** गोदाम नागेश, **पेद्दापल्ले :** गोमासा श्रीनिवास, **मेडक :** माधवनेनी रघुनंदन राव, **महबूबनगर :** डीके अरुणा, **नल्गोंडा :** सईदा रेड्डी, **महबूबाबाद :** प्रोफेसर अजमीरा सीताराम नाइक।

**कर्नाटक : चिक्कोडी :** अन्नासाहेब शंकर जोल्ले, **बागलकोट :** पीसी गद्दीगोंडर, **बीजापुर :** रमेश जिगजिणगी, **गुलबर्गा :** उमेश जी जाधव, **बीदर :** भगवंत खूबा, **कोप्पल :** बसवराज क्यावातूर, **बेल्लारी :** बी. रामुलू, **हावेरी :** बसवराज बोम्मई, **धारवाड़ :** प्रह्लाद जोशी, **दवणमेरे :** गायत्री सिद्देश्वर, **शिमोगा :** वी वाई राघवेंद्र, **उडुपी चिकमंगलूर :** कोटा श्रीनिवास पुजारी, **दक्षिण कन्नड़ :** ब्रिजेश चौटा, **तुमकुर :** वी सोमण्णा, **मैसूर :** कृष्णदत्त चामराज वाडिया, **चामराजनगर :** एस बालराज, **बेंगलुरु ग्रामीण :** डॉ. सीएन मंजूनाथ, **बेंगलुरु उत्तर :** शोभा करंदलाजे, **बेंगलुरु सेंट्रल :** पीसी मोहन, **बेंगलुरु साउथ :** तेजस्वी सूर्या।

*2024 में 400 पार का नारा देकर भारतीय जनता पार्टी क्या करना चाहती है यह विवाद का विषय नहीं है। बल्कि विचार का विषय यह है कि वह यह लक्ष्य हासिल कैसे कर पाएगी। अभी तक 400 पार का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के ही नाम है। यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए भाजपा को कम से कम 13 प्रतिशत मतों का इजाफा करना होगा। सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट:*

# नरेंद्र मोदी क्या तोड़ पाएंगे राजीव गांधी का रिकार्ड!





**1985** में कांग्रेस ने 542 में से 415 सीटों पर जीत दर्ज करके रच दिया था इतिहास

**303** सीटों पर 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने हासिल की जीत। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थीं।

भारतीय जनता पार्टी ने जब "अबकी बार चार सौ पार' का नारा दिया तो उनकी पार्टी के ही लोग उस पर सवाल उठाने लगे।एक सांसद ने जब यह कहा चार सौ पार जाकर संविधान बदलेंगे तो तूफ़ान उठ खड़ा हुआ। हम यहां यह बात नहीं कर रहे हैं कि चार सौ सीट हासिल करने का भाजपा का उद्देश्य क्या है। बल्कि विचार यह है कि कि चार सौ पार जाने का लक्ष्य कितना कठिन है। क्योंकि आजादी के बाद चार सौ पार जाने का करिश्मा सिर्फ राजीव गांधी ही कर सके हैं।

1984 में राजीव गांधी ने जब 415 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी।उस समय हालात क्या थे किसी से छिपा नहीं है। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद आम जनता में सहानुभूति की लहर उठी थी । उसी के परिणाम स्वरूप राजीव गांधी यह करिश्मा कर सके थे। क्या भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में वैसी लहर देख रही? या फिर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व को लेकर अति आत्मविश्वास में है। यदि ऐसा है भाजपा नेतृत्व को यह समझ लेना चाहिए कि चार सौ पार की राह इतनी आसान नहीं है। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं। भाजपा ने 37.36% वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त मत 60.37 करोड़ वोटों के साथ 45% था।

**13%** का इजाफा करना पड़ेगा भाजपा को इस बार के लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए

1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव 1 साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 50 के करीब पहुंचा। कांग्रेस ने कुल 49.1 प्रतिशत हासिल किए थे। उस समय भाजपा दो सीटों पर सिमट गई थी। 2019 के चुनाव को आधार माने तो भाजपा के पास इस समय 37.36% मत हैं। यानी कि राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए भाजपा को अपने मत प्रतिशत में लगभग 13% का इजाफा करना पड़ेगा। जो फिलहाल आसान नहीं दिखता।

राजीव गांधी का रिकॉर्ड तोड़ने से पहले भाजपा को पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी द्वारा बनाए गए कई रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। 1951 में जब देश में पहला चुनाव 489 सीटों पर हुआ था। उसे समय कांग्रेस को 364 सीटें मिली थी। 1957 में कांग्रेस ने 371 सीटों पर विजय हासिल की थी। 1971 में भी कांग्रेस में 352 सीटें जीती थी। 1980 में भी कांग्रेस को 351 सीट मिली थी। भाजपा के समक्ष राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने से पहले इन चार चुनाव के रिकॉर्ड भी तोड़ने की चुनौती है। 2004 में कांग्रेस 145 सीटों के साथ सबसे आगे रही जबकि भाजपा को 138 सीटें मिलीं थीं। 1984 के बाद कांग्रेस की सीट निरंतर घटती गई। उसी अनुपात में भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हुई। बावजूद इसके कांग्रेस 2004 से 2014 तक पुनः सरकार बनाने में कामयाब रही।



**कांग्रेस को कब मिली कितनी सीटें**

| | |
|---|---|
| 1951 | 364 |
| 1957 | 371 |
| 1967 | 283 |
| 1971 | 352 |
| 1977 | 153 |
| 1980 | 351 |
| 1984 | 415 |
| 1989 | 197 |
| 1991 | 244 |
| 1996 | 140 |
| 2004 | 145 |
| 2009 | 207 |
| 2014 | 44 |
| 2019 | 53 |

## गहलोत, कमलनाथ की तरह हरीश रावत ने भी मांगा बेटे के लिए टिकट

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** राजस्थान व मध्य प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट मांगा है। यहां से उनकी बेटी अनुपमा रावत विधायक हैं लेकिन गर्भवती होने के कारण चुनाव प्रचार करने में असमर्थ हैं। उत्तर प्रदेश की रायबरेली एवं अमेठी सीट को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है यहां से प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने पर विचार चल रहा है।

पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा की है। यहां से वे अपने बेटे वीरेंद्र को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने उन्हें सलाह दी है कि वे या तो स्वयं चुनाव लड़े या फिर बेटी अनुपमा को मैदान में उतारे, क्योंकि पहली मर्तबा में वीरेंद्र को टिकट देना न्याय संगत नहीं होगा।

हरीश रावत शुरू से अल्मोडा-पिथौरागढ संसदीय सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं लेकिन यह सीट सुरक्षित हो जाने के बाद उन्होंने



● अमेठी या रायबरेली से प्रियंका को उम्मीदवार बनाने पर विचार-विमर्श

हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सांसद बने थे। लेकिन इस बार वे हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के पार्टी के प्रस्ताव को ठुकरा रहे हैं। रावत का तर्क है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है उनकी जगह बेटे को टिकट दे दिया जाए। वेणुगोपाल से हुई मुलाकात के दौरान हरीश रावत ने बेटे को चुनाव जीतने का सबसे बड़ा फार्मूला वर्तमान सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल का टिकट कटने से भाजपा में पैदा हुए असंतोष का लाभ मिलना बताया है।

इसी तरह उप्र में रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र को लेकर कांग्रेस में काफी विमर्श चल रहा है। क्योंकि सोनिया राज्यसभा से सांसद है और राहुल वायनाड से लड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह संदेश जा सकता है कि गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी को छोड़ दिया। पहले यह कहा जा रहा था कि राहुल अमेठी या रायबरेली से भी लड़ सकते हैं।

## टिकट बंटवारे की नाराजगी पर ममता ने छोटे भाई से तोड़े संबंध

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी से सभी संबंध तोड़ने का ऐलान किया। ममता का यह कदम उनके भाई द्वारा पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से पार्टी द्वारा प्रसून बनर्जी को फिर प्रत्याशी बनाने पर नाखुशी जताने के बाद आया है। बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में यह टिप्पणी की।



पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के खिलाफ बोलने के लिए अपने छोटे भाई पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा, हर चुनाव से पहले, वह समस्या पैदा करते हैं। मुझे लालची लोग पसंद नहीं हैं। मैं वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करती कि मैं उन्हें चुनाव में टिकट दूंगी। मैंने उनके साथ सभी रिश्ते खत्म करने का फैसला किया है। बाबुन बनर्जी ने कहा कि मैं हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से खुश नहीं हूं।

## दलों में आधी आबादी के हक की बात, टिकट देने में आनाकानी

● लोकसभा में मुरादाबाद मंडल की छह सीटों पर किसी पर नहीं है महिलाओं का प्रतिनिधित्व

● भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस की ओर से महिलाओं को टिकट देने में किया जाता है संकोच


● मुरादाबाद से 1952 से अब तक हुए चुनाव में नहीं पहुंची हैं कोई महिला संसद में

● विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चुनाव आने पर राजनीतिक दलों को आधी आबादी की अहमियत वोट के लिए तो याद आती है लेकिन उनके हकदारी की बात करने वाले लोकसभा, विधान सभा या स्थानीय निकाय के चुनाव में टिकट देने में आनाकानी करते हैं। मुरादाबाद मंडल के छह सीटों में से एक पर भी लोकसभा में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं है। इनके वोट लेने वाले टिकट के समय इनकी अनदेखी कर देते हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी है। भले ही अभी चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन जीत हार के ताने बाने बुने जा रहे हैं। आंकड़ों पर जीत को तौला जा रहा है। कहीं जाति तो कहीं धर्म तो कहीं पुरुष और महिलाओं की संख्या के अनुपात में प्रत्याशी तय करने में दलों के दिग्गज जुटे हैं। लेकिन आजादी के कई दशक बीतने के बाद भी राजनीति में आधी आबादी को अपना पूरा हक नहीं मिल रहा है। आधी आबादी के हक की बात तो की जाती है लेकिन जब चुनाव का समय आता है तो उनको जीत के लिए अधिक मुफीद न मानते हुए टिकट देने से परहेज किया जाता है। ऐसी स्थिति किसी एक दल की नहीं कमोवेश सबकी है। दलों के दिग्गज महिलाओं को वोट के लिए तो अहम मानते हैं लेकिन टिकट देने से बचकर पुरुषों पर अधिक दांव लगाते हैं।

अब संसद में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद बने कानून का कितना पालन दलों के द्वारा किया जाएगा यह तो चंद दिनों में पता चल जाएगा लेकिन अभी तक के आंकड़े महिलाओं के लिए राजनीति में हकदारी की बात अंगूर खट्टे हैं जैसी है। मंडल में छह में से किसी सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं है। जबकि मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से अब तक हुए चुनाव परिदृश्य पर नजर डालें तो कोई महिला संसद में नहीं पहुंची हैं।



● मुरादाबाद नगर ● मुरादाबाद देहात ● ठाकुरद्वारा ● कांठ ● बढ़ापुर

### इस बार बढ़ी हैं महिला मतदाता



इस लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान में पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में आधी आबादी पर रहेगा जीत का अहम दारोमदार रहेगा। इस बार के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 11,46,014 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। विशेष पुनरीक्षण अभियान में 69407 मतदाता बढ़े हैं। जिसमें पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। पहले महिला मतदाताओं की संख्या 11,04,303 थी। पुनरीक्षण में महिला मतदाता 41,710 बढ़ गई हैं। अब इनकी कुल संख्या 11,46,014 हो गई है। ऐसे में जीत की कुंजी उनके हाथ में रहेगी। हालांकि जिले में कुल 24,42,843 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

**मुरादाबाद मंडल के सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | डॉ. एसटी हसन | सपा |
| रामपुर | घनश्याम लोधी | भाजपा ( उपचुनाव में जीते ) |
| संभल | डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क | 27 फरवरी 2024 निधन |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली | बसपा ( अभी निष्कासित ) |
| नगीना | गिरीश चंद्र | बसपा |
| बिजनौर | मलूक नागर | बसपा |

**मुरादाबाद लोकसभा सीट पर इनकी जीत**

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | स्वतंत्र |
| 1967 | ओम प्रकाश त्यागी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | वीरेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी |
| 1980 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी ( सेक्युलर ) |
| 1984 | हाफिज मो. सिद्दिक | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1996 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | चन्द्र विजय सिंह | अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | मोहम्मद अज़हरुद्दीन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | कुंवर सर्वेश कुमार सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | डॉ. एसटी हसन | समाजवादी पार्टी |

**केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती, दो बार पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने किया था प्रतिनिधित्व**

## फतेहपुर : बनेगा नया रिकार्ड या दोहराया जाएगा इतिहास

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

कानपुर और प्रयागराज तथा गंगा-यमुना के बीच में बसे होने के कारण दोआबा के नाम से मशहूर फतेहपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने हैट्रिक लगाने के लिए केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से मैदान में उतार दिया है। हालांकि इतिहास बताता है कि इस सीट से अभी तक कोई सांसद हैट्रिक नहीं लगा पाया है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार नया रिकार्ड बनेगा या इतिहास दोहराया जाएगा। सपा-कांग्रेस गठबंधन में इस सीट से सपा को प्रत्याशी उतारना है।




उत्तर प्रदेश की राजनीति में फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह बात इसी से समझी जा सकती है कि यहीं से वर्ष 1989 और 91 के चुनाव में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीतने वाले विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। उनसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे हरिकिशन शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर वर्ष 1980 और 84 में लगातार दो बार जीत हासिल की थी। 1996 में बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद और 1998 और 99 में भाजपा के डॉ. अशोक कुमार पटेल फिर 2004 में बसपा के महेंद्र निषाद और 2009 में सपा के राकेश सचान सांसद बने थे। पिछले दो चुनावों 2014 और 2019 से साध्वी निरंजन ज्योति ने यहां भाजपा का 'कमल' खिला रखा है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 में अभी तक भाजपा द्वारा घोषित नौ प्रत्याशियों में वह अकेली महिला उम्मीदवार हैं। पार्टी का मानना है कि राम मंदिर बनने से बने माहौल, मोदी की गारंटी और जातीय समीकरणों के दम पर साध्वी इस बार बड़े अंतर से चुनाव जीतने का रिकार्ड बना सकती हैं। उनका मुकाबला करने के लिए सपा से जहां भाजपा के टिकट पर दो बार जीत दर्ज करने वाले डॉ. अशोक पटेल मजबूती से दावा ठोक रहे हैं, तो सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का नाम भी टिकट के दावेदारों में प्रमुखता से गिना जा रहा है। बसपा ने अभी यहां पत्ते नहीं खोले हैं। कभी भाजपा के लिए चुनौती रहे सपा के पूर्व सांसद राकेश सचान अब योगी सरकार में मंत्री हैं और साध्वी की जीत के लिए पूरी ताकत भी लगाए हैं।

**बीते चार चुनाव में वोट प्रतिशत**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 33.9 | 40.2 | 12.9 | 1.9 |
| 2019 लोस | 55 | -- | 35.7 | 6.4 |
| 2017 विस | 40.8 | 15.2 | 18.7 | 8.9 |
| 2014 लोस | 46.0 | 17.0 | 28.3 | 4.4 |

**2019 चुनाव का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | साध्वी निरंजन ज्योति | 5,66,040 |
| बसपा | सुखदेव प्रसाद वर्मा | 3,67,835 |
| कांग्रेस | राकेश सचान | 66,077 |
| नोटा | | 14,692 |

(2019 में सपा-बसपा गठबंधन में सीट बसपा को मिली)

### इतिहास का आईना

फतेहपुर लोकसभा सीट पर 1957 में पहला चुनाव हुआ था। अब तक सबसे ज्यादा पांच बार कांग्रेस तो भाजपा को चार बार सफलता मिली है। जनता दल और बसपा के उम्मीदवारों ने दो-दो बार, सपा और लोकदल के प्रत्याशियों को एक-एक बार जीत दर्ज की है। 1962 में निर्दलीय उम्मीदवार को यहां से सफलता मिली थी। बीते दो चुनाव से भाजपा का इस सीट पर कब्जा है।

### हैट्रिक से चूकते रहे सांसद

1967 और 1971 में फतेहपुर सीट से कांग्रेस के संतबख्श सिंह सांसद बने। लेकिन इसके बाद हुए 1977 के चुनाव में वह जनता पार्टी के वशीर अहमद से हार गए। इसी प्रकार 1980 और 1984 में दो बार कांग्रेस के हरिकृष्ण शास्त्री सांसद बने। लेकिन तीसरी बार 1989 में जनता दल के वीपी सिंह से पराजित हो गए। इसके बाद मध्यावधि चुनाव होने के कारण वीपी सिंह 1991 में दोबारा सांसद बने। ऐसे ही दो बार डॉ. अशोक पटेल सांसद बने, लेकिन तीसरी बार 2004 में चुनाव हार गए।

### तीन दशक से कुर्मी या निषादों का ही दबदबा

इस सीट पर पिछले करीब तीन दशकों से कुर्मी या निषाद प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है। 1996 में भाजपा के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद ने सीट पर कब्जा किया था। लेकिन 1998 के चुनाव में डॉ. अशोक पटेल ने बसपा से सीट छीन ली। एक साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में बसपा के सूर्यबली निषाद को हराकर डॉ. अशोक पटेल ने दोबारा जीत हासिल की। 2004 के चुनाव में यह सीट फिर बसपा की झोली में गई। बसपा के महेंद्र निषाद जीते। 2009 में सपा के राकेश सचान यहां से जीते। 2014 में एक बार फिर भाजपा की साध्वी निरंजन ज्योति ने बसपा के अफजल सिद्दीकी को हरा दिया। 2019 में साध्वी फिर चुनाव जीतने में सफल रहीं।

अर्चयेदेव मित्राणि सति वाऽसति वा धने।
नानर्थयन् प्रजानाति मित्राणं सारफल्गुताम्॥

मित्रों का हर स्थिति में आदर करना चाहिए-चाहे उनके पास धन हो अथवा न हो तथा उससे कोई स्वार्थ न होने पर भी वक्त-जरूरत उनकी सहायता करनी चाहिए।


## संपादकीय

# कांग्रेस की मुश्किल

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। साथ ही कांग्रेस का कुनबा भी कम होता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से शायद ही ऐसा कोई दिन गया हो जिस दिन कांग्रेस के किसी नेता ने पार्टी न छोड़ी हो। बुधवार को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के बड़े नेता और कानपुर की राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले पूर्व विधायक अजय कपूर बीजेपी में शामिल हो गए। अजय कपूर राहुल गांधी और प्रियंका के बेहद करीबी नेताओं में थे। इसके अलावा महाराष्ट्र में पूर्व कांग्रेस विधायक पद्माकर वलवी भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वलवी उत्तरी महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। लोस चुनाव से ऐन पहले दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी को छोड़ना कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी साबित होता जा रहा है। उधर इंडिया गठबंधन भी कांग्रेस को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहा है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर यह संदेश दे दिया कि वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। ममता की यह घोषणा कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए भी झटका है। इसके पहले हाल ही में केरल में वाम दलों ने भी कांग्रेस को ऐसा ही झटका दिया था। वाम दलों ने तो राहुल गांधी की वायनाड संसदीय सीट यह कहकर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया कि यदि उन्हें भाजपा का मुकाबला करना है तो वह उत्तर भारत जाकर चुनाव लड़ें।

एक ओर नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना, दूसरी ओर कांग्रेस की गठबंधन में कमजोर स्थिति भविष्य में पार्टी के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जिम्मेदार है। क्योंकि जब पार्टी प्रमुख राहुल गांधी को लोस चुनाव के मद्देनजर पार्टी को जोड़कर रखना चाहिए था, तब वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं। साथ ही पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस छोड़ने वालों को रोकने या उनसे संवाद करने के बजाय उलटा उनकी आलोचना और उनके पार्टी छोड़ने पर यह कहकर समस्या से मुंह मोड़ रहा है कि वे सत्ता के भूखें और लालची लोग हैं। शीर्ष नेतृत्व का यह तंज कहीं से भी तर्क संगत नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस को समझना होगा कि शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सर गड़ा लेने से आंधियों से पार नहीं पाया जा सकता है। यदि कांग्रेस वाकई चुनावों और देश हित को लेकर गंभीर है तो उसको आत्ममंथन कर पार्टी के बिखराव को रोकना होगा। यही देश व उसके हित में भी होगा, क्योंकि देश की उन्नति में सशक्त विपक्ष की भी महती भूमिका होती है।

# काश! कावेरी को सहेजा होता



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है।

देश के सबसे सुंदर शहरों में से एक बेंगलुरु का जल संकट इन दिनों चर्चा में हैं। कहा तो यह जा रहा है कि लगातार दो साल से बरसात कम हो रही है। हकीकत यह है कि स्थानीय तालाबों को सुखाने के साथ-साथ कावेरी नदी के प्रति सरकार और समाज की बेपरवाही इसके मूल में हैं। बेंगलुरु शहर की कोई एक करोड़ चालीस लाख आबादी के लिए हर दिन 2600 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि कावेरी नदी से मात्र 1460 मिल रहा है। कोई 1200 से अधिक नलकूप सूख चुके हैं। बरसात अभी कम से कम दो महीने दूर है और इसीलिए कई स्कूल-कालेज-दफ्तर बंद कर दिए गए। पानी के दुरुपयोग पर पांच हजार के जुर्माने सहित कई पाबंदियां लगा दी गई हैं।

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है। कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग जिले के पश्चिमी घाट के घने जंगलों में ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकावेरी से निकलती है। कोई आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं, लेकिन जब दो लाख घन मीटर से अधिक वार्षिक जल बहाव वाली कावेरी का समागम तमिलनाडु में थंजावरु जिले में बंगाल की खाड़ी में होता है तो यह एक शिथिल व छोटी सी जलधारा मात्र रह जाती है।

कावेरी के पानी को लेकर दो राज्यों के बीच का विवाद संभवतया दुनिया के सबसे पुराने जल विवादों में से एक है। 17 वीं सदी में टीपू सुल्तान के शासनकाल में जब तत्कालीन मैसूर राज्य ने इस पर बांध बनाया था तब मद्रास प्रेसीडेंसी ने इस पर आपत्ति की थी। इस झगड़े का एक पड़ाव सन् 1916 में सर विश्वेश्वरय्या की पहल पर बनाया गया कृष्णराज सागर यानी के.आर.एस. बांध था, पर जब दोनों राज्यों में पानी की मांग बढ़ी तो यह बांध भी विवादों की चपेट में आ गया। कावेरी की लपटों में न जाने क्या-क्या झुलसा, लेकिन पानी पर सियासत करने वालों ने इस बात की सुध कभी नहीं ली कि कावेरी का मैला होता पानी अब जहर बनता जा रहा है। कुछ साल पहले बेंगलुरू विश्वविद्यालय ने वन और पर्यावरण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय-एनआरडीसी की मदद से एक विस्तृत शोध किया था जिसमें बताया गया था कि के.आर.एस. बांध से नीचे आने वाला पानी ऊपरी धारा की तुलना में बेहद दूषित हो गया है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बरसात के दिनों में कावेरी के पानी में हर रोज 1051 टन सल्फेट, 21 टन फास्फेट और 34.88 टन नाइट्रेट की मात्रा मिलती है। गर्मी के दिनों में जब पानी का बहाव कम हो जाता है, तब सल्फर 79 टन, 2.41 टन फास्फेट और 3.28 टन नाइट्रेट का जहर हर रोज इस पावन कावेरी को दूषित कर रहा है। याद रहे कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक नाइट्रेट के रूप में नाइट्रोजन की इतनी मात्रा वाला पानी बच्चों के लिए जानलेवा है। कौल्लेगेल क्षेत्र में शहरी सीवर के कारण कावेरी का पानी मवेशियों के लिए भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यहां पानी में कैडमियम, एल्यूमिनियम, जस्ता और सीसा की मात्रा निर्धारित स्तर को पार कर जाती है। ये नदी किनारे रहने वालों के लिए आए दिन नई-नई बीमारियों की सौगात लेकर आ रहे हैं। वैसे तो अन्य नदियों की ही तरह कावेरी में भी खुद-ब-खुद शुद्धीकरण की विशेषता है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली के लिए आवश्यक बन गए रासायनों की बढ़ती मात्रा से नदी का यह गुण नाकाम हो गया है। कावेरी के किनारों पर रेत की बेतरतीब खुदाई, शौचकर्म और कपड़ों की धुलाई ने भी नदी का मिजाज बिगाड़ दिया है।

> गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है।

कावेरी के दूषित होने की चेतावनियां सन् 1995 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रपट में दर्ज थी। उसमें कहा गया था कि कावेरी का पानी अपने उद्गम तालकावेरी से मैसूर शहर की सीमा तक सी ग्रेड का है, जबकि यह होना ए ग्रेड का चाहिए। विदित हो कि ए ग्रेड के पानी की 100 मिलीलीटर मात्रा में कॉलीफार्म बैक्टीरिया की मात्रा 50 होती है, जबकि सी ग्रेड में यह खतरनाक विषाणु छह हजार होता है। पानी की अम्लीयता का पैमाना कहे जाने वाले पीएच वैल्यू में काफी अंतर दर्ज किया गया था। प्रदूषण बोर्ड की उस रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि केआर बांध से होगेनक्कल तक और बेंगलुरु से ग्रेंड एनीकेट तक और उसे आगे कुंभकोणम तक पानी की क्वॉलिटी ई ग्रेड की है। सनद रहे कि इस स्तर का पानी पीने के लिए कतई नहीं होता है। तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी का सीबीएम यानी कोल बेड मीथेन क्षेत्र कावेरी की जान का दुश्मन बना है। यहां गहरी खुदाई के लिए और उसके बाद वहां से निकलने वाले कोयले को नदी के पानी से साफ किया जाता है और इस तरह दूषित जल सीधे नदी में फिर बहा दिया जाता है, तभी मन्नारगुडी के आस-पास कई किलोमीटर तक नदी का पानी काला-नीला दिखता है।

सिंचाई, सफाई और सियासत के भंवर में फंसी 770 किलोमीटर लंबी कावेरी की सबसे ज्यादा दुर्गति कर्नाटक के कुर्ग जिले में ही है। यह इलाका काफी उत्पादक है और सरकारी रिकॉर्ड कहता है कि चार लाख पचहत्तर हजार टन कॉफी का कचरा सीधे नदी में जा रहा है। कुर्ग शहर की एक लाख आबादी का पूरा निस्तार बगैर सफाई के नदी में मिलता है। यह इलाका सूअर के गोश्त के व्यापार के लिए भी जाना जाता है और हजारों बूचड़खाने का गंदा पानी इसमें सीधे मिलाने में किसी को कोई संकोच नहीं होता।


कुछ समय पहले प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और राज्य ज्ञान आयोग के अध्यक्ष प्रो. के. कस्तूरी रंगन ने राज्य शासन को एक रपट सौंपी थी जिसमें कावेरी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए त्वरित विशेष प्रयास करने व उसके लिए अलग से बजट की बात की थी। रपट में बताया गया था कि कावेरी के किनारे उभर आए कई पर्यटनस्थल नदियों में सीवर की गंदगी बढ़ा रहे हैं, वहीं इससे रेत का अवैध खनन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। जब बेंगलुरु जैसे महानगर और व्यापारिक केंद्र पर जलसंकट आता है तो कावेरी की याद आती है। काश कावेरी को हर समय याद रखा जाए तो प्यास के नौबत ही नहीं आएगी।

## प्रसंगवश

# आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां

लोकवार्ता के अध्ययन का कोई भी प्रयास जनगण के जीवन और जनमानस के समीप पहुंचने और उसके साथ संबंध स्थापित करने की साधना है। लोक को ज्ञान के केन्द्र में प्रतिष्ठित करने का अनुष्ठान है। लिखित अक्षर की महिमा के संबंध में कितना कुछ कहा जा सकता है।

मनुष्य जीवन में वह क्रांतिकारी दिन था, जिस दिन मनुष्य ने लिपि का आविष्कार किया था। जिस दिन मानव सभ्यता के आंगन में पुस्तक का अवतार हुआ था, उस दिन मनुष्य व लोकजीवन ने पुस्तक के प्रति इतनी श्रद्धा व्यक्त की थी कि उसको ईश्वर की वाणी का अवतार माना था। भारत में ज्ञान की अधिष्ठात्री सरस्वती हैं और उसके हाथ में पुस्तक है-वीणा पुस्तकधारिणी, लेकिन पुस्तक कोई भी हो, वह असीम नहीं हो सकती।




डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

पुस्तक में जो कल लिखा गया था, वह कल का जीवन ही तो था, लेकिन जीवन तो बह रहा है, बहता रहेगा। पुस्तक जो कल लिखी गई थी, उसमें कल तक का जीवन अनुभव था। सूरदास के शब्दों में कहें तो ऊधौ बंध्यौ ज्ञान पोथी कौ। कबीर ने जब संस्कृत को कूप जल कहा था तो उसका आशय उस बंधे हुए ज्ञान से ही था। बहता नीर निर्बन्ध है और वह वाचिक परंपरा है, श्रुति परंपरा है, मौखिक परंपरा है, ओरल ट्रेडीशन है। जीवन व्यवहार में लिखित का महत्व तो है, किंतु जीवन का समस्त व्यवहार तो लिखकर हो नहीं सकता। जीवन व्यवहार बोलने से होता है, कहने सुनने से होता है। इसलिए लोकवार्ता वाचिक परंपरा की महिमा को प्रतिष्ठित करती है।

विचार करने की बात है कि हमारी शिक्षा पाठ्य पुस्तकों के घेरे में किस कदर घिर गई कि विद्यार्थी और अध्यापक समझने लगे कि पुस्तक ही ज्ञान की परमावधि है। लोकवार्ता इस बंधी हुई दृष्टि का निराकरण करती है, जीवन पुस्तक ही नहीं है। जीवन पुस्तक के बाहर है।

हमारी राष्ट्रीयता और मनुष्यता का पक्का आधार उन असंख्य गाथाओं, कथाओं, मिथकों में जीवित है, जो हजारों-हजारों सालों से हमारे जातीय जीवन को शक्तिवान बनाते रहे हैं। हमारी लोकपरंपरा में हजारों आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां उसी प्रकार अंतर्भुक्त हुई हैं, जैसे सहस्र धाराएं गंगा में समा जाती हैं।

# भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है हमारी चेतना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है? हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है?

ब्रह्मांड क्या है, यह कब और कैसे उत्पन्न हुआ, इसका आयतन स्थिर है या बढ़ रहा है। इन प्रश्नों को छोड़िए। बस ब्रह्मांड है और उसमें चेतन प्राणी के रूप में हमारी एक स्थिति है, एक भूमिका भी। हमें मोटा-मोटा मालूम है कि हमारी पृथ्वी हमारे सौरमंडल का एक ग्रह है जिसका एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है।

पृथ्वी अन्य ग्रहों की भांति हमारे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, ऐसा करते हुए वह अपनी धुरी पर भी घूर्णन करती रहती है। हम आकाश की ओर देखते हैं तो कम-ज्यादा चमकते हुए, दूर-पास नक्षत्र (ग्रह) और तारे दिखाई पड़ते हैं। हमें बताया गया है कि हर तारा एक सूर्य है, जो स्वयं भासमान है, किंतु हर ग्रह सूर्य के प्रकाश से ही चमकता है। हमारी आकाशगंगा में हमारे सूर्य-जैसे अनेक सूर्य हैं और हर सूर्य के अपने कम-ज्यादा संख्या में ग्रह हैं।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को और भी बहुत कुछ ज्ञात है। उनके अनुसार ब्रह्मांड की विशालता हमारी कल्पना से परे है। अब देखिए हम शुक्र को साफ-साफ देख पाते हैं, क्योंकि वह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है और अन्य ग्रहों में बस मंगल की अपेक्षा हमसे दूर है, बाकी सबसे करीब है। अंतरिक्ष-वैज्ञानिक बताते हैं कि शुक्र की दूरी पृथ्वी से तकरीबन आधा अरब मील है। प्रकाश की रफ्तार (लगभग) 1,86,000 मील प्रति सेकेंड है। प्रकाश को शुक्र से पृथ्वी तक पहुंचने में 45 मिनट लग जाते हैं। जब हम अपने सौर मंडल से और आगे बढ़ते हैं तो दूरियां इतनी विस्तीर्ण हो जाती हैं कि मील से काम नहीं चलता। तब हम दूरी को समय से मिलाकर उसे प्रकाश वर्ष में नापते हैं। एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जिसे तय करने में प्रकाश को एक वर्ष लगता है। एक साल में प्रकाश 60 खरब मील की दूरी तय कर लेता है। हमारी आकाशगंगा के सबसे करीब की आकाशगंगा एंड्रोमेडा है। उससे निकले जिस प्रकाश को हम आज देख रहे हैं वह 25 लाख साल पहले वहां से चला था।

दृश्यमान ब्रह्मांड में कितनी आकाशगंगा हैं? कम से कम 200 अरब और अधिक से अधिक 20 खरब। इतना विस्तार और इतनी संख्या में आकाशीय पिंड कि बस अनुमान ही अनुमान है, वह भी किसी अनुमान-जैसा अनुमान नहीं, बस लालबुझक्कड़ वाला। आयतन और आकाशीय पिंडों की संख्या की तरह ब्रह्मांड का आयु काल भी शुद्ध अनुमान है।

क्षमा करेंगे स्टीफ़न हॉकिंग का एक जर्रे के महाविस्फोट से 13.8 अरब साल पहले ब्रह्मांड की उत्पत्ति और लगातार विस्तार का सिद्धांत मुझे तो उतना ही वैज्ञानिक लगता है जितना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में विराटपुरुष के भिन्न-भिन्न अंगों से ब्रह्मांड के भिन्न-भिन्न अवयवों की उत्पत्ति का रूपक। या अब्राहमिक धर्मों के धर्मग्रंथों में वर्णित ईश्वर द्वारा छह दिन में सृष्टि की रचना। कम से कम विज्ञान में बिना समझ में आए विश्वास कर लेने जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए। वह शुभ घड़ी 13.8 अरब साल पहले ही क्यों आई, 13 या 14 अरब साल पहले क्यों नहीं?

वैज्ञानिक खोजों से प्राप्त इन और इन जैसी अनेक जानकारियों के प्रकाश में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत की क्या प्रासंगिकता है? अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है?

हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है? बस इसी संदर्भ में कपिल और शंकर के धर्म-निरपेक्ष और 'ईश्वर' निरपेक्ष चिंतन के प्रति एक जिज्ञासात्मक भाव है।

## सोशल फोरम

# ट्रेलिस सिस्टम

अधिकांशतः यह स्वीकार कर लेना बेहतर समझा जाता है कि ढर्रे में चल रही चीजें ही जीवन का अंतिम सत्य हैं। हम खुद से सोचना बंद कर नतमस्तक होकर इन रेडीमेड विचारों को शिरोधार्य कर लेते हैं। फिर चाहे वह धर्म हो राजनीति, समाज हो या व्यवसाय! पहले पहल जीरे जैसे सरकारी टैंक के अनुदान से ही हमने रेसवे का ऊंट बनाने का निर्णय लिया और आपदा में उसने पूरा प्रलय झेलकर इसे सही साबित कर के दिखा दिया।



पिछले वर्ष कीवी के सरकारी लोहे के डंडों की जगह हमने एक शानदार स्ट्रक्चर का निर्माण किया। इस बार एप्पल मिशन के इतर अपने शानदार किसान भाई मुकेश दरम्वाल को खुद के सर्पोट पोल बनाते देखा तो लगा कि यह बहुत पैक्टिकल और बेहतर हैं। पिछले वर्ष ही एक किसान का एप्पल ट्रैलिस सिस्टम बर्फबारी में धाराशाही होते देखा था। इस हिसाब से मुकेश का यह प्रयोग स्थानीय स्तर पर ज्यादा बेहतर था।



पृथ्वी 'लक्ष्मी' राज सिंह
रामगढ़, उत्तराखंड

इसी क्रम में हमने भी उसे थोड़ा और मोडिफाई कर अपनाने का निर्णय लिया। सेब और स्ट्रक्चर के स्थानीय विशेषज्ञ भाई चंदन बिष्ट के सुझावों से इसे प्रचलित ट्रेलिस सिस्टम के अनुरूप ढाला। इसमें हमने चौदह फिट लंबे डेढ़ इंच मोटे पुराने मजबूत जी आई पाइप को एक आठ फिट के अतिरिक्त सपोर्ट पोल से जोड़ा ताकि बहुत हवा या बर्फबारी/ ओलावृष्टि में भी यह सीधा बना रहे और उसकी टॉप में दो बाई दो फीट के वी सेप बार का निर्माण किया जिससे कि हेलनैट पेड़ों के ऊपर से एक दूरी बनाकर बाहर आए। उम्मीद है कि यह साझा अनुभव भविष्य में ज्यादा कारगर व बेहतर साबित होगा। इस वर्ष गिने चुने पेड़ों में फूल आने शुरू हुए हैं। जल्द ही यह दृश्य भी बदलेगा तब यहां हजारों बुके हाथ में लिए इन पेड़ों के बीच एक सेलेब्रिटी की तरह खड़े होंगे।

-फेसबुक वॉल से

# सोशल मीडिया की दुनिया में खोता बचपन



पूजा गुप्ता
स्वतंत्र लेखिका, मिर्जापुर

> आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा।

ऐसे तो सोशल मीडिया वरदान भी है और अभिशाप भी है। बच्चों में बढ़ रहा मानसिक विस्तार सोशल मीडिया की ही देन है। बच्चे इसका प्रयोग कैसे करते हैं यह उनके ऊपर निर्भर करता है। आजकल बच्चे अधिकतर मोबाइल में ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं और क्या वह सच में पढ़ाई करते हैं? बच्चों के बीच परिवार का सामंजस्य बराबर नहीं बैठ पा रहा है। सवेरे उठना मंजन करना चाय पीना फिर मोबाइल लेकर के बैठ जाना घंटो मोबाइल के अंदर अपनी आंख लगाए रखते हैं जिसकी वजह से उनके स्वास्थ्य पर भी मोबाइल का असर होता है। अपने परिवार से ज्यादा बच्चे मोबाइल को महत्व देने लगे हैं और उसमें जुड़ी हुई हर गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखते हैं, जहां उन्हें अच्छी चीजें भी देखने मिलती हैं और बुरी चीजें भी। युवा-बच्चे अक्सर सोशल मीडिया की चपेट में होते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई सब दूर हो रही है। एक घंटा पढ़ाई करते हैं फिर मोबाइल से घंटों अपने दोस्तों के साथ गपशप करते हैं। बंद कमरे में रहने वाले बच्चे अपने मोबाइल के साथ खुद को बंद कर लेते हैं। फिर यदि परिवार का कोई सदस्य उन्हें किसी कार्य के लिए उठाता है तो यह बच्चे चिड़चिड़ा जाते हैं। बच्चों में बढ़ रही विद्रोह की भावना आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद घातक है। पहले जमाने में बच्चे अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते थे। अच्छा बुरा सबका ज्ञान लेते थे, लेकिन आजकल तो केवल मोबाइल में ही अच्छा बुरा देखते रहते हैं जिसमें से अच्छा कम बुरा देखने की ज्यादा प्रवृत्ति बच्चों में पाई जाती है जिसकी वजह से उनकी मानसिकता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जब परिवार का कोई व्यक्ति उन्हें हाथ में मोबाइल लेने से रोकता है तो उन्हें लगता है कि हमारी आजादी हमसे छीनी जा रही है। आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा वरना परिणाम घातक हो सकते हैं।

आजकल देखा गया है कि छोटे -छोटे 3 या 4 साल के बच्चों के हाथ में भी मोबाइल होता है जिसका प्रभाव उनका सीधे आंखों पर पड़ता है। समय से पहले बच्चों को चश्मा लग जाता है उनकी आंखें खराब हो जाती हैं। सोचिए अगर यह बच्चे बड़े होंगे तब तक इनकी आंखें कितनी खराब हो जाएगी। मोबाइल से उठने वाली तरंगे भी बच्चों के हार्ट, लिवर व किडनी पर असर करती हैं। बच्चों को इन सब परेशानियों से दूर रखने के लिए सबसे पहले बहुत ही छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल उनके हाथों से ले लें, उन्हें खिलौना से खेलने की आदत डालें और उनके पास बैठकर उन्हें अच्छा बुरा का ज्ञान दें। उनके साथ खेले, समय व्यतीत करें, अधिकतर परिवार में यह देखा गया है कि वह कार्य के चलते अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे एक कमरे में अपने को अकेला कर लेते हैं। घंटों बैठकर कानों में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हैं जिसकी वजह से इनकी श्रवण शक्ति कमजोर पड़ जाती है। कानों में सख्त मैल जम जाता है, जो कि बहुत ही हानिकारक है। कभी-कभी यह मैल इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि कानों में सफाई कराने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है। ईयर फोन के ज्यादा प्रयोग करने से बच्चों में बहरापन भी देखा गया है, हमें बच्चों को इनसे बचाना होगा।

बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। इनका मन कोमल होता है, जिस तरह आप इन्हें रखेंगे यह उस प्रकार ढल जाएंगे तो इसकी शुरुआत इनके बचपन से कीजिए। क्योंकि यह बड़े होने पर किसी की नहीं सुनेंगे, समय रहते इन्हें मोबाइल से दूर रखें और इनके साथ समय व्यतीत करें।

# लापरवाही न बरतें किडनी की बीमारी में

किडनी के कई रोग बहुत गंभीर होते हैं और यदि इनका समय पर इलाज नहीं किया गया तो उपचार असरकारक नहीं होता है। विकासशील देशों में उच्च लागत, संभावित समस्याओं और उपलब्धता की कमी के कारण किडनी फेल्योर से पीड़ित सिर्फ 5-10 प्रतिशत मरीज ही डायालिसिस और किडनी प्रत्यारोपण का उपचार करवा पाते हैं। बाकी मरीज सामान्य उपचार पर बाध्य होते हैं जिससे उन्हें अल्पावधि में ही विषमताओं का सामना करना पड़ता है। किडनी खराब होने से बचने की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। किडनी की बीमारी को कभी अनदेखा न करें। इसके लिए नियमित रूप से एरोबिक व्यायाम और दैनिक शारीरिक गतिविधियां, रक्तचाप को सामान्य रखने में और रक्त शर्करा को नियंत्रण करने में मदद करती हैं। इस तरह शरीरिक गतिविधियां, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के खतरे को कम कर देती है और इस प्रकार किडनी रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके अलावा संतुलित आहार लें, वहीं जिनकी उम्र 40 के ऊपर है, वे भोजन में कम नमक और चीनी कम लें और वजन नियंत्रण रखें। साथ ही दर्द निवारक दवाओं से सावधान रहें। क्योंकि लंबे समय तक दर्द निवारक दवाइयां लेने से किडनी को नुकसान होने का भी भय रहता है। धूम्रपान और तंबाकू के उत्पादों का सेवन न करें। खूब पानी पीयें, किडनी का वार्षिक चेकअप कराएं। किडनी की बीमारियां अक्सर छुपी हुईं एवं गंभीर होती हैं। अंतिम चरण पहुंचने तक इनमें किसी भी प्रकार का लक्षण नहीं दिखता है। किडनी की बीमारियों की रोकथाम और शीघ्र निदान के लिए सबसे शक्तिशाली प्रभावी उपाय नियमित रूप से किडनी का चेकअप कराना है, लेकिन अफसोस है कि इस विधि का उपयोग ज्यादा नहीं होता है। किडनी रोग गंभीर रोग है। उचित देखभाल और संयम से ही इससे बचा जा सकता है।



डॉ. अर्चना श्रीवास्तव
चिकित्सक, लखनऊ

# बैंकिंग की बढ़ती शिकायतें

आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के तहत सोमवार को जारी पहली रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के खिलाफ 1,96,635 शिकायतें मिली ही हैं, जो कुल प्राप्त शिकायतों का 83.78 फीसदी हैं। यह शिकायतें बैंक सेवा में कमी, काम में विलंब, मोबाइल/इलेक्ट्रानिक बैंकिंग, पैरा बैंकिंग, लोन, एटीएम/डेबिट कार्ड आदि को लेकर की गई हैं। बैंकिंग लोकपाल को ग्राहक द्वारा शिकायत करना अत्यंत सरल होता है, अगर उसका बैंक उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहा या ग्राहक उत्तर से असंतुष्ट है और उसकी शिकायत को 30 दिन का समय हो चुका है तो ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन शिकायत भेज सकता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसके लिए कोई शुल्क भी देना नहीं होता। शिकायत के लिए उसको पर्याप्त समय भी दिया जाता है। वह अपनी शिकायत 13 महीने के अंदर लोकपाल को भेज सकता है, जिस पर लोकपाल 33 दिनों में समुचित कार्रवाई करेगा। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन या रजिस्ट्री द्वारा अपने विवरण जैसे नाम, संबंधित बैंक का नाम, खाते का विवरण, मोबाइल नंबर और अपने पते के साथ शिकायत कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत सरकारी पोर्टल पर भेजी जा सकती है या CRPC@rbi.org.in पर में भेज कर भी दर्ज हो सकती है।

## सार-संक्षेप

### मुख्य सूचना आयुक्त समेत सभी सूचना आयुक्तों ने राजभवन में ली पद की शपथ



**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा व 10 राज्य सूचना आयुक्तों को पद की शपथ दिलाई। समारोह में शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पद्म नारायण, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेन्द्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों से कार्य निष्पादन पर चर्चा की और उन्हें तीव्र कार्य निष्पादन, दृढ़ता से कार्य करने, कार्य निष्पादन के लिए सिस्टम बनाने और कार्य प्रणाली को ऑनलाइन कर पारदर्शिता बढ़ाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव प्रशासनिक सेवा एवं सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, राज्य सूचना आयोग के सचिव जेपी चौरसिया, रजिस्ट्रार सूचना आयोग संदीप गुप्ता व अन्यअधिकारी मौजूद रहे।

### योगी की सभा में शव वाहन से मंगाए गए लंच पैकेट

**फर्रूखाबाद, एजेंसी :** जिले में मुख्यमंत्री की सभा में एक शर्मनाक घटना की सब तरफ निंदा हो रही है। सभा में जाने वाले लाभार्थियों को शव वाहन से लंच पैकेट मंगवाकर बंटवा दिए गए। इधर, सीएमओ लंच पैकेट लाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में हैं। मुख्यमंत्री की सभा के लिए लंच पैकेट पहुंचाने की व्यवस्था को सीएमओ कार्यालय से शव वाहन की चाबी पकड़ा दी गई। इस बात की जब चर्चा फैली तो आनन-फानन में शव वाहन मंगाकर एल-2 अस्पताल में खड़ा करा लिया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर कुछ अफसरों ने बताया कि शव वाहन पूरी तरह सैनिटाइज था। सीएमओ डॉ .अवनींद्र कुमार ने बताया कि शव वाहन से लंच पैकेट ले जाने के मामले में उन्होंने चीफ फार्मासिस्ट चक्र सिंह यादव को स्टोर से कायमगंज सीएचसी स्थानांतरित कर दिया गया है।

### नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षक नियुक्ति के साक्षात्कार 18 से

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में खुल रहें राजकीय व स्वशासी नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 18 से 22 मार्च तक संपन्न होंगे। केजीएमयू के कलाम सेंटर में प्रस्तावित साक्षात्कार में एसोसिएट प्रोफेसर,, असिस्टेंट प्रोफेसर व ट्यूटर के रिक्त पदों के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थी बुलाए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नर्सिंग कॉलेजों में एसोसिएट प्रोफेसर के 93, असिस्टेंट प्रोफेसर के 127 और ट्यूटर के 426 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को क्रम वार 18 मार्च से 22 मार्च तक साक्षात्कार की तिथि निर्धारित कर दी गई है, क्रमवार नाम के साथ सूची वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 18 मार्च को सभी 93 अभ्यर्थियों कों बुलाया गया है। इसके अलावा असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 18 मार्च को 40 अभ्यर्थी व 19 मार्च को क्रम 41 से 127 तक के 87 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है, इसके अलावा ट्यूटर पद के लिए 19 मार्च से 22 मार्च तक कुल 426 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

### सचिव परिषद ने जारी मूल्यांकन केन्द्रों की स्थिति

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन लखनऊ सहित 260 केन्द्रों पर 16 मार्च से होना है। बुधवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने मूल्यांकन केन्द्रों की स्थिति को परखा और उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा को बढ़ाने के निर्देश दिए। सचिव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों से कहा कि किसी भी केन्द्र पर शिक्षक पहुंचाने में लापरवाही न करने पाएं। मूल्यांकन के लिए निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ मूल्यांकन प्रक्रिया 31 मार्च तक पूरी करनी होगी। दूसरी ओर कॉपियों के मूल्यांकन में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जानी है उनकी सूची भी जारी कर दी गई है। मौजूदा समय में एक जनपद से दूसरे जनपद में उत्तर पुस्तिकाओं के भेजे जाने की प्रक्रिया जारी है।

### सिंगापुर के युवक ने शरीर पर गुदवाया 108 बार राम नाम



**अयोध्या, अमृत विचार :** सिंगापुर से आए प्रवासी भारतीय विजय भारद्वाज में रामलला के प्रति अनोखी भक्ति देखने को मिली है। उन्होंने अपने दाएं हाथ में राम-नाम गुदवा लिया है। दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम और हनुमान जी का टैटू बनाकर दुनिया भर के युवाओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। विजय ने बताया कि वह वृंदावन के मूल निवासी हैं। कई वर्षों से सिंगापुर में रह रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या आए हैं। कहा कि बचपन से ही भगवान राम के प्रति आस्था है। जिस प्रकार से लोग भगवान के नाम को जपने के लिए माला की 108 गुरियों का प्रयोग करते हैं। इसी प्रकार मैं ने अपने दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम अंकित कराया है।

### सितंबर में 32 हजार मेगावाट हो सकती है बिजली की मांग

**लखनऊ, अमृत विचार :** इस बार गर्मी में प्रदेश की बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए जारी की गई पूर्वानुमानित बिजली की पीक डिमांड रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। शासन के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष प्रदेश देश का पहला राज्य होगा जहां सितंबर 2024 में सबसे ज्यादा 31,917 मेगावाट अधिकतम मांग अनुमानित है, जबकि 2025 में देश में सबसे ज्यादा मांग महाराष्ट्र में आंकी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जिस प्रकार से मौसम करवट ले रहा है इससे अनुमान है कि उत्तर भारत में इस बार प्रचंड गर्मी आने वाली है।केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में अप्रैल 2024 में 25,379 मेगावाट, मई में 28,291 मेगावाट, जून में 29,853 मेगावाट, जुलाई में 30,581 मेगावाट, अगस्त में 31,585 मेगावाट और सितंबर में 31,917 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग होने की संभावना है।

### उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर मांगा आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने बताया कि उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग में एक अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र (बायोडाटा सहित) निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये गये हैं। पद हेतु कार्यावधि, आयु, अर्हताएं, देय परिलब्धियां एवं आवेदन पत्र का प्रारूप, उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट www.uphed.gov.in पर उपलब्ध है।

# 5 साल के बच्चे की याचिका पर जवाब-तलब

## शराब के ठेके को लेकर एलकेजी के छात्र अथर्व ने वकील से याचिका दाखिल करवाई

हाईकोर्ट से

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल के बगल स्थित शराब के ठेके के कारण आए दिन शराबियों के हुड़दंग से परेशान एलकेजी में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी थी कि स्कूल के बगल के शराब के ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया कि शराब का ठेका 30 वर्ष पुराना चला आ रहा है और स्कूल 2019 में खुला है। मास्टर अथर्व के अधिवक्ता के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई के लिए आगामी 28 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है।

मामला कानपुर नगर में चिड़ियाघर के पास स्थित आजाद नगर मोहल्ले का है। 5 साल का अथर्व दीक्षित आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है।

स्कूल से महज 20 मीटर दूर शराब का ठेका है। नियम के मुताबिक सरकारी ठेका दिन में 10:00 बजे के बाद ही खुलना चाहिए, लेकिन वहां अक्सर सुबह से ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। लोग शराब के नशे में हुड़दंग करते हैं। स्कूल के पास रिहायसी बस्ती भी है। जहां सैकड़ो लोग रहते हैं। अथर्व के कहने पर उसके परिवार वालों ने कानपुर के अफसरों से लेकर राज्य सरकार तक कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद अथर्व ने हाईकोर्ट में वर्तमान जनहित याचिका दाखिल की है।

### स्कूल में बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए

- हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच की तल्ख टिप्पणी, मुख्य सचिव द्वारा आपदा प्रबंधन को भेजी गई रिपोर्ट भी की तलब

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय न करने पर सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को पिछले छह माह में भेजी गई रिपोर्ट्स तलब की है। साथ ही न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के दिशानिर्देशों को जमीनी स्तर पर न तो लागू किया गया और न ही पिछले पाँच साल से अधिक समय से स्कूलों में बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्रवाई की गई। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे। जिसके तहत डीआईओएस को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई थी व उसके कार्यों की निगरानी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को करने को कहा गया था जिसका प्रमुख जिलाधिकारी को बनाया गया था। अंत में दोनों के कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी मुख्य सचिव को सौंपी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के उक्त दिशानिर्देश के क्रम में राज्य सरकार की ओर से विभिन्न विभागों के बीच हुए पत्राचार की जानकारी न्यायालय को दी गई। इस पर कोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर करते हुए, उपरोक्त टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के अनुपालन में मुख्य सचिव को तिमाही रिपोर्ट भी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को भेजनी थी, हम उम्मीद करते हैं कि उक्त रिपोर्ट मुख्य सचिव द्वारा भेजी गई होगी। न्यायालय ने कहा कि पिछले छह माह की उक्त रिपोर्ट अगली सुनवाई पर कोर्ट में दाखिल की जाए। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले में नियुक्त न्याय मित्र को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा केंद्र सरकार के स्कूल व साक्षरता विभाग को भी पक्षकार बनाने का आदेश दिया है।

# पति के मूल वेतन का 25 प्रतिशत भरण-पोषण के रूप में देना उचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुजारा भत्ता के मामले में महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा कि पति के मूल वेतन का 25% पत्नी को भरण-पोषण के रूप में दिया जाना उचित और न्याय संगत है। पत्नी को दी जाने वाली स्थायी गुजारा भत्ता राशि दोनों पक्षों की स्थिति और पति या पत्नी की भरण-पोषण देने की क्षमता के अनुरूप होनी चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की एकल पीठ ने राखी उर्फ रेखा की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए परिवार न्यायालय, अमरोहा द्वारा 5 हजार रुपए के मासिक रखरखाव को 10 हजार रुपए करते हुए की।

याची ने हाईकोर्ट में गुजारा भत्ता बढ़ाने को लेकर याचिका दाखिल की थी। याची का दावा है कि उसके पति नौसेना में हैं और प्रतिमाह लगभग 40 हजार का मासिक वेतन अर्जित करते हैं, जबकि विपक्षी (पति) के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची बी.ए. पास है तथा ट्यूशन पढ़ाकर 10 हजार प्रतिमाह कमाती है। लेकिन इस तथ्य को विपक्षी के वकील दस्तावेज के माध्यम से कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर पाए। कोर्ट ने याची की गुजारा भत्ता बढ़ाने की प्रार्थना को स्वीकार कर लिया।

### कृष्ण कूप पर बसौड़ा पूजा की अनुमति मांगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय ने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में प्रस्तुत होकर हलफनामे के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि प्रतिवर्ष बसौड़ा पूजा के रूप में कृष्ण कूप पर हिंदू भक्त पूजा अर्चना करते हैं। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल को माता शीतला सप्तमी और 2 अप्रैल को माता शीतला अष्टमी के रूप में पड़ रही है। उक्त तिथियों पर परंपरा के अनुसार हिंदू पक्ष को विपक्षियों द्वारा कृष्ण कूप पर पूजा करने से रोका जा रहा हैं। आवेदन में वादी पक्ष ने विपक्षी के लिए निर्देश मांगा है कि शाही ईदगाह मस्जिद में स्थित कृष्ण कूप पर पूजा करने के लिए हिंदू भक्तों को रोका न जाए। कोर्ट ने वादी पक्ष द्वारा दाखिल आवेदन के खिलाफ विपक्षियों को दिनांक 15 मार्च तक जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया और अगली सुनवाई यानी 20 मार्च तक जवाब दाखिल नहीं किया जाता है तो किसी भी आपत्ति पर विचार किए बिना फैसला किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव के लिए बसपा के प्रत्याशियों के नाम लगभग तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 को कांशीराम जयंती के मौके पर सूची जारी होने की संभावना

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रदेश की सीटों पर बसपा के संभावित प्रत्याशियों के नाम लगभग हो गए हैं। 15 मार्च को कांशीराम जयंती के मौके पर सूची जारी होने की संभावना है। पहले चरण में संभावित प्रत्याशियों को बतौर लोकसभा प्रभारी घोषित करने की बात कहीं जा रही है।

चुनाव को लेकर भाजपा, सपा व कांग्रेस की पहली सूची जारी हो चुकी है। हालांकि, कांग्रेस की पहली सूची में प्रदेश के प्रत्याशियों के नाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। बसपा सूत्रों के अनुसार कांशीराम जयंती पर मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के दौरान लोकसभा प्रभारियों की सूची जारी होने की संभावना है। बसपा लगातार इंडिया गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर रही है, पर 2019 में बसपा सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ी थी। गठबंधन से खाते में आई 38 सीटों में से 10 सीटों पर विजय हासिल की थी। जीती गई सीटों में अंबेडकरनगर, अमरोहा, बिजनौर गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, लालगंज, नगीना, सहारनपुर व श्रावस्ती सीटें शामिल थीं, जबकि 27 सीटों में नंबर दो व एक सीट पर नंबर तीन स्थान पर रही। बताया जा रहा है कि पिछली बार की तरह इस बार भी बसपा ने जातीय व अन्य आधार को ध्यान में रखकर प्रत्याशियों के नाम तय किए हैं।

### झांसी में आबकारी निरीक्षक निलंबित

**लखनऊ, अमृत विचार :** अवैध-नकली शराब फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बुधवार को झांसी के आबकारी निरीक्षक शिशुपाल सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद गोयल व वर्तमान उप आबकारी आयुक्त सुभाष चंद्र सोनकर से स्पष्टीकरण मांगा है। आबकारी मंत्री ने कहा कि विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही, भ्रष्टाचार किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में होली का त्योहार है सभी जिलों के आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक सतर्कता के साथ अभियान चलाकर गड़बड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई करें।

# पर्यटक अब गांवों में कर सकेंगे होम-स्टे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यटन विभाग चयनित गांवों में बढ़ा रहा सुविधाएं



**अमृत विचार :** ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में आगंतुकों को बेहतर अनुभव कराने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग ने कई प्रदाताओं के साथ अनुबंध किया है। ये होम-स्टे स्थानीय संस्कृति और स्थानीय लोककलाओं के साथ व्यंजनों से जुड़े अनूठे फार्म-स्टे का अनुभव कराएंगे।

इस कड़ी में अयोध्या से केवल 70 किलोमीटर दूर बस्ती में 'माइ मॉम ग्रामीण होम-स्टे' और बांदा जिले के उदयपुरवा में ईको-विलेज परियोजना के तहत 'गुलमोहर ग्रामीण होम-स्टे' ऐसा ही उदाहरण है। इन होम-स्टे में 4-5 कमरे होते है, जिनमें सभी मूलभूत सुविधाएं होती है। पर्यटन विभाग ग्रामीण और प्रमुख गंतव्यों के निकट फार्म-स्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति 2022 अन्तर्गत सब्सिडी भी प्रदान कर रहा है। यह जानकारी बुधवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

**पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान :** ग्रामीण पर्यटन और एग्रो टूरिज्म के बढ़ते चलन को देखते हुए उप्र. पर्यटन विभाग ने ग्रामीण और कृषि-पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान की है। इन ग्रामों में ठहरने और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

# चाइनीज उत्पादों से बाजार को दूर करना बड़ा राष्ट्रवाद: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चीन के उत्पादों को अपने बाजार से बहुत दूर कर दिया है। यह एमएसएमई की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर घर का उत्पाद बाजार में छा रहा है, तो उसे प्रोत्साहित करना होगा। प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। योगी ने कहा कि यह कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद बाजार में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद बाजार से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर प्रदेश के उत्पाद ही बाजार में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ रुपये का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक दिया। वहीं, औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत भी की। योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट भी वितरित किया।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, एसीएस अमित मोहन प्रसाद, सचिव प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण, उद्यमी और हस्तशिल्पी कारीगर मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री ने किया एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण

### आर्थिक प्रगति के साथ ही युवाओं को मिल रहा रोजगार



मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। इस वर्ष वितरित की गई राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना और बीते सात साल की अपेक्षा 10 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति यूपी के आर्थिक उन्नयन को तो प्रदर्शित करता ही है साथ ही युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। प्लेज पार्क से प्रदेश के 10 जनपद जुड़ चुके हैं।


## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

1. 1. बे-सिर पैर का 2. मिथ्या-झूठा 3. मर्यादा-रहित 4. अल्प, थोड़ा 5. सारहीन।
2. 1. चाप अर्थात दबाव पड़ने से नमित होना, झुकना, दबना 2. किसी के अनुग्रह या उपकार के कारण उसके आगे दबना।
6. 1. पौधों तथा वनस्पतियों का वह पतला और लंबा धड़ जिसपर पत्तियां या कोपलें होती हैं
7. 1. डूबने की क्रिया या भाव 2. डुबाव।
9. 1. भूनने का काम कराना 2. रुपयों या बड़े सिक्के को छोटे सिक्कों में बदलवाना 3. चेक को रुपए में बदलवाना।
10. 1. उत्तम कार्य, पूर्ण रूप से संपन्न कार्य 2. शुद्ध या मर्यादित आचरण।

**ऊपर से नीचे**

3. पोपले (दंतविहीन व्यक्ति का) का मुंह में कुछ रखकर चुभलाना या मुंह चलाना।
4. 1. आडंबर रचने वाला, आडंबर करने वाला 2. अभिमानी, घमंडी।
5. पैरों को लय के साथ हिलाते-डुलाते हुए नाचना, कदमों का उठाना और पटकना, इठलाना, नृत्य में अंगों का संचालन करना, अंग मटकाकर नाचना, ठुमककर नाचना।
8. 1. धरने की क्रिया या भाव 2. छत की आधार स्वरूप एक मोटी लकड़ी, बड़ी कड़ी, शहतीर 3. स्त्रियों के गर्भाशय का आधार 4. पकड़ 5. हठ, ज़िद, टेक।



### वर्ग पहेली -8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग | 2 रू | र | | | | |
| | ढ़ि | | 3 छे | 4 द | ना | |
| | वा | | | रा | | 5 हूँ |
| | 6 द | 7 म | बा | ज़ | | गा |
| 8 आ | | ज़ | | | 9 कॉ | |
| ल | | बू | | | म | |
| 10 स | द | र | ज | हा | न | |

## सुडोकू -88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -87 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 23 .25 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 16 .56 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** – आज समाज में आपका दबदबा मजबूत होगा। दूसरों पर सहज विश्वास न करें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही पारिवारिक समस्या दूर होगी। आपके व्यक्तित्व और रहन-सहन को लेकर सतर्क रहें।

**वृष** – आज अपने लक्ष्यों के प्रति उदासीन न रहें। पेट में एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है। आय बढ़ने के साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें।

**मिथुन** – आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। घर की साज-सज्जा और नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं। कारोबार को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। सही समय पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेंगे।

**कर्क** – आज संपत्ति के विक्रय से आपको लाभ होगा। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। मांगलिक आयोजनों को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

**सिंह** – आज बिना किसी विशेष योजना के आपको निवेश करना नहीं चाहिए। किडनी की समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। नई योजनाओं को क्रियान्वित करना कुछ कठिन होगा। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा।

**कन्या** – आज पुरानी झंझटों को लेकर आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद अवश्य लें। अपनी बातों को लेकर किसी पर भी दबाव न डालें। आपकी जीवनशैली थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला** – आज परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। सरकारी कार्य आसानी से हो जाएंगे। दांपत्य संबंधों में सकारात्मकता का एहसास होगा। प्राइवेट संस्थानों में जॉब कर रहे लोगों के वेतन में वृद्धि हो सकती है। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज लेखन और चिंतन में समय व्यतीत करेंगे। रिटेल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी थकाऊ रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शेयर मार्केट में निवेश से आपको लाभ मिलेगा। आपने मन में काफी रचनात्मक विचार आएंगे।

**मकर** – आज किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़े धीमी गति से होंगे। संपत्ति को लेकर मामले हल हो जाएंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद खास रहने वाला है।

**कुंभ** – आज दूसरों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। जॉब में आपको प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। समस्या की जड़ को आसानी से पहचान पाएंगे और उसे आसानी से दूर भी कर लेंगे।

**मीन** – आज परिजन आपकी आदतों से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अप्रत्याशित काम हो सकते हैं। दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। नौकरीपेशा लोगों को कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
खिलाड़ी – सुबह : 11.00
धड़कन – दोपहर : 03 .00

**Sony Max**
जब तक है जान – सुबह : 11 .11
टाइगर जिंदा है – रात : 10 .30

**Sony Pix**
मोर्टल कॉम्बेट – सुबह : 11.17
जुमांजी – रात : 08 .45

**Zee Cinema**
फोबिया – सुबह : 10 .30
कार्तिकेय 2 – रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
दिल विल प्यार व्यार – दोपहर : 13 .24
कमबख्त इश्क – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात 10 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।



| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,761.89 | 21,997.70 |
| नुकसान | 906.07 | 338.00 |
| प्रतिशत में | 1.23 | 1.51 |



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1895, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1825, रविन्द्रा 1840, फॉर्चुन ली0 1680, जय जवान 1465, सचिन 1600, सूरज 1490, अवसर 1660, राग गोल्ड 1700, गृहणी 1575, क्लासिक (किलो) 1760, मोर 1610, चक्र टिन 1710, ब्लू 1695, आशीर्वाद मस्टर्ड 1735, स्वास्तिक 1865, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7150–7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10500, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700–11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**– डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

### न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस की ओर से जारी रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# जीडीपी अनुपात में चीन से आगे निकला भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजार में एकीकरण के संबंध में भारत दो प्रमुख मापदंडों...जीडीपी के अनुपात में निर्यात और सेवा निर्यात... पर चीन से आगे निकल गया है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस की तरफ से यहां जारी 'न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट-2024' में कहा गया है कि 2021 के बाद से भारत का जीडीपी के अनुपात में निर्यात चीन से अधिक हो गया है। जबकि निर्यात और आयात दोनों के मामले में देश का सेवा व्यापार की तीव्रता भी बहुत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 और 2022 में जीडीपी के हिस्से के रूप में भारत का निर्यात और आयात तेजी से बढ़ा। देश में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का 23 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से अधिक) और वस्तुओं और सेवाओं के आयात का हिस्सा जीडीपी के 26 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से भी अधिक) पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सेवा व्यापार तीव्रता निर्यात और आयात दोनों के मामले में चीन से कहीं अधिक है। हालांकि, जहां तक वस्तु व्यापार का संबंध है, भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में आयात अधिक होता है जबकि चीन में निर्यात की हिस्सेदारी अधिक है।

डीएचएल एक्सप्रेस के दक्षिण एशिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस सुब्रमण्यम ने कहा-हालांकि, वैश्विक स्तर पर जुड़ाव के मामले में भारत की रैंकिंग इसकी वर्तमान आर्थिक स्थिति को दर्शाती है। रिपोर्ट यह साफ करती है कि दुनिया आने वाले वर्षों में भारत की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में कई गुना वृद्धि देखने की उम्मीद कर सकती है।

### वैश्वीकरण 2022 में रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

पिछले दशक में कोविड –19 महामारी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध, अमेरिका–चीन व्यापार संघर्ष, और ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से अलग होना समेत वैश्विक झटकों की पूरी श्रृंखला के बावजूद वैश्वीकरण 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया और 2023 में उसी स्तर के करीब रहा। डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस ने नई डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट 2024 को आज जारी किया जिसमें यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्वीकरण की स्थिति और उसकी गति के बारे व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह दुनिया भर में व्यापार, पूंजी, सूचना और लोगों के प्रवाह की निगरानी करते हुए 181 देशों और क्षेत्रों में वैश्वीकरण की स्थिति को मापता है। रिपोर्ट के अनुसार मौजूद साक्ष्य इस धारणा को दृढ़ता से खारिज करते हैं कि वैश्विक प्रवाह की वृद्धि उलट गई है। व्यापार वृद्धि ने वैश्विक संपर्क या जुड़ाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार किए जाने वाले वैश्विक उत्पादन का हिस्सा 2022 में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर वापस आने में सफल रहा।

# सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक सोने के बदले दिए गए कर्ज की करे समीक्षा

- वित्त मंत्रालय ने बैंकों को पत्र लिखकर दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से सोने के आभूषणों के एवज में दिए गए कर्ज की स्थिति की समीक्षा करने को कहा है। कई मामलों में नियमों का अनुपालन नहीं होने की बात सरकार के सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को लिखे एक पत्र में उनसे स्वर्ण कर्ज से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा-हमने बैंकों से स्वर्ण ऋण कारोबार की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। इस संबंध में एक निर्देश पिछले महीने जारी किया गया था। उसमें उन्हें शुल्क और ब्याज के संग्रह और स्वर्ण ऋण खातों को बंद करने से संबंधित विसंगतियों को दुरुस्त करने की सलाह दी गई थी। इसमें जरूरी स्वर्ण गारंटी के बिना स्वर्ण कर्ज का वितरण, शुल्क संग्रह और नकद में भुगतान को लेकर विसंगतियां शामिल हैं। डीएफएस ने बैंकों से एक जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक पिछले दो साल की अवधि की गहन समीक्षा करने का आग्रह किया है।

### रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया 1.4 करोड़ रुपये का जुर्माना



**मुंबई।** आरबीआई ने बुधवार को कहा कि उसने कुछ नियामकीय मानदंडों का पालन नहीं करने को लेकर बैंक ऑफ इंडिया पर 1.4 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए निजी क्षेत्र के बंधन बैंक पर भी 29.55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना 'जमा पर ब्याज दर', 'बैंकों में ग्राहक सेवा', 'कर्ज पर ब्याज दर' और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है। इस बीच, रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड पर भी कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर 13.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950–50,150 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,300 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## ई-परिवहन को बढ़ावा देने को 500 करोड़ की योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा की। अप्रैल, 2024 से जुलाई, 2024 तक (चार महीने) के लिए चलने वाली इस योजना पर 500 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। नई परियोजना दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण (फेम-2) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ई-परिवहन संवर्द्धन योजना 2024 (ईएम पीएस 2024) की घोषणा की।

## सोने की कीमत में 400 रुपये और चांदी में 600 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 65,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 400 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,160 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 17 डॉलर कम है। गांधी ने कहा कि उम्मीद से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।

## केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से खरीद पर जीएसटी में 50% छूट

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से वस्तुओं की खरीद पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी पर 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। यह निर्णय एक अप्रैल 2024 से प्रभावी होगा। इस निर्णय से केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केन्द्रीय पुलिस संगठनों और राज्य पुलिस बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। गृह मंत्रालय देश की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस बलों के कर्मियों की कड़ी मेहनत को स्वीकार कर और उसका सम्मान कर पुलिसकर्मियों और उनके परिजन के कल्याण को बहुत महत्व देता है।

## लाभ की तलाश में खुदरा निवेशकों का आना चिंताजनक: नागेश्वरन

- मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एफएंडओ को लेकर जताई चिंता

मुंबई, एजेंसी



मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि वह तत्काल लाभ की तलाश में जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा निवेशकों की भागीदारी से 'चिंतित' हैं।

नागेश्वरन ने पूंजी बाजार नियामक सेबी और एनआईएसएम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि टिकाऊ पूंजी निर्माण और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा निवेशकों के नजरिए में 'अल्पकालिकता' का होना है और देश इस समय इस प्रवृत्ति की चपेट में है। उन्होंने बैंकों को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट समूहों को अनुमति देने पर हर बार होने वाले 'हंगामे' पर अफसोस जताते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत को कंपनी संचालन गतिविधियों की स्थिति पर विचार करने और अपने आचरण का विश्लेषण करने की जरूरत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पेटीएम फास्टैग को 15 मार्च से पहले बदल लें

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने और टोल प्लाजा पर असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। इससे यात्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या दोहरे शुल्क से बच सकेंगे। बयान में कहा गया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से संबंधित प्रतिबंधों पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के बाद पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं के पास 15 मार्च, 2024 के बाद अपने बैलेंस को रिचार्ज या टॉप–अप करने का विकल्प नहीं होगा। प्राधिकरण ने सभी पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं से देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिये तत्परता के साथ कदम उठाने का आग्रह किया है।

### 12.40 लाख मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक व्यक्ति और युगांडा की एक महिला को गिरफ्तार कर उनके पास से 12.40 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई से आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम ने मंगलवार दोपहर दोनों आरोपियों को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से पलास्पे की ओर एक ऑटो–रिक्शा में जाते हुए देखा था।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनेगा देश

### प्रधानमंत्री ने गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्रों की आधारशिला रखी

धोलेरा/गुवाहाटी, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी, जिनमें असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के खर्च पर बनने वाला केंद्र भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बन जाएगा।

गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर देश की क्षमता, प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझने तथा भारत के सेमीकंडक्टर सपनों को वास्तविकता में बदलने में विफल रहने का आरोप लगाया। इन तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों में दो गुजरात में और एक असम में है। मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत वादा करता है, तो उसे पूरा भी करता है। उन्होंने कहा कि चिप विनिर्माण असीम संभावनाओं के साथ विकास का द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री ने कहा-दो साल पहले, हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था और घोषणा की थी कि हम पहल करेंगे। कुछ ही महीनों में हमने 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए और आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। भारत वादा करता है, तो उसे भी पूरा करता है।

### मोदी ने की पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत


प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'पीएम–सूरज' राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत के मौके पर दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने कोविंद और मुर्मू की हार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश की। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पूछा–कोई कैसे कह सकता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है।

## बीजापुर में छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म अधीक्षिका निलंबित

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक सरकारी बालिका छात्रावास की छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद जिला प्रशासन ने छात्रावास की अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि 20 वर्षीय यह छात्रा पिछले 2-3 साल से अपने परिवार की सहमति से एक युवक के साथ रिश्ते में थी। बीजापुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बलिराम बघेल ने बताया कि गंगालूर इलाके में पोर्टा केबिन छात्रावास में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने मंगलवार रात पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बघेल ने बताया कि आज सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वह और अन्य अधिकारी छात्रावास और अस्पताल पहुंचे।

## हमारे बैंक खातों पर रोक लगाई गई खर्च करने के लिए पैसे नहीं : खरगे

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के पास पैसे की कमी होने का बुधवार को संकेत दिया और आरोप लगाया कि लोगों द्वारा दिया गया चंदा जिन बैंक खातों में जमा किया गया था, उनपर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है तथा आयकर विभाग ने पार्टी पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे देश में संविधान और लोकतंत्र को "बचाने" के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एक साथ मजबूती से खड़े हों और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें। खरगे ने चुनाव में समान अवसर की आवश्यकता पर जोर दिया और आरोप लगाया कि भाजपा ने आयकर विभाग का सहारा लेकर कांग्रेस के खातों पर रोक लगवाई और जुर्माना लगवाया है। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भाजपा चुनावी बॉण्ड के माध्यम से मिले हजारों करोड़ रुपये का खुलासा करने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, ''यह हमारी पार्टी का पैसा था जो आप लोगों ने चंदे के रूप में दिया था, उन्होंने इसे फ्रीज कर दिया है और हमारे पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं।

## सरकार ने दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण की परियोजनाओं के दो गलियारों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, ब्यूरोः** केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी दिल्ली के लोगों को दो मेट्रो लाइनों की सौगात दी है। पहली लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक तक तथा दूसरी इंद्रलोक से इन्द्रप्रस्थ तक होगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में दिल्ली में मेट्रो के चौथे चरण के तहत दो मेट्रो लाइनों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि पहली लाइन इन्द्रलोक से इन्द्रप्रस्थ के बीच होगी और इसकी लंबाई 12.377 किलोमीटर होगी तथा यह ग्रीन लाइन का विस्तार होगा। दूसरी लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगी जिसकी लंबाई 8.385 किलोमीटर होगी।

## मेडिकल शिक्षा के पाठ्यक्रम में योग होगा अनिवार्य

नई दिल्ली, ब्यूरो

### योग महोत्सव 2024 संपन्न

- आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा बोले

**अमृत विचारः** आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा ने कहा है कि प्राचीन संस्कृति से निकाला योग का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है और चिकित्सा के क्षेत्र में करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। इसीलिए मेडिकल कालेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में योग को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व आयोजित योग महोत्सव 2024 को संबोधित करते हुए कोटेचा ने कहा कि 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, जिसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लेने के लिए योग महोत्सव का आयोजन किया गया है। वहीं स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान विवि बेंगलुरु के कुलाधिपति डॉ. एचआर नागेंद्र, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज की डॉ. प्रसाद, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज, योग संस्थान मुंबई की निदेशक हंस जयदेव, डॉ. ईश्वर बसवा रेड्डी, डॉ.अंजना राजकुमार, डॉ.सुधा, मानसी, गीता शंकर एवं राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, पुणे की निदेशक डॉ. सत्यलक्ष्मी,, डॉ. खुशबू जैन ने भी विचार व्यक्त किए।

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले का मुख्य संदिग्ध एनआईए की हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मुख्य संदिग्ध को हिरासत में लिया है। एनआईए को यह सफलता संदिग्ध की तस्वीर साझा करने और सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद मिली। गत 01 मार्च को घटना वाले दिन संदिग्ध की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई थी, जिसमें वह कैफे के अंदर इडली की प्लेट ले जाता दिख रहा था। उसे कंधे पर रखे बैग के साथ देखा गया, जिसके अंदर आईईडी बम रखे होने का संदेह व्यक्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुख्य संदिग्ध की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है, जिसे बल्लारी जिले के चॉल बाजार इलाके से हिरासत में लिया गया है।

## प्रसार भारती की समाचार सेवा 'शब्द' आरंभ

- प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सेवा की ऑनलाइन शुरुआत की

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रसार भारती द्वारा सृजित की गई समाचार सेवा 'शब्द' का रिमोट दबाकर ऑनलाइन आरंभ किया है।

उनका दावा है कि शब्द समाचार सेवा के माध्यम से प्रसार भारती का देशव्यापी संचार नेटवर्क गांव-गांव तक सूचनाओं को पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से प्रसार भारती देश के अंतिम छोर में खड़े हुए व्यक्ति को समाचारों से लाभान्वित करता रहा है। अब "शब्द" नमक समाचार सेवा देश के हजारों समाचार पत्रों, मैगजीन,




चैनल एवं छोटे मीडिया समूहों को निशुल्क सेवाएं प्रदान करेगा।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि सूचना के क्षेत्र में शब्द नमक न्यूज़ प्लेटफार्म उन मीडिया घरानों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है जो आर्थिक संकट के चलते सूचनाओं के सीमित दायरे में बंधे हुए थे लेकिन अब उन्हें हिंदी सहित तमाम क्षेत्रीय भाषाओं में हर तरह के समाचार मिलेंगे। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि शब्द समाचार सेवा का शुभारंभ होने से प्रसार भारती का सूचना तंत्र और मजबूत हो गया है। इस मौके पर पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महा निदेशक मनीष देसाई, केंद्रीय संचार ब्यूरो के महा निदेशक धीरेंद्र ओझा, दूरदर्शन की महानिदेशक प्रिया कुमार, पीआईबी की महानिदेशक शेफाली शरण, इंडियन न्यूजपेपर समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## केंद्र ने केरल को 5,000 करोड़ रुपये कर्ज देने पर जताई सहमति

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह वित्तीय मुद्दों का सामना कर रहे केरल सरकार को कुछ शर्तों के अधीन 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की अनुमति देने को तैयार है। हालांकि, केरल सरकार ने 'बेहद खास और असाधारण उपाय' के तौर पर 5,000 करोड़ रुपये की उधारी लेने की छूट देने को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उसे कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने यह छूट देने का प्रस्ताव रखा है।

# नायब सिंह सैनी सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

चंडीगढ़, एजेंसी

### हरियाणा की सरगर्मी



हरियाणा की नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन ने करीब दो घंटे तक हुई चर्चा के बाद ध्वनि मत से विश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया।

सैनी ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक विश्वास मत पर मतदान से पहले सदन से बाहर चले गये। पार्टी ने अपने सभी 10 विधायकों को व्हिप जारी कर विश्वास मत पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के लिए कहा था। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विश्वास मत प्रस्ताव को ध्वनि मत से मतदान के लिए रखा, जिसे सैनी सरकार ने हासिल कर लिया। सदन में राज्य के पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज मौजूद थे। ध्वनि मत के दौरान जजपा के 10 विधायकों के अलावा इंडियन नेशनल लोकदल के एक मात्र विधायक भी सदन में मौजूद नहीं थे। कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्ष से गुप्त मतदान का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इससे इनकार कर दिया कि नियमों में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। इससे पहले, सैनी ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के लिए विश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर दो घंटे तक चर्चा हुई।

### सैनी के मुख्यमंत्री बनने को कोर्ट में चुनौती

हरियाणा में कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में बुधवार को चुनौती दी गयी। वकील जगमोहन भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि श्री सैनी ने संसद से इस्तीफा दिये बिना मुख्यमंत्री पद की शपथ ली जो जनप्रतिनिधि कानून, 1951 और संविधान का उल्लंघन है।

### खट्टर ने विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को करनाल विधानसभा सीट से इस्तीफा देने की घोषणा की। खट्टर ने यह घोषणा विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान की। उन्होंने कहा कि वह आज करनाल विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा क्षेत्र की देखरेख करें।

# ऐसा लग रहा है जैसे फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं: पंत

## 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार, बीसीसीआई ने आईपीएल के लिए किया था फिट घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

दुर्घटना में चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट घोषित कर दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा, जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा।

पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय बिताया। पंत ने कहा कि मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलना चमत्कार से काम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों तथा बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा कि मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी को लेकर उत्साहित हूं। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा समर्थन किया, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के परिवार और प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर बेताब हूं। बीसीसीआई ने पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया है और संभावना है कि वह यह दोनों भूमिका निभाएंगे। पंत ने भारत की तरफ से 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।



• मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होने वाले मैच में दिल्ली की करेंगे अगुवाई

### उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं : शमी



नई दिल्ली। मोहम्मद शमी के टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं और इस तेज गेंदबाज ने बुधवार को कहा कि वह उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी चोट से इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई टेस्ट शृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले महीने टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह आईपीएल में भी नहीं खेल पाएंगे। शमी ने अपनी तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, सभी को नमस्कार। मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट देना चाहता हूं। ऑपरेशन को 15 दिन हो गए हैं और हाल में टांके काट दिए गए। मैं इस प्रगति से खुश हूं और उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं।

# बुमराह की जगह अश्विन बने शीर्ष गेंदबाज

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

दुबई, एजेंसी



अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी हुई है।

अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर शृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। इस टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग पीछे हैं। यशस्वी जायसवाल (आठवें) और शुभमन गिल (20वें) भी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं। हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पाने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (आठवें) और हेनरी (11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे।

## खेल डायरी

### आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब



नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत दौरे के बाद स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा कि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

जेद्दा (सऊदी अरब), एजेंसी। सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था।

### बार्सिलोना और आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में

बार्सिलोना, एजेंसी। स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने नैपोली को 3-1 से हराकर अंतिम 8 में जगह सुरक्षित की। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1-1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4-2 के कुल योग से जीत हासिल की। बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज़, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल किए। नैपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया। बार्सिलोना दो वर्षों में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ा था। वह 2019-20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

### रचिन रवींद्र 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' से पुरस्कृत होने वाले बने सबसे युवा खिलाड़ी



क्राइस्टचर्च, एजेंसी। भारत में पिछले साल हुए विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते हैं। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से सम्मानित किया गया।

### अल्कराज क्वार्टर फाइनल में, सिनर की 18वीं जीत



इंडियन वेल्स, एजेंसी। कार्लोस अल्कराज ने फैबियन मारोज्सन से पिछली हार का बदला लेते हुए बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन यानिक सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता। अल्कराज पिछले साल इटालियन ओपन में हंगरी के खिलाड़ी से हार गए थे, लेकिन यहां उन्होंने सीधे सेटों जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच की लुका नार्डी के हाथों हार के बाद स्पेन के अल्कराज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अल्कराज का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद जीत हासिल की। सिनर ने बेन शेल्टन को हराकर लगातार 18वीं जीत हासिल की। इटली का यह खिलाड़ी 2024 की शुरुआत से लेकर अभी तक 15 मैच जीत चुका है।

# खिताब के लिए एक दिन और करना होगा मुंबई को इंतजार

## 42वां रणजी ट्राफी: विदर्भ की टीम ने चौथे दिन 5 विकेट पर 248 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी

करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा।

पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मुंबई की ओर से मिला। लेकिन उसके बल्लेबाजों ने चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट तक बल्लेबाजी की और वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिए और उसके पांच विकेट बाकी है। मुंबई की टीम ने पहले दो सत्र में दो-दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया।

वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई की टीम ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ की टीम के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।



• 538 रन का दुरूह लक्ष्य मुंबई ने रखा विदर्भ के सामने



# विदेशी बोर्ड से गठजोड़ पर रोक की तैयारी में लगा भारतीय बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

• 18 मार्च को होने वाली शीर्ष बैठक में बोर्ड इस मामले पर ले सकता है फैसला

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस पर 18 मार्च को बीसीसीआई की बैठक में फैसला होगा।

बीसीसीआई को इस फैसले के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी के लिए बातचीत की है। इसकी पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड से प्रस्ताव मिला है। सूत्र ने बताया कि राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं, लेकिन ऐसी साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की होगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है।

नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं।

# कुलदीप को एहसास था कि वह मेरा 700वां विकेट बनेगा: एंडरसन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास था कि वह उनका टेस्ट में 700वां विकेट बनेंगे। एंडरसन ने धर्मशाला टेस्ट में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके 700वां विकेट लिया था। एंडरसन यह उपलब्धि पाने वाले पहले और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि पाई।

एंडरसन ने कहा कि कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा, 'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे।



# शेफाली का अर्धशतक, गुजरात को हराकर दिल्ली फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी

शेफाली वर्मा के 37 गेंद में 71 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला लीग के मैच में बुधवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हराकर सीधे फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दिल्ली ने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन से गुजरात को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक दिया था। उसने 13.1 ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। रविवार को फाइनल में दिल्ली का सामना मुंबई और बंगलुरु के मैच के विजेता से होगा। दिल्ली की शेफाली ने 5 छक्के और 7 चौके लगाए। उसने सिर्फ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा रौड्रिग्स 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। इससे पहले गुजरात का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला गलत रहा और चौथे ओवर में उसके 12 रन पर दो बल्लेबाज आउट हो गए थे। कप्तान बेथ मूनी बिना खाता खोने काप की गेंद पर आउट हुई। भारती फुलमाली के 42 और कैथरीन ब्राइस की नाबाद 28 रन की पारी नहीं होती तो गुजरात का स्कोर और खराब होता। दक्षिण अफ्रीका की मरियाने काप, शिखा पांडे और मिन्नू मनी ने दो दो विकेट लिए। डी हेमलता (4) को जेस जोनासेन ने बोल्ड किया। लौरा वोल्वार्ट (7) को काप ने पवेलियन भेजा। पांचवें ओवर में गुजरात के तीन बल्लेबाज आउट हुए जब स्कोर 16 रन था। एशले गार्डनर (12) और फोबे लिचफील्ड (21) ने चौथे विकेट के लिए 23 रन जोड़े। मनी ने गार्डनर को आउट किया। नौवे ओवर में गुजरात का स्कोर 4 विकेट पर 39 रन था। मनी की गेंद पर राधा यादव ने लिचफील्ड का कैच लपका। 5 विकेट 11वें ओवर में 48 रन पर गिरने के बाद फुलमाली और ब्राइस ने 68 रन जोड़े।



### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स:** 126/9, लिचफ़ील्ड 21 (22 गेंद), भारती फूलमाली 42 (36 गेंद), कैथरीन ब्राइस 28* (22 गेंद)। **विकेट:** मैरिजेन कप्प 2, शिखा पांडे 2, मिन्नू मणि 2।

**दिल्ली कैपिटल्स:** 129/3, मेग लानिंग 18 (10 गेंद), शेफ़ाली वर्मा 71 (37 गेंद), जेमिमाह रॉड्रिग्स 38* (28 गेंद)। **विकेट:** तनुजा कंवर 2।

# बॉलीवुड हलचल

## सलमान को पसंद आयुष की फिल्म रुसलान



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता सलमान खान को अपने बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म 'रुसलान' का टीजर पसंद आया है। आयुष 2018 में लवयात्री और 2021 में सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में थे। आयुष अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आएंगे। सलमान खान ने इसका टीजर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही आयुष शर्मा समेत बाकी टीम को बधाई दी है। सलमान खान के पोस्ट के बाद आयुष शर्मा ने इस पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट में कहा, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया भाई। निर्देशक करण एल बुटानी ने भी सलमान को धन्यवाद दिया। करण ने कमेंट लिखा, आपके सपोर्ट और प्यार के लिए धन्यवाद सर। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


### अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला



मुंबई, एजेंसी। अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला रिलीज हो गया है। गीत के माध्यम से अंकुश राजा ने अवध की होली का बखान किया है और बताया है कि कैसे रामलला भी अवध में होली खेला करते थे। अंकुश राजा का यह होली गीत उनके अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल अंकुश राजा भक्ति पर रिलीज हुआ है। होली खेले रामलला में अंकुश राजा ने भगवान राम की रघुराई और अवध की होली को अपने गीत में प्रयोग कर पेश किया है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि होली में अलग-अलग तरह के गीत-संगीत का दौर चलता रहता है, लेकिन हमने इस बार रामलला के आगमन की खुशी में यह गीत बनाया है और हम उनके चरणों में समर्पित भी करते हैं। होली खेले रामलला के गीतकार छोटू रावत और संगीतकार रजनी रंगीला हैं। वीडियो आशीष सत्यार्थी का है। डीओपी संतोष यादव हैं।

## विवान ने परिजनों का जताया आभार

### जिन्होंने उन्हें भारतीय साहित्य की गहराई को समझाया



नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक शाह ने 'मोटली प्रोडक्शंस' नामक थियेटर ग्रुप में अथाह श्रम और समय निवेश किया है और उन्हीं के कारण रंगमंच में अनुशासन की अहमियत को विवान शाह अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें साहित्य से बेहद लगाव है और वे कहते हैं, "मेरे माता-पिता ने इस्मत चुग़ताई और मंटो की कहानियों का मंचन किया है और उनकी वजह से मैं भारतीय साहित्य की समृद्धता से परिचित हूं। प्रेमचंद मेरे पसंदीदा लेखक है और 'गुल्ली डंडा' उनकी सबसे मर्मस्पर्शी कहानियों में से एक है। 'कोई बात चले' जैसी शृंखला का हिस्सा होना और सीमा पाहवा के निर्देशन में काम करना भी मेरे लिए बेहद खुशी, सम्मान और आदर की बात थी। कहानी के कई किरदारों को बिना एक बड़े सेट के और बेहद नपी तुली आवाज़ के ज़रिए निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विवान को 'गुल्ली डंडा' के सूक्ष्मार्थ को उजागर करने में खासा आनंद मिला। उनका कहना है, प्रेमचंद उन बातों का बहुत सूक्ष्मता से वर्णन करते हैं जिन्हें हम अक्सर अनदेखा करते हैं। सीमा जी ने इस कहानी के कई आयामों को उजागर करने में मेरी मदद की और भाषा की विविधताओं के साथ न्याय करने में भी वो मेरी सहायक बनीं। विवान को कलाकार के रूप में यह अनुभव बहुत समृद्ध कर गया और वो कहते हैं, एक कहानी के मूल भाव को उजागर कर पाना आपके अभिनय कौशल में सुधार करता है और इस कहानी की सार्थकता को संवादित करना मेरे लिए बहुत ख़ास था। कहानी केवल दोस्ती के बारे में नहीं है बल्कि यह दिखाती है कि सामाजिक और आर्थिक अंतर किस प्रकार रिश्तों को प्रभावित करते हैं। उन्हें आशा है कि प्रेमचंद जो कहना चाहते थे, दर्शक उसे समझेंगे। वह कहते हैं, यह कहानी दिखाती है कि मानवता और सहानुभूति हमारे सर्वोपरि गुण होने चाहिए. पैसा या सामाजिक स्तर ही सब कुछ नहीं है। यह कहानी यह भी दिखाती है कि भारतीय साहित्य कितना समृद्ध और विविध है, और अगर अधिक लोग 'कोई बात चले' के माध्यम से इसे पढ़ें और खोजें तो बहुत अच्छा होगा।

### मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में अनूप जलोटा और उर्फी जावेद

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे' में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ इंटरनेट सनसनी और फैशन प्रभावकार उर्फी जावेद शिरकत करेंगे। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में अनूप जलोटा के साथ उर्फी जावेद का स्वागत किया जाएगा, जहां कॉमेडी-मीट-फैशन-मीट-म्यूजिक होगा। अपने 'एनिमल स्पूफ' के साथ मंच का संचालन करते हुए, कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके और गौरव दुबे फिल्म के किरदारों और संवादों को सबसे मजेदार ढंग से पेश करेंगे। साथ ही सभी कॉमेडियन अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ सभी को खूब हसाएंगे। केतन सिंह ने कहा, एनिमल स्पूफ के पहले भाग को पहले एपिसोड में खूब सराहा गया था और हमें विश्वास है कि भाग 2 एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लेगा और आपको जमकर हंसाएगा। जहां हमें किरदारों को चित्रित करने में बहुत मजा आया, हास्य का समावेश करते हुए फिल्म के सार को बनाए रखना काफी मांग वाला था।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी में जलवा बिखेरेंगी मानुषी और अलाया

मुंबई, एजेंसी। अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इसका गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। यह गाना अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया फर्नीचर वाला पर फिल्माया गया है। गाना विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी ने गाया है। म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं, कोरियोग्राफर बॉस्को सीजर हैं। फिल्म वासु और जैकी भगनानी के पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोडक्शन हाउस बनाया जा रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज और अलाया एफ हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

# शिमला में गिरे ओले, आज पहाड़ी हिस्सों में भारी बारिश और बर्फबारी के आसार



शिमला, एजेंसी

हिमाचल में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बता दें, बीते 24 घंटों के दौरान कुकुमसेरी में 8, गोंदला में 7, केलांग में 4 और कोठी व सांगला में एक-एक सेंटीमीटर बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है। राजधानी शिमला और आसपास के क्षेत्रों में शाम ढलते ही बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है।

## उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। गुरुवार को पहाड़ी हिस्सों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के उत्तरकाशी चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। 15 मार्च को भी कुछ जिलों में मौसम बदले रहने की संभावना है।

## स्पीति में जल संकट, कई किमी दूर मिल रहा पीने का पानी



बर्फबारी के बाद लाहुल स्पीति में पानी की कमी खलने लगी है। पेयजल लाइनें जाम हो गई हैं, लोगों को नदी किनारे और नालों से पानी ढोना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में ग्रामीण 5 से 7 किलोमीटर की सफर तय करके पानी लाने को मजबूर हैं। केलांग में भी हर साल की तरह इस साल भी बर्फ के बीच में लोगों को बाहर लगे नलों से कैन में उठाकर खुद लाना पड़ रहा है।

# रक्षा मंत्रालय ने उन्नत हेलीकॉप्टर खरीद के लिए एचएएल से किया अनुबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 8073 करोड़ रुपये के दो संयुक्त अनुबंध किए हैं। अनुबंध के तहत सेना भारतीय सेना और तटरक्षक बल के लिए 34 ध्रुव एमके-तृतीय हेलीकॉप्टर और अन्य उपकरणों का अधिग्रहण किया जाएगा। इस समझौते के तहत खरीदे जाने वाले हेलीकॉप्टरों में सेना को 25 और तटरक्षक बल को नौ हेलीकॉप्टर मिलेंगे।

सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पिछले सप्ताह इन दो खरीद परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि, हेलीकॉप्टर के अधिग्रहण के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 8073.17 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय सेना और भारतीय तटरक्षक बल के लिए स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बता दें, 34 ध्रुव एमके-तृतीय हेलिकॉप्टर सियाचिन ग्लेशियर और लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपना प्रदर्शन साबित कर चुका है। यह जल और थल दोनों के लिए उपयोगी है। ध्रुव एमके-3 का आईसीजी संस्करण समुद्री निगरानी, बचाव और सैनिकों के परिवहन के लिए भी डिजाइन किया गया है।

# जैविक, केमिकल हथियारों का दुरुपयोग रोकेगा एआई

*रिसर्च में एआई के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए दुनियाभर के 90 वैज्ञानिकों ने समझौता किया है। समझौते में सैन फ्रांसिस्को के हाई-प्रोफाइल एआई स्टार्ट-अप एंथोपिक के मुख्य कार्यकारी डारियो अमोदेई, नोबेल पुरस्कार विजेता जीव वैज्ञानिक फ्रांसिस अर्नोल्ड जैसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। इनका कहना है कि जीव विज्ञान के क्षेत्र में एआई का लाभ किसी भी संभावित नुकसान से अधिक होगा। अर्नोल्ड ने कहा कि, जैविक, केमिकल हथियारों में एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए समझौता हुआ है। आईए जानते हैं इसके बारे में...*

- नई एआई प्रौद्योगिकी जल्द ही अकुशल और आपराधिक लोगों की मदद कर सकती है, जो बड़े पैमाने पर जैविक हथियार और घातक जहरीले केमिकल बना सकते हैं। वैज्ञानिकों का नया समझौता एआई को गलत लोगों के हाथों में जाने से रोकने का प्रयास है। वैज्ञानिक सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एआई की मदद से किया अनुसंधान दुनिया को नुकसान पहुंचाए बिना आगे बढ़े।





## एआई बना रही कंपनियों में 7.61 लाख करोड़ का निवेश

एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। 2022 में एआई बनाने वाली 1400 कंपनियों में 92 अरब डॉलर (7.61 लाख रुपये) का निवेश हुआ, जो 2016 की तुलना में करीब दोगुना है।

- वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर प्रोटीन डिजाइन के निदेशक डेविड बेकर ने कहा, यह डीएनए निर्माण उपकरण जैव–हथियारों के विकास को आसान बनाएगा। वहीं, शिकागो यूनिवर्सिटी में जैव रसायन और आणुविक जीव विज्ञान के प्रो. राम रंगनाथन ने कहा, इन प्रौद्योगिकियों को कुछ लोगों या संगठनों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### भारत और भूटान खाद्य सुरक्षा समझौते को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने भूटान के स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा तथा मानक प्राधिकरण के बीच खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग से संबंधित एक समझौते को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। भूटान की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच कारोबार में सुगमता आएगी। भारत उत्पादों का निर्यात करते समय एक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेगा। इससे व्यापार में सुगमता को प्रोत्साहन मिलेगा और दोनों पक्षों के लिए अनुपालन लागत कम होगी।

### छत्तीसगढ़ में हथियार के साथ छह नक्सली गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने आज स्वचालित हथियार के साथ झारखंड के आधा दर्जन खुंखार नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक नग एके-47, कारतूस, नक्सली ड्रेस एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना पर जशपुर और बलरामपुर जिले की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की थी, जिससे बाद 6 हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि झारखंड से भाग कर वे जशपुर जिले में शरण लेने आए थे। फिलहाल पुलिस ने इन नक्सलियों को लेकर पूरे सरगुजा संभाग मे सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है।

### पटना के न्यायालय में ट्रांसफॉर्मर फटा, एक की मौत, कई घायल

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर एक पर ट्रांसफर्मर में आग लगने के बाद फट गया। विस्फोट में एक वकील की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया है कि, घटना में एक दिव्यांग अधिवक्ता दबीन्द्र प्रसाद मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक टाइपिस्ट और एक मुंशी आग में गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा कई अन्य लोग भी विस्फोट की चपेट में आए हैं। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### दहल ने अग्निपरीक्षा की पास, तीसरी बार हासिल किया विश्वास मत

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक बार फिर अग्निपरीक्षा पास कर ली और अब वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद से दहल ने तीसरी बार विश्वासमत हासिल किया। हाल ही में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से राजनीतिक रिश्ते खत्म कर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन–यूएमएल के साथ गठबंधन किया था। नेपाली संघीय संसद में बुधवार को प्रचंड के पक्ष में 275 में से 157 वोट पड़े, जबकि 110 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोटिंग की।

# राष्ट्रपति बाइडन-ट्रंप पार्टी चुनाव जीते, दोनों नेता फिर आमने-सामने


## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः 2020 में भी ट्रंप-बाइडन के बीच हुआ था मुकाबला

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक बार फिर जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच आमना-सामना होगा। सीएनएन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया है।

सीएनएन के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होगा। ट्रंप ने बुधवार की सुबह राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारी हासिल की है, जबकि बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव में जीत दर्ज करते हुए एक दिन पहले अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं ने बुधवार को जॉर्जिया, मिसिसिपी और वाशिंगटन में राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनावों में मतदान किया था। इससे पहले मंगलवार को डेमोक्रेट्स के प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान किया गया था।

बता दें कि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इससे पहले साल 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइड और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला हुआ था।



### किन राज्यों में विजेता बनकर उभरे बाइडन

वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन दूसरे कार्यकाल के लिए व्हाइट हाउस की रेस में हैं। आंतरिक चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी बाइडन अब तक चार राज्यों में जीत हासिल कर चुके हैं। न्यू हैंपशर, दक्षिणी कैरोलाइना, नेवाडा के साथ मिशिगन में भी बाइडन ने जीत दर्ज की है। बुधवार को जॉर्जिया और वॉशिंगटन में भी बाइडन ने जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति चुनाव में 2020 की तर्ज पर एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन के बीच मुकाबला होने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। गौरतलब है कि चार साल पहले साल 2020 में कराए गए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को मात मिली और इसके बाद देश के इतिहास में संभवतः पहली बार कैपिटल हिल पर जमकर उपद्रव हुआ।

### चुनाव हस्तक्षेप मामले में ट्रंप पर लगे कई आरोप खारिज



जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ कुछ आरोपों को न्यायाधीश ने खारिज कर दिया है, हालांकि अभियोग में कई अन्य आरोप बरकरार हैं। फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश ने आदेश में कहा कि छह मामलों को रद किया जाना चाहिए, जिसमें 2024 के संभावित रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप के खिलाफ तीन मामले भी शामिल हैं। लेकिन आदेश में अन्य आरोपों को बरकरार रखा गया है। न्यायाधीश ने लिखा है कि अभियोजक उनके द्वारा खारिज किए गए आरोपों पर नए केस शुरू करने की मांग कर सकते हैं।

# ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर

लंदन, एजेंसी

- **ब्रिटेन में डॉक्टरों की कमी होगी दूर भारत के नौ शहरों में होगा प्रशिक्षण**



ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए भारत से दो हजार चिकित्सक भेजे जाएंगे। इसके लिए भारत के नौ प्रमुख शहरों के बड़े अस्पतालों में प्रशिक्षण शुरू किए गए हैं। मुंबई, गुरुग्राम, नागपुर, इंदौर, चेन्नई, दिल्ली, कालीकट, बेंगलुरू और मैसुरू में चिकित्सकों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

एनएचएस के अनुसार, भारतीय चिकित्सकों को फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के तहत पहले बैच को प्रशिक्षण देगा। छह से बारह महीने की प्रशिक्षण के बाद इन चिकित्सकों को ब्रिटेन के अस्पतालों में नियुक्ति दी जाएगी। भारतीय चिकित्सक दो साल के लिए ब्रिटेन में नौकरी कर सकेंगे। एनएचएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि एनएचएस ही इन चिकित्सकों के लिए वीजा प्रदान करेगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले भारतीय पीजी चिकित्सकों के लिए सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि उन्हें पीएलएबी परीक्षा नहीं देना।

ब्रिटेन में काम करने के लिए यह अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा पास करना जरूरी होता है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में अभी लगभग 25 हजार डॉक्टरों की कमी है। ब्रिटेन में अभी 30 हजार से ज्यादा भारतीय चिकित्सक काम कर रहे हैं। फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के बाद आने वाले दस साल में भारतीय चिकित्सकों की संख्या दोगुनी होने की संभावना है। एनएचएस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत से आने आने वाले चिकित्सकों के लिए ब्रिटेन की प्रतिष्ठित साउथ वेल्स, बोल्टन और प्लेमाउथ यूनिवर्सिटी में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। एनएचएस ने ब्रिटेन के 23 वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो भारत में आकर पीजी डॉक्टरों को प्रशिक्षण देगी।

नागपुर के किंग्सवे अस्पताल, चेन्नई के सिम्स, गुरुग्राम के पार्क अस्पताल, फरीदाबाद के मेट्रो अस्पताल, कालीकट के एस्टर अस्पताल और इंदौर के अरबिन्दो अस्पताल में ट्रेनर ने डॉक्टरों को फाइनल कर दिया है। बता दें, ब्रिटेन के हेल्थकेयर की रीढ़, एनएचएस में प्रवासियों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीय डॉक्टरों की है। भारतीय डॉक्टरों ने कोरोना काल में बेहतरीन काम किया था।

## रूस की स्वतंत्रता को खतरा हुआ तो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेंगेः पुतिन



**मॉस्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर रूसी राज्य, संप्रभुता या स्वतंत्रता को खतरा होता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। बुधवार तड़के जारी रूसी राज्य टेलीविजन के साथ एक इंटरव्यू में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की परमाणु ताकतें इसके लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर विचार किया है, पुतिन ने जवाब दिया कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा और बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे, इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सौदे के लिए पश्चिम से ठोस गारंटी की आवश्यकता होगी।

## अग्नि युद्ध...



**बाली :** इंडोनेशिया के बाली के लेंबोक द्वीप में न्येपी दिवस के साथ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हुई। इस मौके पर अग्नि युद्ध की परंपरा 'पेरांग आपी' के तहत लोगों ने एक– दूसरे पर अंगार फेंके। बाली में मान्यता है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर रहती हैं और साल भर खुशहाली में बीतता है। वर्ष का पहले दिन आत्म चिंतन के लिए लोग उपवास और मौन व्रत भी रखते हैं। इसके अलावा पूरे बाली में अवकाश रहता है। ● एजेंसी

# एनसीसी का होगा विस्तार, रक्षा मंत्री ने दी पदों पर भर्ती को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- **देशभर में बढ़ती मांग होगी पूरी स्वीकृति के बाद विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन होगा एनसीसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राजनाथ सिंह ने तीन लाख पदों पर कैडेट की भर्तियों को भी मंजूरी दी है। मीडिया के मुताबिक, इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि 1948 में एनसीसी में केवल 20,000 कैडेट थे, जो अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या तक पहुंच गई है। इसी के साथ ही यह विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन बन जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया जा रहा है, इसलिए यह विस्तार देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

राष्ट्रीय कैडेट कोर विस्तार के इस विस्तार के दूरगामी प्रभाव से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरा जाएगा और इससे एनसीसी के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों की स्थापना और दो नई एनसीसी इकाइयों को शामिल करना शामिल है।

# श्रीलंकाः अवैध रूप से काम करने पर 21 भारतीय गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई अधिकारियों ने शिथिल पर्यटक वीजा मानदंडों का उल्लंघन करते हुए द्वीप राष्ट्र में अवैध रूप से एक ऑनलाइन विपणन केंद्र संचालित करने के आरोप में 21 भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 24 से 25 वर्ष की आयु के 21 भारतीय पुरुष (जो पर्यटक वीजा पर श्रीलंका में थे) को आव्रजन और प्रवासन विभाग ने मंगलवार को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच के बाद, विभाग ने नेगोंबो शहर में एक किराए के घर पर छापा मारा, जहां गिरफ्तार किए गए लोग एक ऑनलाइन मार्केटिंग केंद्र संचालित करते पाए गए। घर को एक कार्यालय स्थान में बदल दिया गया था जहां कंप्यूटर और अन्य उपकरण लगाए गए थे।

# जयशंकर की टिप्पणी के बाद चीन के बदले सुर, सीमा विवाद द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने कहा कि भारत अक्सर कहता है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। चीन-भारत सीमा मुद्दा पूरे द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। दोनों देशों को गलत निर्णय लेने से बचने के लिए आपसी विश्वास को बढ़ाना होगा।

गौरतलब है कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई दोनों सेनाओं के बीच झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में दरार आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी पर सवालों का जवाब देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि एलएसी पर सैनिकों की झड़प से हमारे लिए कोई फायदा नहीं हुआ। वांग ने कहा कि चीन ने कई बार इस बात पर जोर दिया है कि सीमा विवाद कभी भी पूरे चीन-भारत संबंधों को नहीं दर्शाता है। बता दें सोमवार को चीनी राजनयिक के सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इतनी अधिक सेनाएं नहीं होनी चाहिए।

# पशुओं को खिलाने वाले दानों की रोटी के भरोसे जी रहे गाजावासी

राफा, एजेंसी



इजराइल हमास में पांच माह से चल रहे युद्ध में गाजा की 95 फीसदी आबादी भोजन के संकट से जूझ रही है। वहीं, रमजान में भी संघर्ष विराम नहीं होने से फिलिस्तीनी लोग डर के साए में हैं। पहले से राहत सामग्री की कमी का सामना कर रहे लोगों के लिए रमजान में हालात और बदतर हो गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, गाजा में महंगाई आसमान छू रही है। चावल 1900 रुपये और मैदा 1500 रुपये किलो पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी के अनुसार, अधिकांश गाजावासी मवेशियों को खिलाए जाने वाले अनाज की रोटियां बनाकर खा रहे हैं। दिसंबर के बाद से हर रोज औसत सिर्फ 6 राहत ट्रक ही मिल रही है। युद्ध से पहले हर रोज गाजा में 500 ट्रकों की जरूरत होती थी। वहीं, कुपोषण के चलते गाजा में मरने बाले बच्चों की संख्या 27 हो चुकी है। राहत सामग्री की लगातार कमी के चलते चीजों के दाम आम गाजावासियों की पहुंच से बाहर हो गए हैं। मक्के का आटा 944 रु. किलो और जौ 734 रु. प्रति किलो मिलता है। गाजा के लोग इन्हें मिलाकर पिटा रोटी बनाते हैं। युद्ध से पहले चावल 165 रुपए किलो था, अब 1900 रु. प्रति किलो हो गया है। मैदा पहले 62 रु. किलो था जो अब 1500 रु. किलो में बिक रहा है।


विज्ञान | मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने कहा–वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी

# रहस्यमय ढंग से उबलने व घूमने लगा है बेटेल्गेयूज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** जीवन की अंतिम सांसे ले रहा तारा बेटेल्गेयूज ने वैज्ञानिकों को एक बार फिर उलझन में डाल दिया है। नए शोध के अनुसार अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में पहुचा यह विशाल तारा रहस्यमय ढंग से अब उबलने लगा है और बहुत तेजी से अपने आकार की तुलना में कहीं अधिक तेजी से घूमने भी लगा है।

बहरहाल इस बदलाव का वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी है। यह विशाल तारा दुनिया के वैज्ञानिकों के आकर्षण के केंद्र में है। मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक बेटेल्गेयूज पर नजर रखे हुए हैं। उनका कहना है कि बेटेल्गेयूज अत्यधिक गति से घूमता हुआ प्रतीत होता है। वास्तव में हिंसक रूप से उबलती इसकी सतह एक भ्रम भी हो सकता है। बेतेल्गेयूज पृथ्वी से 500 से 600 प्रकाश-वर्ष के बीच स्थित है। इसकी जांच पड़ताल के लिए अत्यधुनिक दूरबीनें लगाई गई हैं। मगर अभी कुछ परिणाम भर्मित करने वाले हैं। हमसे बहुत दूर होने की वजह से अभी स्पष्ट परिणाम सामने न आ रहे हों। मगर इतना कहा जा सकता है कि इस तारे में आने वाले बदलावों व अंत को लेकर वैज्ञानिक भविष्यवाणी कर सकते हैं। अब सिमुलेशन तकनीक के जरिए आगे का परीक्षण किया जाएगा। जिससे कुछ सार्थक नतीजे सामने आएंगे। सर्वविदित है बेटेल्गेयूज एक लाल महादानव तारा है, जो तब सुर्खियों में आया, जब इसकी चमक मंद पड़ने लगी थी। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि किसी तारे का अंत होते देखना कोई रहस्यमय फिल्म देखने जैसा है। इस तारे के अभी तक आए सभी परिणाम बेहद रोमांचक है।



बेटेल्गेयूज में लाल रंग में आये बदलाव व चमकीले रंग में पुरानी तस्वीर।

### पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले तारों में से एक है बेटेल्गेयूज

बेटेल्गेयूज पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले सितारों में से एक है। यह ओरियन बैल्ट का सदस्य है। जिस कारण इस तारे का अच्छी तरह से अध्ययन किया जा सकता है। अब यह अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में जा पहुचा है और कभी भी अंत हो सकता है। हम इसके अंत होने के गवाह बन पाएंगे? यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है। इस दिशा में वैज्ञानिक सटीक पूर्वानुमान लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

# जापान के पहले निजी उपग्रह में प्रक्षेपण के दौरान विस्फोट

टोक्यो, एजेंसी



जापान की एक कंपनी ने रॉकेट निर्माण के बाद अंतरिक्ष में दस्तक की योजना बनाई थी। हालांकि, काइरोस नाम के इस रॉकेट के प्रक्षेपण के तत्काल बाद जोरदार धमाका हुआ। बुधवार को प्रक्षेपण के चंद सेकेंड बाद हुए विस्फोट के कारण परियोजना अधर में लटक गई है।

जापान के सरकारी प्रसारक एनएचके के कैमरे पर काइरोस रॉकेट में धमारे की वीडियो फुटेज रिकॉर्ड हुई है। बता दें, इस रॉकेट की मदद से एक सरकारी उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने की योजना थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टोक्यो से शुरू हुआ स्टार्टअप- स्पेस वन उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने के मामले में देश की पहली निजी कंपनी बनना चाहती थी। हालांकि, हादसे के कारण अरमानों पर पानी फिर गया है। खबरों के मुताबिक बुधवार को 18 मीटर लंबा रॉकेट काइरोस ठोस ईंधन के साथ प्रक्षेपित किया गया।

पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रान्त से लॉन्च किए गए इस रॉकेट की मदद से एक छोटे सरकारी परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया जाना था। रिपोर्ट के मुताबिक प्रक्षेपण के चंद सेकेंड के बाद ही रॉकेट आग की लपटों में घिर गया। लॉन्च पैड के आसपास काले धुएं का गुबार देखा गया।